राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 163
लखनऊ, शुक्रवार 13 फरवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





धार्मिक स्थल पर तोड़फोड़ और आगजनी, एसपी ने की जांच-पड़ताल 03
प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क अभिकरण के अवशेष कार्य 31 मार्च से पूर्व कराएं पूर्ण : केशव 12


# नो मैपिंग : एक करोड़ नौ लाख मतदाताओं को नोटिस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 6 जनवरी को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची में नो मैपिंग से संबंधित 1 करोड़ 4 लाख मतदाता तथा तार्किक विसंगतियों से संबंधित 2 करोड़ 22 लाख मतदाता सहित 3 करोड़ 26 लाख मतदाताओं को नोटिस निर्गत किये जाने के क्रम में अब तक लगभग 1 करोड़ 9 लाख नोटिस निर्गत किये जा चुके हैं।

नोटिसों पर अधिसूचित प्राधिकारियों द्वारा सुनवायी केन्द्रों पर सुनवायी की प्रक्रिया गतिमान है। जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश है कि नो मैपिंग तथा तार्किक विसंगतियों की श्रेणी में आने वाले मतदाताओं के नामों की सूचियों प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी को उपलब्ध कराये जाने के साथ ही सूचियों को सार्वजनिक स्थलों जैसे-तहसील, पंचायत भवनों एवं वार्ड



**दस दिन के अन्दर सुधार के लिए जमा कर सकते हैं फार्म : रिणवा**

कार्यालयों इत्यादि पर प्रदर्शित किया जाये। सूचियां ऑनलाइन मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट तथा जनपदवार, विधान सभावार, बूथवार जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं, जहां इन्हें आसानी से देखा व डाउनलोड किया जा सकता है। मतदाता सहायता केन्द्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों को प्रत्येक कार्यदिवस में वर्ष 2003 की

### एसआईआर सम्बन्धित कार्यवाहियों में बाधा उत्पन्न होने पर होगी कठोर कार्रवाई

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिलाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में योजनाबद्ध रूप से अभिलेखों एवं आपत्तियों के सुरक्षित रख-रखाव तथा प्रभावित व्यक्तियों की सुनवायी हेतु पर्याप्त संख्या में कार्मिकों एवं सुरक्षा बल को तैनात किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है, जिससे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम में कानून और व्यवस्था का भली प्रकार से पालन हो और पूरी प्रक्रिया बिना किसी बाधा के संचालित हो सके। इन निर्देशों का किसी भी स्तर पर अनुपालन न करने या संबंधित प्राधिकारी द्वारा किसी कार्य में चूक या किसी कृत्य के कारण विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से सम्बन्धित कार्यवाहियों में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न होने पर कठोर कार्रवाई भी की जाएगी।

### मतदाताओं के प्रति संयमित मृदुभाषी व्यवहार के निर्देश

मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदाताओं की सुविधा हेतु जिला निर्वाचन अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक सुनवायी केन्द्र पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था की जाए। हेल्प डेस्क पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एवं नोटिस प्रक्रिया से भिन्न कार्मिक की ड्यूटी लगायी जाये। प्रत्येक हेल्प डेस्क पर बैनर भी लगाया जायेगा, जिसमें राज्य संपर्क केन्द्र एवं संबंधित जनपद के संपर्क केन्द्र के नम्बरों को भी प्रदर्शित किया जायेगा। हेल्प डेस्क पर नियुक्त कार्मिकों तथा बूथ लेवल अधिकारियों एवं सुनवाई हेतु अधिकृत समस्त अधिकारियों को निर्देशित कर दिया जाये कि मतदाताओं के प्रति उनका व्यवहार संयमित हो एवं वे मृदुभाषी रहें।

अन्तिम मतदाता सूची 6 जनवरी 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची के साथ नो मैपिंग एवं तार्किक विसंगतियों से संबंधित मतदाताओं की सूची तथा पर्याप्त मात्रा में फार्म-6, 7, 8 एवं घोषणा-पत्र सहित पूर्वाहन 10 से मध्याह्न 12 बजे तक उपस्थित रहने के भी निर्देश दिये गये हैं।

नो मैपिंग एवं तार्किक विसंगतियों से संबंधित मतदाताओं की सूची प्रदर्शित होने के दिनांक से 10 दिनों के अन्दर प्रभावित व्यक्ति अपने अभिलेख आपत्तियां, व्यक्तिगत रूप से अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि, जिसमें बीएलए सम्मिलित हो सकते हैं, के माध्यम से संबंधित बूथ लेवल अधिकारी अथवा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को जमा कर सकते हैं। सुनवाई केन्द्रों पर मतदाताओं की सुविधा हेतु पर्याप्त मात्रा में बैठने हेतु कुर्सी बैंच की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, बिजली, इण्टरनेट इत्यादि की व्यवस्था की जाए। नोटिस की सुनवाई हेतु ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, जिससे मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उनका समय व्यर्थ न किया जाये। इस हेतु एक निश्चित संख्या में ही मतदाताओं को सुनवाई स्थल पर बुलाया जाए। शहरी क्षेत्रों में कामकाजी दम्पत्तियों की संख्या अधिक होने के दृष्टिगत जनपदों में सुनवाई हेतु नियत स्थलों पर अवकाश के दिन भी सुनवाई की जाये, जिससे सुनवाई हेतु कामकाजी व्यक्तियों की सुविधानुसार उपलब्धता सुनिश्चित हो। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वरिष्ठ अधिकारियों मण्डलायुक्त रोल ऑब्जेवर, जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सुनवाई के लिए नियत स्थलों का औचक निरीक्षण कर समीक्षा किये जाने के भी निर्देश दिये गये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा नोटिस सुनवाई प्रक्रिया के दौरान यदि किसी व्यक्ति द्वारा सुनवाई हेतु अधिकृत अधिकारी अथवा बूथ लेवल अधिकारी से हिंसा दुर्व्यवहार का प्रकरण संज्ञान में आने पर उसे गम्भीरता से लेते हुए समुचित वैधानिक कार्यवाही किये जाने के भी निर्देश दिये गये हैं।


## 18 से 22 फरवरी तक भारत की यात्रा पर रहेंगे ब्राजील के राष्ट्रपति सिल्वा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

ब्राज़ील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर 18 से 22 फरवरी तक भारत की राजकीय यात्रा पर रहेंगे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रपति लूला 19 से 20 फरवरी के बीच दिल्ली में आयोजित होने वाले दूसरे एआई सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। भारत और ब्राज़ील के बीच द्विपक्षीय वार्ता का मुख्य दिन 21 फरवरी होगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु श्री सिल्वा की मेज़बानी करेंगी और उपराष्ट्रपति तथा कुछ अन्य गणमान्य व्यक्ति उनसे मुलाकात करेंगे।

राष्ट्रपति लूला के साथ एक मंत्रिस्तरीय और व्यापारी प्रतिनिधिमंडल भी होगा। प्रतिनिधिमंडल के साथ जुड़ने के लिये कई आयोजनों की योजना बनायी गयी है, जिससे भारत-ब्राज़ील के आर्थिक, तकनीकी और रणनीतिक रिश्ते और



मज़बूत होंगे। उनकी यह यात्रा बढ़ती भारत-ब्राज़ील रणनीतिक साझेदारी को दर्शाती है और ऐसे समय में हो रही है जब दोनों देश डिजिटल तकनीक, सतत विकास, व्यापार और नवाचार जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्राज़ील के राष्ट्रपति के आमंत्रण पर गत वर्ष जुलाई में ब्राज़ील की राजकीय यात्रा की थी। यह यात्रा दोनों देशों के बीच दोस्ती और भरोसे की भावना का प्रतीक थी जो लगभग आठ दशकों से ब्राज़ील-भारत रिश्तों की नींव रही है।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,58,550/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,45,350/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,18,950/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,95,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### कुक स्ट्रेट पार करने वाले एशिया के पहले दिव्यांग तैराक बने सत्येंद्र



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के गौरव, पद्मश्री से सम्मानित अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग तैराक सत्येंद्र सिंह लोहिया ने गुरुवार को विश्व की सबसे कठिन समुद्री तैराकियों में से एक न्यूजीलैंड के कुक स्ट्रेट को सफलतापूर्वक पार कर इतिहास रच दिया है। वे इस चुनौतीपूर्ण समुद्री मार्ग को पार करने वाले एशिया के पहले दिव्यांग तैराक बन गए हैं।

### भारत लौटे बिना भगोड़ा विजय माल्या को नहीं मिलेगी राहत

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने गुरुवार को अपने इस रुख को दोहराया कि वह भगोड़े कारोबारी विजय माल्या द्वारा दायर याचिका पर तब तक विचार नहीं करेगा, जब तक वह भारत वापस नहीं लौट आता। अदालत ने यह टिप्पणी माल्या की उस याचिका पर दी जिसमें उसने भगोड़े आर्थिक अपराधी अधिनियम (एफईओ) के प्रावधानों को चुनौती दी है। मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने कहा कि माल्या को पहले यह स्पष्ट करना होगा कि वह भारत लौटेंगे या नहीं।

### सिगरेट पीने पर पिता की डांट से आहत किशोर ने दी जान

**औरैया।** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में सदर कोतवाली क्षेत्र के सुरान मार्ग स्थित राहतपुर गांव में बुधवार रात एक हृदयविदारक घटना सामने आई। सिगरेट पीने को लेकर पिता की डांट से आहत होकर 16 वर्षीय किशोर ने करीब 15 फीट गहरे कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार राहतपुर निवासी राजा पुत्र चंदन दोहरे राजा रघुनंदन सिंह इंटर कॉलेज में हाईस्कूल का छात्र था। बताया जा रहा है कि वह कुछ साथियों की संगत में चोरी-छिपे सिगरेट पीने लगा था। बुधवार रात उसके पिता ने उसे सिगरेट पीते देख लिया और डांट-फटकार लगाई। इसी बात से नाराज होकर किशोर घर से निकल गया और पास ही स्थित कुएं में छलांग लगा दी। ग्रामीणों ने तत्काल यूपी-112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस और नारायणपुर चौकी पुलिस के साथ अग्निशमन दल मौके पर पहुंच गया। करीब आधे घंटे तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद किशोर को कुएं से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

# औद्योगिक संबंध संहिता संशोधन विधेयक पास

**अब कानून में न्यूनतम वेतन की गारंटी है, हमारे न्यूनतम मजदूरी से नीचे कोई राज्य मिनिमम वेज नहीं रख सकता : डॉ. मनसुख मांडविया**

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

'औद्योगिक संबंध संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026' को राज्यसभा ने भी गुरुवार को पारित कर दिया। इसके साथ राज्?यसभा की कार्यवाही शुक्रवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। यह विधेयक आज ही लोक सभा में पारित किया जा चुका है।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ने राज्?यसभा में औद्योगिक संबंध संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026



को विचार और पास करने के लिए में पेश किया था। मांडविया ने सदन में विधेयक पर चर्चा के दौरान बताया कि इस विधेयक का मकसद इंडस्ट्रियल रिलेशन कोड, 2020 में बदलाव करना है।

डॉ. मनसुख मांडविया ने सदन को बताया कि ट्रेड यूनियन अधिनियम 1926, औद्योगिक रोजगार (स्थायी आदेश) अधिनियम 1946 और औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 को मिला कर एक एक्ट बनाया गया था। उसमें कानूनी स्पष्टता के लिए ये अमेंडमेंट लाया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार के पास किसी एक्ट को निरस्त करने का अधिकार है। लेकिन भविष्य में कोई मुद्दा न बने, इसलिए इस अधिनियम में यह संशोधन लाया गया है।

उन्होंने विधयेक पर चर्चा के दौरान कहा कि कोई कहता है 12 घंटे काम करना होगा, 14 घंटे काम करना होगा। डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि अरे भाई! 12 घंटे का सवाल ही नहीं है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के प्रस्ताव के मुताबिक सप्ताह में 48 घंटे की ही शिफ्ट होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पहले सरकार मिनिमम मजदूरी की एडवाइजरी जारी करती थी। उसे मानना या नहीं मानना राज्य के अधिकार में था। अब कानून में न्यूनतम वेतन की गारंटी है, हमारे न्यूनतम मजदूरी से नीचे कोई राज्य मिनिमम वेज नहीं रख सकता। लोकसभा ने आज ही औद्योगिक संबंध संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026 को पारित कर दिया था, जिसका मकसद इंडस्ट्रियल रिलेशन कोड, 2020 में बदलाव करना है। इसके साथ ही संसद के दोनों सदनों से इस वि?धयेक को मंजूरी मिल गई है। राष?ट्रपति की मंजूरी के बाद यह विधयेक कानून बन जाएगा।

उल्लेखनीय है कि संसद से पारित औद्योगिक संबंध संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026 के उद्देश्यों और कारणों के विवरण के अनुसार औद्योगिक संबंध संहिता, 2020, ट्रेड यूनियन अधिनियम 1926, औद्योगिक रोजगार (स्थायी आदेश) अधिनियम, 1946 और औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 का स्थान लेगी, जो व्यापार यूनियनों, औद्योगिक इकाइयों में रोजगार और औद्योगिक विवादों से संबंधित है।

## केंद्र सरकार ने आंशिक रूप से चालू एक्सप्रेसवे पर टोल की दरें घटाई

**15 फरवरी से लागू होंगे नए नियम**

**एजेंसी, नई दिल्ली।**




केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग टोल शुल्क नियमों में संशोधन कर आंशिक रूप चालू राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे में टोल टैक्स की दरों को घटा दिया है। नए प्रावधान के तहत यदि कोई एक्सप्रेसवे पूरी तरह से चालू नहीं है और केवल आंशिक रूप से खुला है, तो उस पर टोल शुल्क राष्ट्रीय राजमार्ग की दरों के अनुसार कम दर पर लिया जाएगा। संशोधित नियम 15 फरवरी से लागू होंगे।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, वर्तमान में एक्सप्रेसवे पर टोल शुल्क सामान्य राष्ट्रीय राजमार्गों की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक लिया जाता है, क्योंकि ये नियंत्रित पहुंच वाले, तेज और सुगम यात्रा का अनुभव प्रदान करते हैं। लेकिन अब आंशिक रूप से चालू एक्सप्रेसवे पर यह शुल्क कम दर पर लिया जाएगा। मंत्रालय ने बताया कि इस संशोधन का उद्देश्य लोगों को खुले हुए हिस्सों पर यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित करना है, जिससे पुराने राष्ट्रीय राजमार्गों पर भीड़ कम होगी, लॉजिस्टिक्स और यात्रियों की आवाजाही तेज होगी और ट्रैफिक जाम से होने वाले प्रदूषण में कमी आएगी। केंद्र सरकार ने हाल ही में इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दर निर्धारण और संग्रहण) (संशोधन) नियम, 2026 को अधिसूचित किया है। यह नियम एक वर्ष तक लागू रहेगा या फिर तब तक जब तक संबंधित एक्सप्रेसवे पूरी तरह से चालू नहीं हो जाता, जो भी पहले हो।

### उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2026 पुरस्थापित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने विधानसभा के बजट सत्र 2026-27 के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2026 तथा उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक 2026 को सदन में पुरस्थापित (किसी विधेयक को विधानसभा में पेश करने की आधिकारिक प्रक्रिया किया। उच्च शिक्षा मंत्री ने विधानसभा में दोनों विधेयकों को प्रस्तुत करते हुए सदन से इन्हें पुरस्थापित करने की अनुमति प्रदान करने का आग्रह किया। प्रस्ताव पर सदन में मत व्यक्त कराया गया, जिसमें बहुमत से विधेयकों को पुरस्थापित करने की अनुज्ञा प्रदान की गई। मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार उच्च शिक्षा प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इन संशोधन विधेयकों के माध्यम से विश्वविद्यालयों के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक ढांचे को और सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सके।

### निपाह वायरस से देश में पहली मौत, 25 साल की नर्स ने तोड़ा दम



**एजेंसी, नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस से संक्रमित दो मरीजों में से एक मरीज की मौत हो गई है। देश में इस साल निपाह वायरस से यह पहली मौत है। गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्रालय ने मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि 11 जनवरी 2026 को पश्चिम बंगाल से रिपोर्ट किए गए निपाह सक्रमण के दो पॉजिटिव मामलों में से एक नर्स, जो गंभीर रूप से बीमार थीं और अस्पताल में गहन चिकित्सा देखभाल के तहत भर्ती थीं। 25 साल की महिला नर्स का बुधवार को उपचार के दौरान हृदयगति रुकने से निधन हो गया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार उन्हें आईसीयू में विशेषज्ञ निगरानी में रखा गया था। स्वास्थ्य विभाग के आवश्यक प्रोटोकॉल के तहत संपर्क में आए लोगों की निगरानी और अन्य एहतियाती कदम जारी हैं।

## भारत की सबसे बड़ी रक्षा डील को मंजूरी

**खरीदे जाएंगे 114 राफेल जेट व 6 पी-8आई एयरक्राफ्ट**

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत की रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने अपनी बैठक में 114 राफेल लड़ाकू विमानों और 6 पी-8आई एयरक्राफ्ट, समुद्री निगरानी विमान की खरीद को मंजूरी दे दी है।

यह भारत की अब तक की सबसे बड़ी रक्षा खरीद योजनाओं में से एक मानी जा रही है। चीन और पाकिस्तान की बढ़ती सैन्य चुनौतियों को देखते हुए भारतीय वायुसेना को आधुनिक, भरोसेमंद और तेज प्रतिक्रिया देने वाले लड़ाकू विमानों की जरूरत है। राफेल,



4.5.जनरेशन का अत्याधुनिक लड़ाकू विमान माना जाता है। डीएसी की मंजूरी के बाद यह प्रस्ताव कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी के पास अंतिम स्वीकृति के लिए जाएगा। 114 राफेल से भारतीय वायुसेना को 6-7 नए स्क्वाड्रन मिलेंगे। वायुसेना के पास वर्तमान में लगभग 30 स्क्वाड्रन हैं, जबकि जरूरत 42 स्क्वाड्रन की है। डीएसी की मंजूरी के बाद भारतीय नौसेना को 6 नए पी-8आई विमान भी मिलेंगे। यह विमान समुद्र में दुश्मन की पनडुब्बियों की निगरानी, लंबी दूरी की समुद्री गश्त और मल्टी-मिशन ऑपरेशन जैसे कार्यों में बेहद प्रभावी माने जाते हैं।

### दूरदर्शन की दिग्गज एंकर सरला माहेश्वरी का निधन



**एजेंसी, नई दिल्ली।** दूरदर्शन की पूर्व समाचार वाचिका सरला माहेश्वरी का गुरुवार को यहां निधन हो गया। उनके परिवारिक मित्र शम्मी नारंग ने यह जानकारी दी। माहेश्वरी 71 वर्ष की थीं और 1980 और 1990 के दशक में टीवी समाचार जगत के सबसे जाने-माने चेहरों में से एक थीं। उन्होंने 1976 से 2005 तक दूरदर्शन पर समाचार वाचिका के रूप में कार्य किया था। माहेश्वरी उस दौर में दूरदर्शन की जानी-मानी समाचार वाचिका थीं, जब प्रसारण पूरे दिन में कुछ ही घंटों तक सीमित था। नारंग ने एक्स और इंस्टाग्राम पर इस खबर की जानकारी देते हुए पोस्ट किया। नारंग ने कहा, दूरदर्शन में मेरी पूर्व सह-समाचार प्रस्तोता सरला माहेश्वरी के निधन की जानकारी देते हुए मुझे अत्यंत पीड़ा हो रही है।

## लेम्बोर्गिनी कार हादसे में कारोबारी के बेटे को राहत

**कानपुर, समृद्धि न्यूज।**

चर्चित लेम्बोर्गिनी हादसे मामले में आरोपी शिवम मिश्रा को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने शिवम मिश्रा की जमानत अर्जी स्वीकार करते हुए उसे जमानत दे दी है। कोर्ट में सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष की दलीलों और केस डायरी के अवलोकन के बाद न्यायालय ने जमानत मंजूर की। हालांकि, अदालत ने जमानत के साथ आवश्यक शर्तें भी लगाई हैं। आप को बता दें कि 8 फरवरी की रात कानपुर का पॉश इलाका ग्वालटोली उस वक्त दहल गया, जब तंबाकू किंग केके मिश्रा के बेटे शिवम मिश्रा की तेज रफ्तार लैंबॉर्गिनी ने 6 लोगों को रौंद दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक मोटरसाइकिल सवार हवा में 10 फुट ऊपर उछल गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए शिवम मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इस हाई-प्रोफाइल मामले में आज उस वक्त नया मोड़ आया जब शिवम का ड्राइवर मोहन कोर्ट पहुंचा। मोहन ने दावा किया कि गाड़ी वह चला रहा था और तकनीकी खराबी के कारण हादसा हुआ। हालांकि, कोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाते हुए ड्राइवर का सरेन्डर स्वीकार नहीं किया। अदालत ने स्पष्ट किया कि पुलिस रिकॉर्ड में मोहन का नाम वॉन्टेड की लिस्ट में नहीं है, इसलिए उसका आत्मसमर्पण स्वीकार नहीं किया जा सकता। शिवम के पिता और वकील दावा कर रहे हैं कि शिवम को मिर्गी के दौरे आते हैं और वह गाड़ी नहीं चला रहा था। लेकिन घटना के तुरंत बाद का एक वीडियो अब प्राइम एविडेंस बन चुका है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि ड्राइविंग सीट पर शिवम मिश्रा ही बैठा है। एक बाउंसर, जिसके हाथ में वॉकी-टॉकी है, शिवम को सीट से बाहर निकलने में मदद कर रहा है। गाड़ी में उस वक्त कोई दूसरा ड्राइवर मौजूद नहीं था।




**कोर्ट ने आरोपी को दी जमानत**

## भारत नैतिक व जिम्मेदार एआई के विकास में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध : धर्मेंद्र प्रधान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

भारत को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गुरुवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भारत बोधन एआई कॉन्क्लेव 2026 के दौरान आईआईएम लखनऊ में एआई आधारित नए शैक्षणिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भारत नैतिक और जिम्मेदार एआई के विकास में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि एआई को प्रबंधन शिक्षा, नवाचार और समाजोपयोगी कार्यों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। भारत की



**केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने आईआईएम लखनऊ में एआई कार्यक्रमों का किया शुभारंभ**

विशाल युवा शक्ति स्वदेशी एआई मॉडल विकसित कर वैश्विक स्तर पर योगदान दे सकती है।

आईआईएम लखनऊ के निदेशक प्रो. एम. पी. गुप्ता ने बताया कि ये कार्यक्रम प्रबंधन विशेषज्ञता और तकनीकी दक्षता का समन्वय प्रस्तुत करेंगे। इनका उद्देश्य तकनीकी नवाचार को व्यावसायिक रूप से उपयोगी बनाना और विकसित भारत/2047 के लक्ष्य को गति देना है। उन्होंने बताया कि संस्थान तीन प्रमुख पाठ्यक्रम शुरू करेगा, जिनमे चार वर्षीय बीएस इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड बिजनेस एनालिटिक्स, दो वर्षीय टेक एमबीए, तथा पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएस टेक एमबीए शामिल है। वहीं बीएस कार्यक्रम 2026-27 सत्र से प्रारंभ होगा, जबकि टेक एमबीए 2027-28 से शुरू किया जाएगा। आईआईएम लखनऊ का यह कदम डिजिटल इंडिया और इंडिया एआई मिशन जैसी राष्ट्रीय पहलों को मजबूती देगा।

**उपलब्धि** | भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करने वाला ऐतिहासिक घटनाक्रम

# भारत ने सीटीएफ 154 की संभाली कमान

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारतीय नौसेना ने हिंद महासागर क्षेत्र और उससे भी आगे समुद्री सुरक्षा और क्षमता निर्माण के लिए पहली बार बहुराष्ट्रीय संयुक्त कार्य बल (सीटीएफ) 154 की कमान संभाल ली है। इसे भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करने वाले एक ऐतिहासिक घटनाक्रम के रूप में माना जा रहा है। कमांड संभालने पर भारतीय नौसेना का मकसद उच्च प्रभावी प्रशिक्षण पहल प्रदान करना और शांति, समृद्धि एवं सुरक्षा के लिए वैश्विक समुद्री साझीदारी को मजबूत बनाना शामिल है।

मल्टीनेशनल कंबाइंड टास्क फोर्स संभालने वाले समारोह का आयोजन 11 फरवरी को बहरीन के मनामा स्थित संयुक्त समुद्री बल (सीएमएफ) मुख्यालय में हुआ, जिसकी अध्यक्षता अमेरिकी नौसेना के वाइस एडमिरल कर्ट रेनशॉ ने की। इस अवसर पर भारत के उप नौसेना प्रमुख वाइस एडमिरल तरुण सोबती और अन्य सदस्य देशों के वरिष्ठ सैन्य प्रमुख उपस्थित थे। इसी कार्यक्रम में इटली की नौसेना के कमोडोर एंड्रिया बिएली ने मल्टीनेशनल मैरीटाइम ट्रेनिंग टास्क फोर्स की कमान भारतीय नौसेना के कमोडोर मिलिंद मोकाशी को सौंप दी। वाइस एडमिरल रेनशॉ ने कहा कि कोमोडोर बिएली के नेतृत्व में सीटीएफ-154 की इटली की पहली कमांड के दौरान इस टास्क फोर्स ने बड़ी सफलता हासिल की है।



उन्होंने बताया कि अपने कार्यकाल के दौरान कोमोडोर बिएली ने सीटीएफ-154 के इतिहास का सबसे बड़ा और सबसे मुश्किल ऑपरेशन ऑपरेशन कंपास रोज़ V का नेतृत्व किया, जिसमें 22 देशों के लगभग 140 समुद्री सुरक्षा पेशेवर एक साथ आए। उन्होंने पूरे इलाके में 34 देशों के साथ मीटिंग और 19 प्रशिक्षण शिविर भी किए, जिसमें दक्षिणी क्षेत्र के ऑपरेशन्स में देशों को बेहतर तरीके से जोड़ने के लिए नई रणनीति लागू की गईं। बिएली ने केन्या में ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस की भी कमान संभाली, जो सीटीएफ-154 के लिए सबसे बड़ा प्रशिक्षण कार्यक्रम था, जिसमें रिकॉर्ड तोड़ 160 लोग शामिल हुए। यह सोमालिया कोस्ट गार्ड की पहली बार हिस्सेदारी पक्की करने के लिए भी खास कार्यक्रम था, जो इलाके की समुद्री सुरक्षा के लिहाज से बड़ा कदम था।

# भाई से विवाद के बाद युवक की रहस्यमयी मौत, गांव में हत्या की चर्चा से सनसनी

- सोशल मीडिया पर खबर वायरल हुई तो जागी पुलिस, सीने पर ईंट से वार की आशंका

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र के ग्राम कवेलपुर उर्रा में गुरुवार तड़के हुई एक युवक की संदिग्ध मौत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। मौत को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। कोई इसे भाई से विवाद के बाद अचानक बिगड़ी तबीयत बता रहा है तो कोई सीने पर ईंट से वार कर हत्या की आशंका जता रहा है। मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। ग्राम निवासी दीप पंडित ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उनके पिता राजू पंडित (पुत्र कालू पंडित) का 12 फरवरी 2026 की सुबह करीब चार बजे निधन हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए बहराइच भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार, बुधवार को मृतक का अपने भाई से किसी बात को लेकर तीखा विवाद हुआ था। इसके बाद रात में उसे सीने में तेज दर्द हुआ और उसने अपनी मां की दवा खाकर सो गया। सुबह उसकी मौत की खबर फैलते ही गांव में भीड़ जुट गई। इसी बीच गांव में यह चर्चा भी तेज है कि मृतक के सीने पर ईंट से वार किया गया था। हालांकि पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया शरीर पर किसी प्रकार के स्पष्ट बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि घटना संदिग्ध थी तो पुलिस को तत्काल सूचना क्यों नहीं दी गई? पुलिस को मामले की जानकारी तब हुई जब सोशल मीडिया पर खबर वायरल हुई। इसके बाद पुलिस सक्रिय हुई। फिलहाल गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस तैनात है। मामले की जांच जारी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# मिहींपुरवा में फर्जी आधार कार्ड का 'गोरखधंधा'

- रुपये मांगने पर महिला को घेरकर गालियों की बौछार, जान से मारने की धमकी
- बैंक के सामने दबंगई का नंगा नाच, वीडियो बनते ही खिसका आरोपित, प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



तहसील क्षेत्र में फर्जी तरीके से आधार कार्ड बनाने का कथित गोरखधंधा बेखौफ चल रहा है। पैसे ऐंठने के बाद जब एक महिला ने अपने रुपये वापस मांगे तो उसे सरेआम गालियां दी गईं, धमकाया गया और जान से मारने तक की धमकी दे डाली गई। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के पास दिनदहाड़े हुए इस हंगामे ने इलाके में दहशत और आक्रोश दोनों फैला दिए हैं। ग्राम पंचायत कौआभारी, कोतवाली मूर्तिहा निवासी सुधा देवी का आरोप है कि करीब दो माह पहले उन्होंने अपनी बेटी का आधार कार्ड बनवाने के लिए रुपये दिए थे। आरोपित नरेंद्र परशुराम निवासी बैवाही, जो पहले एचपी गैस एजेंसी पर कार्यरत था और एजेंसी से ब्लैकलिस्ट होने के बाद कथित तौर पर बाईपास आईडी के जरिए पिछले छह माह से फर्जी आधार कार्ड बनाने का काम कर रहा है, ने उनसे रकम ली थी। पीड़िता का कहना है कि दो महीने तक उसे बार-बार मिहींपुरवा बुलाया जाता रहा। न आधार कार्ड बना, न पैसा लौटाया गया।बृहस्पतिवार को जब महिला ने उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के पास अपने पैसे मांगे तो आरोपित चार लोगों के साथ पहुंच गया और बीच बाजार महिला को घेरकर अभद्रता करने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, गाली-गलौज करते हुए वह मारपीट पर उतारू हो गया और खुलेआम जान से मारने की धमकी दी। हैरानी की बात यह रही कि यह सब कथित तौर पर सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी में हुआ। स्थिति बेकाबू होती देख आसपास के लोगों ने हस्तक्षेप कर महिला को बचाया। इस दौरान कुछ लोगों ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया। वीडियो बनते देख आरोपित वहां से फरार हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा है कि आधार जैसे संवेदनशील दस्तावेज के नाम पर गरीब और अशिक्षित लोगों को निशाना बनाकर अवैध वसूली की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ऐसे लोगों पर शिकंजा नहीं कसा गया तो और भी लोग ठगी का शिकार हो सकते हैं। उपजिलाधिकारी रामदयाल ने कहा कि पीड़िता लिखित शिकायत दे तो जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अब देखना यह है कि प्रशासन इस कथित फर्जीवाड़े और खुलेआम हुई दबंगई पर कितनी तेजी से कार्रवाई करता है।

# जरवल ब्लॉक में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान तेज

## घर-घर कराया जा रहा है फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन

**जरवल, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत जरवल ब्लॉक में सामूहिक दवा सेवन अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में आशा, आंगनबाड़ी व स्वास्थ्य कर्मी घर-घर पहुंचकर लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिला रहे हैं, ताकि संक्रमण की श्रृंखला टूटे और नए मामलों को रोका जा सके। अभियान के लिए 510 स्वास्थ्य टीमें गठित की गई हैं, जो अपने सामने 2.88 लाख से अधिक लोगों को दवा खिलाना सुनिश्चित करेंगी। इसके लिए 43 सुपरवाइजर भी लगाए गए हैं। इसी क्रम में ग्राम तपेसिपाह में आशा कार्यकर्ता गुड़िया देवी को 1200 लोगों को दवा सेवन कराने की जिम्मेदारी मिली है। दो दिनों में वह 105 लोगों को दवा खिला चुकी हैं। वह पहले यह सुनिश्चित करती हैं कि कोई भी व्यक्ति खाली पेट न हो। गुड़िया बताती हैं कि जो लोग अन्य बीमारियों की दवा ले रहे हैं, उन्हें दो घंटे का अंतर रखकर दवा खिलाई जाती है। इसके लिए उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा प्रशिक्षित किया गया है और बताया गया है कि यह दवा गर्भवती महिलाओं, दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों व गंभीर रोगियों को छोड़कर सभी के लिए सुरक्षित है। दिन के समय कई छात्र, मजदूर, नौकरीपेशा और दुकानदार घर पर नहीं मिलते। ऐसे में उनके परिजनों को संदेश दिया जाता है कि संबंधित व्यक्ति घर लौटकर भोजन के बाद संपर्क कर दवा अवश्य सेवन कर ले। गुड़िया देवी दवा किसी को घर ले जाने के लिए नहीं देतीं और कहती हैं कि दवा उनके सामने ही खिलाई जाएगी, ताकि सही खुराक सुनिश्चित हो सके। अभियान के दौरान स्वास्थ्य टीम ने लोगों को यह भी बताया कि दवा सेवन के बाद हल्का बुखार या चक्कर आना सामान्य प्रक्रिया है, जो शरीर में मौजूद फाइलेरिया के सूक्ष्म कृमियों के नष्ट होने का शुभ संकेत है। दरअसल असली खतरा दवा न लेना है, क्योंकि एक संक्रमित व्यक्ति पूरे गांव को जोखिम में डाल सकता है। किसी भी समस्या के लिए उनसे संपर्क किया जा सकता है इसके लिए चिकित्सीय टीम भी मौजूद है। ग्राम तपेसिपाह में पहले से तीन फाइलेरिया मरीज चिन्हित हैं। इसे देखते हुए ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ रही है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. कुंवर रितेश का कहना है कि समय पर सामूहिक दवा सेवन से संक्रमण को फैलने से रोका जा सकता है।

## सारंग के हमले में दिव्यांग हुआ घायल

**5 लोगों ने भागकर बचाई जान**

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के दरगाह थाना क्षेत्र में सारंग के झुंड ने घर के बाहर बैठे लोगों पर अचानक हमला कर दिया। इस हमले में एक दिव्यांग युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि पांच अन्य लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महराजगंज ग्राम निवासी दर्शन नामक युवक ने बताया कि उसका दिव्यांग भाई दिनेश और गांव के पांच अन्य लोग घर के बाहर बैठे थे। तभी अचानक सारंग के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। अन्य लोग मौके से भागने में सफल रहे, लेकिन चलने में असमर्थ होने के कारण दिनेश झुंड की चपेट में आ गया और घायल हो गया। उसकी चीख सुनकर परिजन और अन्य ग्रामीण बाहर निकले।

# महसी एसडीएम के खिलाफ अधिवक्ताओं की हड़ताल

- 12 दिनों से तहसील का कामकाज प्रभावित, प्रदर्शन जारी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जिले की महसी तहसील में उपजिलाधिकारी आलोक प्रसाद के खिलाफ अधिवक्ताओं की हड़ताल और कार्य बहिष्कार लगातार जारी है। अधिवक्ता उन्हें तहसील से हटाने की मांग को लेकर पिछले 12 दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे तहसील का कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी आलोक प्रसाद पर मनमानी करने और समय पर कार्य न करने का आरोप लगाया है। उन्होंने उनकी कोर्ट का बहिष्कार कर दिया है और अब सड़कों पर उतरकर उन्हें हटाने की मांग करते हुए प्रदर्शन कर रहे हैं। इस हड़ताल के कारण तहसील में रजिस्ट्री सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्य भी बाधित हो रहे हैं।

अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष भारत मिश्र ने बताया कि उपजिलाधिकारी का व्यवहार अधिवक्ताओं के प्रति सम्मानजनक नहीं है। उन्होंने कहा कि इसी कारण सभी अधिवक्ता कार्य बहिष्कार कर रहे हैं। मिश्र ने स्पष्ट किया कि जब तक आलोक प्रसाद को महसी तहसील से नहीं हटाया जाएगा, उनका प्रदर्शन जारी रहेगा।

## खबरें एक नजर में

### कहीं सरकार के गले की फांस ना बन जाए यूजीसी नियम

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में सवर्ण समाज के लोगों द्वारा आयोजित एक बैठक में केंद्र सरकार की कुछ नीतियों को लेकर नाराजगी देखने को मिली। स्थानीय स्तर पर आयोजित इस सभा में समाज के प्रतिनिधियों ने अपनी विभिन्न मांगों और चिंताओं को खुलकर रखा। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि वर्तमान नीतियां समाज में विभाजन की स्थिति पैदा कर रही हैं और सरकार को इस दिशा में पुनर्विचार करना चाहिए। बैठक के दौरान कुछ वक्ताओं ने कहा कि यदि कथित 'काला कानून' को वापस नहीं लिया गया तो इसका राजनीतिक प्रभाव आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में देखने को मिल सकता है। उनका कहना था कि सरकार को सभी वर्गों के साथ समान व्यवहार करना चाहिए और किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। सभा में मौजूद कई लोगों ने सरकार से संवाद स्थापित कर समाधान निकालने की मांग की। हालांकि, इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि चुनाव से पहले विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा अपनी मांगों को लेकर सक्रियता बढ़ना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर वर्ग को अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन समाधान संवाद और संवैधानिक प्रक्रिया से ही संभव है। बैठक शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और अंत में समाज के प्रतिनिधियों ने सरकार तक अपनी बात पहुंचाने के लिए ज्ञापन सौंपने की बात कही। आने वाले समय में इस मुद्दे पर राजनीतिक हलचल तेज होने की संभावना जताई जा रही है।

### संदिग्ध अवस्था में कमरे में मिली युवक की लाश

**मां ने लगाया हत्या का आरोप**

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के पथवलिया पोर्टर गंज निवासी 22 वर्षीय अनमोल उर्फ कृष्ण मोहन चौबे पुत्र सावली प्रसाद चौबे की लाश संदिग्ध अवस्था में कमरे मिली है। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। मृतक युवक के मां शारदा देवी ने बताया कि बीते 24 जनवरी को उस का पुत्र अनमोल उर्फ कृष्ण मोहन ने अपने पिता और उस से झगड़ा कर लिया था जिस से हमारे पति हम ने घर को छोड़ कर वही थोड़ी दूर पर रह रहे अपने दामाद के घर पर रहने लगी थी । उस ने बताया कि उस की आठ पुत्री है।जिन का शादी कर दिया है। एक लौता पुत्र अनमोल था। उस ने हत्या करने का आरोप लगाया है। उस का कहना है कि उस के पुत्र की हत्या करने के बाद उस के शव को चार पाई पर लेटा दिया गया है । मृतक के जीजा सत्य प्रकाश ने ही उस के मरने की सूचना पुलिस को दिया है। सत्य प्रकाश ने बताया कि आसपास के लोगों ने बताया कि अनमोल उर्फ कृष्ण मोहन चौबे के घर से गंध आ रही थी। दरवाजा अंदर से बंद था जिस की सूचना नगर कोतवाली को दी गई।मौके पर नगर कोतवाल विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी पहुंच गए ।दरवाजे को तोड़ा गया। शव चारपाई पर पड़ा हुआ था। मौके पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा दिया। मृतक का पैतृक निवासी राजा पुर कलंदर में है। काफी दिनों से माता पिता के साथ पथवालिया में रहता है। किसी बात को लेकर विवाद हो गया था।जिस से उस की मां और पिता ने घर को छोड़ दिया था।

### साइकिल सवार भट्ठा मजदूर को टैंकर ने कुचला, हुई मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के अयोध्या हाइवे मार्ग




स्थित मल्थुवा ग्राम के पास बुधवार की देर शाम करीब 6 बजे एक साइकिल सवार मड्डा मजदूर को पीछे से टैंकर ने टक्कर मारते हुए कुचल दिया जिस से उस की बुरी तरह से मौत हो गई। मौके पर दर्जी कुआं की पुलिस पहुंच गई। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के हारी पुर महराज टोला निवासी 55 वर्षीय नारायण दत्त मिश्रा पुत्र जग प्रसाद मिश्रा मलथुवा ग्राम में एक भट्टे पर काम करता था। बुधवार के दिन काम खत्म करने के बाद वापस साइकिल से घर जा रहा था। अयोध्या की तरफ से जा रही टैंकर ने उस को पीछे से टक्कर मारते हुए कुचल दिया जिस उस की बुरी तरह से मौत हो गई। मौके पर काफी लोगों की भीड़ इक्कठा हो गई। हाइवे पर जाम लग गया। मौके पर दर्जी कुआं चौकी की पुलिस पहुंच गई। सड़क पर खड़ी भीड़ को हटाया। मृतक की पहचान करा के उस के घर वालो को सूचना दिया।शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजवा दिया। मृतक नारायण दत्त मिश्र काफी दिनों से भट्टे पर काम करता था। प्रति दिन देर शाम को काम खत्म कर के घर जाता था। बुधवार की देर शाम को घटना घट गई। उस के मृत्यु की सूचना घर पर मिलते ही कोहराम मच गया।

# तीन शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, 10 बाइक बरामद

**बहराइच समेत लखनऊ-लखीमपुर के अलग अलग क्षेत्रों से उड़ाई थी बाइक**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले की भारत-नेपाल सीमा पर पुलिस ने तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की दस मोटरसाइकिलें बरामद हुई हैं। ये चोर भारतीय क्षेत्र से वाहन चुराकर उन्हें नेपाल में बेच देते थे। रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश रावत ने बताया कि उप निरीक्षक दीनानाथ भास्कर, राहुल सरोज, आरक्षी अभिषेक राय और रविंद्र यादव पचपकड़ी तिराहा से कुछ दूरी पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन युवक आते दिखे। पुलिस टीम ने उन्हें रोककर वाहन के कागजात मांगे, लेकिन वे कोई दस्तावेज नहीं दिखा सके। पूछताछ करने पर तीनों ने बताया कि बाइक चोरी की है। हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने सीमा से लगे चकिया जंगल में चोरी के अन्य वाहन छिपाकर रखने की बात कबूली। पुलिस टीम ने तत्काल छापेमारी कर मौके से चोरी की नौ अन्य मोटरसाइकिलें भी बरामद कीं। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि पकड़े गए युवकों की पहचान शाहरूप खान, अरमान खान और नफीस खान के रूप में हुई है।

# विद्यालय से विमुख बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ें शिक्षक : आशीष कुमार सिंह

- तीन दिवसीय आउट ऑफ स्कूल मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ




**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह तथा वित्त एवं लेखा अधिकारी वीरेश कुमार वर्मा ने राजकीय इंटर कॉलेज बहराइच के प्रशिक्षण हाल में 12 फ़रवरी से 14 फ़रवरी तक तीन दिवसीय आउट ऑफ स्कूल बच्चों के मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन मां सरस्वती के दीप प्रज्जवलित करने के साथ किया गया। प्रशिक्षण प्रारंभ करने के पूर्व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने कहा कि सभी शिक्षक जो बच्चे विद्यालय से आउट ऑफ हैं उनको शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़े तथा उनके सर्वांगीण विकास करें कोई भी बच्चा विद्यालय से वंचित न रहे। अपने संबोधन में वित्त एवं लेखा अधिकारी वीरेश कुमार वर्मा ने कहा कि ऐसे बच्चे जो विद्यालय से विमुख हैं उनके लिए शासन द्वारा प्रति बच्चा 838 रूपये खाते में भेजा जाएगा। जिससे उनको कॉपी, पेंसिल बैग आदि मिल सके और वह पढ़ाई कर सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता आशुतोष कुमार सिंह,निर्माण समन्वयक राकेश कुमार सिंह अतुल सिंह ने किया । राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर व जनपदीय प्रशिक्षक राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि प्रत्येक विकास खण्ड से पांच- पांच शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया। अब यही प्रशिक्षित शिक्षक अपने ब्लॉक के शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे तथा वही शिक्षक जो बच्चे विद्यालय से आउट ऑफ हैं उनको शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने का काम करेंगे तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेंगे। प्रशिक्षण प्रदान करने वालों में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर व प्रशिक्षक राजेश कुमार मिश्र, डायट प्रवक्ता रमेश कुमार, गोविंद किशोर,रामपाल वर्मा आदि ट्रेनर ने प्रशिक्षण दिया, तथा इस प्रशिक्षण में अतुल त्रिपाठी, हरीराम यादव, राजकुमार पांडेय, रमेश द्विवेदी, मनोज सविता, मृत्युंजय शुक्ला, क्षमा चौहान, विनोद त्रिपाठी, रमेश पाठक, श्रवण मिश्रा,राम प्रहलाद आदि शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# डीएम ने विकास खंड बलरामपुर सदर का किया औचक निरीक्षण

- अभिलेख अद्यतन व योजनाओं की प्रगति पर दिए सख्त निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।**



जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने विकास खंड बलरामपुर सदर का औचक निरीक्षण कर विभिन्न पटलों के कार्यों, अभिलेखों एवं संचालित योजनाओं की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में रखे विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन करते हुए सभी अभिलेखों को नियमित रूप से अद्यतन किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही पुरानी एवं निष्प्रयोज पत्रावलियों का समयबद्ध तरीके से बीड आउट कर कार्यालय व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने पेंशन योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त ऑनलाइन आवेदन पत्रों की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्धारित समयावधि के भीतर सभी आवेदनों पर रिपोर्ट लगाकर पात्र लाभार्थियों को शीघ्र लाभान्वित किया जाए। इस दौरान उन्होंने विकास खंड परिसर में संचालित आधार केंद्र का भी निरीक्षण कर सेवाओं की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने मनरेगा सेल का भी अवलोकन किया और कन्वर्जेंस से बनाए जा रहे नए आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्यों में धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा के अभिलेखों के रखरखाव एवं कार्यों के प्रति लापरवाही पाए जाने पर मनरेगा के लेखा सहायक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर की संविदा समाप्त कर नए कर्मियों की नियुक्ति किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी ग्राम सचिवों को निर्देशित किया जाए कि नए आंगनबाड़ी केंद्रों एवं अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा में तीव्र गति से पूर्ण कराया जाए। सहायक विकास अधिकारी पटल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विशेष अभियान चलाकर परिवार रजिस्टर को अद्यतन करने तथा प्रत्येक परिवार को परिवार रजिस्टर की नकल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए शून्य लंबित (जीरो पेंडेंसी) सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत चल रही नोटिस सुनवाई की प्रगति का भी जायजा लिया तथा पारदर्शी एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# कटरा बाजार पुलिस की ईमानदारी से महिला का खोया पर्स लौटा, लाखों की संपत्ति सुरक्षित

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** थाना कटरा बाजार पुलिस की सतर्कता और ईमानदारी का एक सराहनीय उदाहरण सामने आया है। बुधवार को अजय श्रीवास्तव पुत्र संतोष श्रीवास्तव, निवासी थाना हुजूरपुर, अपनी पत्नी के साथ ससुराल उतरौला जनपद बलरामपुर जा रहे थे। रास्ते में कस्बा कटरा बाजार क्षेत्र में उनकी पत्नी का पर्स गिर गया। पर्स में करीब तीन हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवरात रखे थे, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 60 हजार रुपये बताई जा रही है। पर्स मिलने पर थाना कटरा बाजार में तैनात कांस्टेबल नागेन्द्र कुमार यादव और वार्ड संख्या-11 निवासी संजय पुत्र अमरनाथ ने ईमानदारी का परिचय



देते हुए उसे सुरक्षित पुलिस के सुपुर्द किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पर्स के वास्तविक मालिक का पता लगाकर पूरा सामान सकुशल वापस कर दिया। अपना खोया हुआ सामान वापस पाकर दंपति के चेहरे पर खुशी लौट आई। उन्होंने थाना कटरा बाजार पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए उनकी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की ।

# दीनी और दुनियावी शिक्षा दोनों जरूरी : उलेमा



**उतरौला (बलरामपुर)।** बुधवार की रात नगर स्थित अल जामियातुल गौसिया अरबी कॉलेज के प्रांगण में आयोजित तजल्लियाते शाह-ए-जीलां कॉन्फ्रेंस व सालाना जलसा धार्मिक और शैक्षिक वातावरण के बीच सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मदरसा प्रबंधक अयाज मुस्तफा खान ने की, जिसमें हाफिज, कारी, फाजिल, आलिम और मुफ्ती समेत कुल 32 छात्रों की दस्तारबंदी कर उन्हें औपचारिक रूप से दीनी तालीम से फारिग घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ हाफिज मोहम्मद फरहान की क़िरात से हुआ। इसके बाद मदरसा प्रबंधक अयाज मुस्तफा खान, प्रधानाचार्य मौलाना बैतुल्लाह, मुफ्ती मसीहुद्दीन हशमती सहित उलेमाओं ने छात्रों को अमामा व जुब्बा पहनाकर प्रमाण-पत्र प्रदान किए। आगंतुक आलिम-ए-दीन का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। वहीं शिक्षक मोईन सिद्दीकी को 'सर्वश्रेष्ठ शिक्षक' पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता मुरादाबाद से आए मुफ्ती हम्माद रज़ा ने कहा कि दस्तारबंदी केवल सम्मान नहीं बल्कि जिम्मेदारी का प्रतीक है।

अब ये छात्र समाज में धार्मिक मार्गदर्शन देने की भूमिका निभाएंगे। उन्होंने दीनी शिक्षा के साथ आधुनिक शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि धार्मिक ज्ञान व्यक्ति के चरित्र निर्माण का आधार है, जबकि दुनियावी शिक्षा समाज और देश की सेवा का माध्यम बनती है। उन्होंने युवाओं को समय का सदुपयोग करने, सोशल मीडिया से दूरी बनाकर अध्ययन पर ध्यान देने की नसीहत दी।

## अगर आपके मकान में हैं अतिरिक्त कमरे तो उससे करिये कमाई

**जनपद गोण्डा के मकानमालिकों के लिए सुनहरा अवसर**

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश में तेजी से बढ़ रहे पर्यटन के साथ-साथ आवासीय सुविधाओं की मांग भी लगातार बढ़ रही है। इस परिप्रेक्ष्य में जनपद गोण्डा के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों के लिए अतिरिक्त आय अर्जित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध हुआ है। अपने मकान के अतिरिक्त कमरों को पर्यटकों के लिए उपलब्ध कराकर लोग अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए पर्यटन विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति–2025 लागू की गई है, जिसमें पंजीकरण प्रक्रिया को सरल एवं सुलभ बनाया गया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने कहा है कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक लोग इस नीति से जुड़ें, जिससे उन्हें रोजगार एवं अतिरिक्त आय के अवसर प्राप्त हों और साथ ही प्रदेश में पर्यटकों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

**बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति—2025**

यह नीति उन लोगों के लिए एक बेहतरीन अवसर है, जो अपने घर के कुछ हिस्से या अतिरिक्त कक्ष पर्यटकों को किराए पर देना चाहते हैं। इस योजना के माध्यम से न केवल अतिरिक्त आय का स्रोत सृजित होगा, बल्कि सरकार द्वारा विभिन्न रियायतें, प्रशिक्षण तथा प्रचार-प्रसार की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। **नीति के अन्तर्गत पात्र इकाइयां, शहरी होमस्टे**-ऐसे आवासीय भवन, जिनमें भूस्वामी स्वयं निवास करता हो एवं उसके पास अपने उपयोग के बाद अतिरिक्त कक्ष उपलब्ध हों। अधिकतम 06 कक्ष (कुल 12 बेड) पर्यटकों के लिए उपलब्ध कराए जा सकते हैं।

## संजीव कुमार चौधरी का गृह मंत्रालय में चयन, क्षेत्र का नाम किया रोशन


**बलरामपुर।** तुलसीपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम नेवलगढ़ के होनहार युवा, संजीव कुमार चौधरी ने अपनी सफलता से क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

## सूचना

मेरा नाम मोहम्मद अहमद खान पुत्र उस्मान खान है और कस्बा नानौता निकट मस्जिद Jabdan छत्ता सहारनपुर का निवासी हूं मेरी अपनी एक प्रॉपर्टी है उसकी पीछे की चेन में 1 बैनामा जो अब्बास पुत्र इनामुल्लाह ने जाहिद पुत्र अब्दुल वाहिद को बेचा था रकबा 0.0251 हेक्टे. उसका खसरा नं.1625/3 का है जो कस्बा नानौता बैरुन हदूद में स्थित है और दि. 26.7.2007 को दस्तावेज नंबर 8289 पर देवबंद तहसील सहारनपुर में रजिस्टर्ड है।

# ओडीओपी योजना से 3.16 लाख लोगों को मिला रोजगार : राकेश सचान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश विधान सभा बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान ने समाजवादी पार्टी के विधायक आशु मलिक और अताउर रहमान के प्रश्नों को उत्तर देते हुए सदन को अवगत कराया कि 'एक जनपद एक उत्पाद' (ओडीओपी) योजना प्रदेश की अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक बदलाव का माध्यम बनकर उभरी है। वर्ष 2018 में प्रारंभ की गई इस पहल ने पारंपरिक कारीगरों और स्थानीय उत्पादों को न केवल नई पहचान दी, बल्कि उन्हें बाजार, प्रशिक्षण और वित्तीय संबल भी उपलब्ध कराया। सरकार की ओर से अब तक एक लाख 31 हजार कारीगरों को निःशुल्क प्रशिक्षण एवं टूल किट प्रदान की जा चुकी है। योजना के अंतर्गत कारीगरों को मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना के तहत पांच लाख रुपये तक की सुरक्षा भी दी जा रही है।

एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शुरू हुई इस योजना ने प्रदेश के पारंपरिक कारीगरों और उत्पादकों को नई पहचान दी है। यह योजना परंपरागत उत्पादों को प्रोत्साहन देने, कारीगरों को प्रशिक्षण, टूल किट और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रभावी रूप से संचालित हो रही है। उन्होंने बताया कि सहारनपुर जनपद में 2275 कारीगरों को उन्नत टूल किट उपलब्ध कराई गई, जबकि 454 हस्तशिल्पियों को 16.26 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी वितरित की गई। उन्होंने बताया कि आर्थिक दृष्टि से भी ओडीओपी योजना ने उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। वर्ष 2017-18 में प्रदेश का निर्यात 86 हजार करोड़ रुपये था, जो बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इसमें लगभग 50 प्रतिशत योगदान ओडीओपी एवं हस्तशिल्प उत्पादों का बताया गया है। वर्ष 2018 से अब तक इस योजना के माध्यम से तीन लाख 16 हजार लोगों को रोजगार मिला है। वित्तीय प्रतिबद्धता भी इस योजना के प्रति सरकार की गंभीरता को दर्शाती है। पिछले बजट में 145 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था, जिसमें से 135 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी वितरित की जा चुकी है। चालू वित्तीय वर्ष में इसे बढ़ाकर 200 करोड़ रुपये कर दिया गया है। साथ ही प्रदेश के 79 उत्पादों को जीआई टैग प्राप्त होने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रांडिंग को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि ओडीओपी केवल आर्थिक योजना नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक पुनर्जागरण का अभियान है। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से कारीगरों को स्वास्थ्य सुरक्षा और शिक्षा सुविधाओं से भी जोड़ा गया है। इसके साथ ही 'वन डिस्ट्रिक्ट वन व्यंजन' जैसी नई पहल स्थानीय पहचान को और व्यापक मंच देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही हैं।

## उप्र बजट : 12 लाख करोड़ से अधिक यूपी में आया निवेश, 15 लाख से अधिक लोगों को मिला रोजगार

उत्तर प्रदेश विधानसभा बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान समाजवादी पार्टी की सदस्य डॉ. रागिनी के सवाल पर औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी ने जवाब दिया। सवाल करने वाली सदस्य ने सरकार के उत्तर से असहमति जताई तो संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने उत्तर दिया। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया निवेश में तीन स्टेज होती है। पहली स्टेज एमओयू, फिर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी और उसके बाद धरातल पर उतारने की बारी आती है। निवेश के लिए जो आता है वह हर प्रकार से तैयारी करता है। खोजबीन करता है। कानून व्यवस्था देखते हैं। कच्चे माल की उपलब्धता देखते हैं। फिर निवेश करते हैं। संसदीय कार्य मंत्री ने सदन को अवगत कराया कि 12 लाख करोड़ से अधिक का निवेश आ गया। चार लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव धरातल पर आ गए हैं। 15 लाख से अधिक कर्मकारों को रोजगार मिला है। रोजगार मिलने का प्रमाण है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन 2017 के पहले 21 लाख 24 हजार थी। आज 40 लाख 20 हजार हो गयी है। राष्ट्रीय स्तर पर इंडस्ट्रियल ग्रोथ 11.9 है। यूपी की यही ग्रोथ 25 फीसदी है। यह सब आंकड़े कहते हैं कि उत्तर प्रदेश की क्या स्थिति है। सदस्य के निजी क्षेत्र में दलितों, पिछड़ों को नौकरी मिलने के सवाल पर खन्ना ने कहा कि निजी उद्योग क्षेत्र में कंपनियां अपनी जरूरत के हिसाब से नौकरी देती हैं। यहां आरक्षण के तहत किसी को नौकरी पर नहीं रखा जाता लेकिन सरकार के यह आंकड़े कहते हैं कि निवेश आये हैं और लोगों को नौकरियां मिली हैं।

# प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क अभिकरण के अवशेष कार्य 31 मार्च से पूर्व कराएं पूर्ण : केशव

- सीईओ, ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण ने अधिकारियों को दिये स्पष्ट आदेश, कार्यों में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विभागीय कार्यों में तेजी लाने के पूर्व में दिए गए निर्देशों के क्रम में गुरुवार को मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उत्तर प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण (यूपीआरआरडीए) अंकुर कौशिक की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY-III) के अंतर्गत अवशेष कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

यूपीआरआरडीए के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अंकुर कौशिक ने बताया कि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आदेशों एवं भारत सरकार की गाइड लाइन के संबंध में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) एवं ग्रामीण अभियंत्रण विभाग (आरईडी) एवं विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पीएमजीएसवाई-III के अंतर्गत सभी अवशेष कार्यों को हर हाल में 31 मार्च 2026 से पूर्व पूर्ण किया जाए। समीक्षा के दौरान जनपदवार प्रगति, निर्माणाधीन सड़कों की स्थिति, गुणवत्ता नियंत्रण, वित्तीय व्यय तथा निर्धारित समय-सीमा के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि कार्यों की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही तय की जाए। जिन परियोजनाओं में प्रगति अपेक्षित स्तर से कम है, वहां विशेष कार्ययोजना बनाकर गति प्रदान की जाए। साथ ही, गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करते हुए पीएमजीएसवाई के निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुरूप ही निर्माण कार्य संपादित किए जाएं। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि कार्यस्थलों पर तकनीकी मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए तथा गुणवत्ता परीक्षण की प्रक्रिया को और सुदृढ़ बनाया जाए। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण करें और प्रगति रिपोर्ट समयबद्ध रूप से प्रस्तुत करें। इस बैठक के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया कि पीएमजीएसवाई-III के अंतर्गत सभी कार्य समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण हों, जिससे ग्रामीण जनता को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध हो सके और गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित हो। बैठक में मुख्य अभियन्ता लोक निर्माण विभाग के.के. श्रीवास्तव, आरईडी अधिक्षण अभियन्ता रोहित जी, ए.के. राय उप मुख्य अभियंता यूपीआरआरडीए, देवेंद्र सिंह मुख्य अभियंता यूपीआरआरडीए, टी.डी. सिंह एसटीओ यूपीआरआरडीए, मायाराम गुप्ता वरिष्ठ अभियंता यूपीआरआरडीए एवं अन्य अधिकारी उपस्थित हुए।

## खबरें एक नजर में

### बजट में हुयी वादाखिलाफी पर कुलियों ने किया जोरदार प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** देश भर के कुली/यात्री सहायक संवर्ग की आजीविका व समाजिक सुरक्षा की अपनी पुरानी मांगों को लेकर राष्ट्रीय कुली मोर्चा ने चारबाग रेलवे स्टेशन पर जोरदार प्रदर्शन किया। जिसमें मुख्य रूप से रेल मंत्रालय द्वारा कुलियों की आजीविका व सामाजिक सुरक्षा की सर्वे रिपोर्ट को संसद में प्रस्तुत कर रिपोर्ट को सार्वजनिक करना है। साथ ही बजट में अपने खिलाफहुयी बादाखिलाफी पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना है। कुलियों के अनुसार उनकी आजीविका संकट की परिस्थितियों को देखते हुये रेल मंत्रालय भारत सरकार ने 19.6.2025 को सभी मंडल रेल प्रबंधकों को निर्देशित कर जांच रिपोर्ट देने को कहा गया था। परंतु उस सर्वे रिपोर्ट अभी तक बजट सत्र में संसद में प्रस्तुत नही किया गया है। कुलियों ने प्रदर्शन के दौरान मांग की है कि उस सर्वे रिपोर्ट का सार्वजनिक किया जाय। कुलियों को भी देश के नागरिक होने के नाते आलिविका सुरक्षा, बच्चों को शिक्षा की सुरक्षा, आयुष्मान योजना के द्वारा स्वास्थ्य सुरक्षा, विश्राम गृह, के साथ सामाजिक सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधायें मिलनी चाहिए। पिछले काफी समय से उनकी आजीविका संकट पर लगातार मांग को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित कर रहे है। परंतु हर बार उनकों मात्र आश्वासन ही दे दिया जाता है।

### केजीएमयू बाल रोग विभाग के प्रोफेसर पर छात्रा ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप, निलंबित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में एक बार फिर छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। जिसके बाद आरोपित एडिशनल प्रोफेसर को निलंबित कर दिया गया है। इस पूरे मामले की जांच विशाखा कमेटी कर रही है। दरअसल, पूरा मामला 10 फरवरी का बताया जा रहा है, आरोपित एडिशन प्रोफेसर ने एमडी की छात्रा के साथ छेड़छाड़ की। जिसके बाद पीड़ित छात्रा ने इसकी शिकायत सीनियर अधिकारियों से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सूत्र बताते हैं कि उसके बाद पीड़ित छात्रा के पिता ने केजीएमयू के कुलपति से मिलकर इस मामले में उचित कार्रवाई की मांग की। तब जाकर आरोपित को निलंबित किया गया और अब केजीएमयू प्रशासन निष्पक्ष जांच की बात कह रहा है। केजीएमयू के प्रवक्ता प्रो.केके सिंह ने बताया है कि घटना की जानकारी होते ही एडिशनल प्रोफेसर को निलंबित कर दिया गया है। जिससे जांच प्रभावित न हो। इसके अलावा विशाखा कमेटी की जांच रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### भारत-अमेरिका कृषि समझौते के खिलाफ किसानों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारत, अमेरिका कृषि समझौते के विरोध में जिलाधिकारी कार्यालय लखनऊ में किसानों ने प्रदर्शन किया। मेरा खेत मेरा अधिकार के नारे के साथ भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसान धरना-प्रदर्शन जिलाधिकारी कार्यालय के सामने बैठ गए। वह डीएम विशाख जी. का इंतजार किया। उन्हीं को केंद्र सरकार तक अपनी बात पहुंचाने का ज्ञापन देने के लिए काफी देर तक बैठे रहे। उनका कहना था कि हम लोग गांव इतनी दूर आ गए और डीएम साहब कमरे से नहीं निकल पा रहे हैं। हम उन्हें अपना ज्ञापन देकर ही यहां से लौटेंगे।वाइस सिटी इंचार्ज ज्ञानचंद गुप्ता ज्ञापन लेने पहुंचे, लेकिन किसानों ने मना कर दिया। उनका कहना है कि जिलाधिकारी आएंगे तभी ज्ञापन दिया जाएगा।किसानों का कहना है कि अगर डीएम साहब नहीं आएंगे.... तो हम ज्ञापन नहीं देंगे... जब वह (डीएम) यहां पर बैठे हुए हैं, उसके बाद भी नहीं आ रहे हैं तो हम लोग यही समझेंगे कि वह किसान विरोधी हैं। किसानों का आरोप है कि भारत-अमेरिका कृषि समझौता देश के छोटे और मझोले किसानों के हितों के खिलाफहै। संगठन का कहना है कि यदि विदेशी कंपनियों को खुली छूट दी गई तो स्थानीय किसानों की जमीन, उपज और बाजार पर सीधा असर पड़ेगा। धरना-प्रदर्शन के दौरान किसान प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपेगा, जिसमें समझौते को रद्द करने या उस पर पुनर्विचार की मांग की जाएगी। यूनियन के पदाधिकारियों का कहना है कि यह सिर्फलखनऊ की आवाज नहीं, बल्कि देशभर के किसानों की चिंता है।

### राजकीय आईटीआई में रोजगार मेले का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0 के तहत गुरुवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ में दिव्यांगजन रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्देश्य दिव्यांग अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र की कंपनियों से जोड़ते हुए उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना था।राज कुमार यादव जिला समन्वयक ने बताया कि रोजगार मेले में 16 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया, जिनके द्वारा कुल 1000 से अधिक रिक्त पदों के लिए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। कार्यक्रम में 105 दिव्यांग अभ्यर्थियों ने भाग लिया। साक्षात्कार प्रक्रिया के उपरांत 23 अभ्यर्थियों का यथास्थान चयन किया गया, जबकि अन्य अभ्यर्थियों को आगे की चयन प्रक्रिया के लिए कंपनियों द्वारा विचाराधीन रखा गया।

# बाबर एक आक्रांता था, लुटेरा था, यह तथ्य कोई झुठला नहीं सकता : ब्रजेश पाठक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज कहा कि देश - प्रदेश में बाबर और उसके स?मर्थकों को कोई जगह नहीं मिलनी चाहिए। अयोध्या में राम मंदिर आंदोलन के समय कारसेवक भी ऐसा ही नारे लगाते थे,यह एक ऐतिहासिक सच है? कि बाबर लुटेरा और आक्रांता था और इसके बावजूद जो बाबर का महिमा मंडन करते हैं तो वह सिर्फ तुष्टीकरण की राजनीति करते हैं और कुछ नहीं।



उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक आज विधानभवन स्थि?त अपने कक्ष में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। पश्चिम बंगाल में बन रही बाबरी मस्जिद से जुडे सवाल पर उन्होंने कहा कि देश में बाबर की विचारधारा के लिए कोई जगह नहीं है और न ही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इतिहास के पन्नों में साफ साफ लिखा है कि बाबर एक आक्रांता था,लुटेरा था। जिसने देश के मंदिरों को लूटा और यहां की संस्कृति को नष्ट किया । इन तथ्यों को कोई नहीं झुठला सकता है। उन्होंने कहा कि इतना सब जानने के बाद भी अगर अगर कोई आक्रांता बाबर का महिमामंडन करता है तो निंदनीय है और बाबर का महिमामंडन करने वालों का उत्तर प्रदेश प्रदेश में कोई स्थान नहीं है इसलिए जब बाबरी मस्जिद की घटना हुई थी तो एक नारा दिया था। आप सब लोगों ने सुना था और बाबर का नाम भारतीय राजनीति के इतिहास में लुटेरे की संज्ञा है। उन्होंने कहा कि इस आक्रांता ने देश को लूटने के अलावा कुछ नहीं किया। उसका ऐसा कोई ऐसा योगदान नहीं जिसे याद किया जाए। उन्होंने किसी राजनीतिक दल का नाम लिए बिना कहा कि इतना जानने के बाद भी अगर कोई बाबर का महिमामंडन करता है तो वह सिर्फ तुष्टीकरण की पॉलिटिक्स के अलावा कुछ नहीं।

### उप्र विधानसभा में एआई के दुरुपयोग का उठा मुद्दा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश विधानसभा बजट सत्र के चौथे दिन शून्य प्रहर में समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्य अतुल प्रधान ने कहा कि एआई खतरनाक तकनीक है। एक एजेंसी के लोग मेरे पास आये थे। उनका कहना था कि वे मेरे भाषण को मेरे जाए बगैर जनता को मेरी ही आवाज में सुना देंगे। चेहरा भी मेरा ही होगा। महोदय यदि मेरा चेहरा और मेरी आवाज लोगों तक हूबहू अच्छे परिपेक्ष्य में पहुंच सकती है तो उसका गलत इस्तेमाल भी किया जा सकता है। मैंने अपने जिले के एसएसपी से अपने से जुड़े एक मामले में शिकायत की है, लेकिन उसका कोई संज्ञान नहीं लिया गया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने पीठ से आग्रह किया कि संसदीय कार्य मंत्री इस पर ध्यान देंगे। इस पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि 10 फरवरी को केन्द्र सरकार ने एआई पर कानून बनाया है। इस संबंध में कानून विद से चर्चा करने के उपरांत कोई कदम उठाया जाएगा। इससे पहले प्रदेश सरकार के आईटी मंत्री सुनील शर्मा ने सरकार का पक्ष रखा।

# बिजली कर्मियों का जोरदार प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केन्द्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि आज उत्तर प्रदेश सहित देश के सभी राज्यों में लाखों बिजली कर्मियों ने कार्य बन्द कर व्यापक विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश के सभी जनपदों में बिजली कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर और इंजीनियर कार्यालयों से बाहर आकर बड़ी संख्या में प्रदर्शन में शामिल हुए।संघर्ष समिति ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उत्तर प्रदेश में चल रही निजीकरण की प्रक्रिया निरस्त नहीं की गई और निजीकरण के लिए टेंडर जारी किया गया, तो प्रदेश के सभी बिजली कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर और इंजीनियर सामूहिक जेल भरो आंदोलन प्रारम्भ करेंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। समिति ने यह भी कहा कि यदि संसद के बजट सत्र में इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल पारित करने का प्रयास किया गया, तो इसकी तीखी प्रतिक्रिया होगी।

देश के लगभग 27 लाख बिजली कर्मचारी बिना किसी अतिरिक्त नोटिस के तत्काल कार्य बन्द कर 'लाइटनिंग स्ट्राइक' पर चले जाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होगी।आज का आंदोलन पावर सेक्टर के निजीकरण के विरोध में, इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 एवं प्रस्तावित नेशनल इलेक्ट्रिसिटी पॉलिसी 2026 को वापस लेने, उत्तर प्रदेश में चल रही निजीकरण प्रक्रिया को निरस्त करने तथा बिजली कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांगों को लेकर की गई है।संघर्ष समिति ने बताया कि पहली बार बिजली कर्मचारियों के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा और दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने भी आंदोलन में सक्रिय भागीदारी की। बिजली कर्मचारियों, इंजीनियरों, मजदूर संगठनों और किसानों की संयुक्त एकजुटता के कारण यह आंदोलन स्वतंत्र भारत के महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक आंदोलनों में शामिल हो गया है।

संघर्ष समिति ने कहा कि पावर सेक्टर में नियमित प्रकृति के कार्यों के लिए बड़े पैमाने पर आउटसोर्सिंग की जा रही है, जिससे न केवल कर्मचारियों की सुरक्षा प्रभावित हो रही है बल्कि बिजली व्यवस्था की गुणवत्ता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। प्रमुख मांगों में आउटसोर्सिंग पर रोक, नियमित पदों पर सीधी भर्ती तथा आउटसोर्स कर्मियों का नियमितीकरण शामिल है।संघर्ष समिति ने चिंता व्यक्त की है कि बिजली क्षेत्र का निजीकरण (वितरण, उत्पादन तथा टीबीसीबी के माध्यम से ट्रांसमिशन) गरीब उपभोक्ताओं, छोटे एवं मध्यम उद्योगों तथा आम जनता के हितों के विरुद्ध है। इसलिए इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 और प्रस्तावित नेशनल इलेक्ट्रिसिटी पॉलिसी 2026 को तत्काल वापस लिया जाना आवश्यक है। आज राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जनपदों में बिजली कर्मियों के साथ हजारों किसानों ने भी संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले प्रदर्शन किया।

# लूटने के लिए पेश हुआ यूपी का बजट : शिवपाल

- सरकार ने बजट तो पेश कर दिया, लेकिन इसमें नौकरियों के सृजन का कोई साफ रास्ता नहीं
- विशाल बजट जनता के कल्याण के लिए नहीं, बल्कि आपसी बंदरबांट के लिए है

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का चौथा दिन पूरी तरह से शिवपाल सिंह यादव के नाम रहा। समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता शिवपाल यादव ने योगी सरकार के बजट पर तीखा प्रहार करते हुए इसे विकास का नहीं, बल्कि प्रदेश को लूटने का जरिया करार दिया।

उन्होंने बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कई गंभीर सवाल खड़े किए। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान शिवपाल यादव ने युवाओं की दुखती रग पर हाथ रखा। उन्होंने सदन में कहा कि सरकार ने बजट तो पेश कर दिया, लेकिन इसमें नौकरियों के सृजन का कोई साफ रास्ता नहीं है। शिवपाल ने दावा किया कि मौजूदा सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में डूबी हुई है और यह विशाल बजट जनता के कल्याण के लिए नहीं, बल्कि आपसी बंदरबांट के लिए है।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी के पास अब कोई ठोस काम नहीं बचा है, वे केवल लोगों को आपस में लड़ाकर राजनीति कर रहे हैं। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही माहौल गरमा गया था। सपा और कांग्रेस के विधायकों ने हाथों में पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। विपक्ष का साझा आरोप है कि बजट में किसानों की आय और गरीबों की थाली के लिए कुछ नहीं है।

महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के नाम पर केवल दिखावा किया गया है। वहीं बढ़ती महंगाई को काबू करने के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं है।

### श्रृंगवेरपुर में जल्द पूरा होगा निषादराज गुह्य सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण : जयवीर सिंह

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** रामनगरी अयोध्या की तर्ज पर प्रभु श्रीराम के परम भक्त निषादराज की राजधानी श्रृंगवेरपुर को भव्य और आकर्षक रूप दिया जा रहा है। प्रयागराज जिले के इस ऐतिहासिक व पौराणिक स्थल पर निषादराज गुह्य सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण तेज गति से जारी है। उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग की इस महत्वाकांक्षी परियोजना की लागत 19.61 करोड़ रुपये है और लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य जल्द पूरा होगा। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने गुरूवार को जारी बयान में दी।



# ग्राहकों ने बंद कराई बीओबी की ब्रांच, शटर गिराकर बैठे बाहर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी में शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय परिसर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की ब्रांच का शटर ग्राहकों ने गिरा दिया। गुरुवार सुबह 25 से अधिक खाताधारक बैंक पहुंचे और अपनी जमा राशि वापस न मिलने पर विरोध प्रदर्शन करने लगे। पुलिस ने उनको समझाया लेकिन वे शटर बाहर से बंद कर वहीं पर बैठ गए। 3 घंटे से ज्यादा समय तक बैंक का काम बंद रहा। अनेक ग्राहकों ने बाहर बैठकर नारेबाजी की। दरअसल, इस ब्रांच में शिवा राव नाम के बैंक मित्र ने लोगों की एफडी कराकर उसे खाते में चढ़ाया ही नहीं था। जब एफडी मैच्योर की डेट आई तो लोग बैंक पहुंचे। वहां पहुंचने पर पता चला कि उनकी कोई एफडी हुई ही नहीं थी। कई ग्राहकों के खाते से भी रकम गायब थी। सालिकराम पाल ने बताया कि उनकी बेटी कमला का तिलक कार्यक्रम कल होना है, लेकिन बैंक में जमा किए गए 17 लाख 30 हजार रुपए अब तक वापस नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि परिवार बेहद परेशान है और शादी की तैयारियां अधर में लटक गई हैं। सालिकराम के अनुसार, जब भी वे लोग बैंक के रीजनल



ऑफिस जाते हैं तो वहां कोई भी जिम्मेदार अधिकारी उनसे मिलने या बात करने को तैयार नहीं होता। उन्होंने प्रशासन और बैंक उच्चाधिकारियों से जल्द हस्तक्षेप कर धनराशि वापस दिलाने की मांग की है, ताकि तय समय पर तिलक कार्यक्रम संपन्न हो सके।

खाताधारकों का कहना है कि उनकी जीवन भर की बचत दांव पर लगी है, ऐसे में जब तक रकम वापस नहीं मिलती और दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। सूचना पर पहुंची पारा पुलिस ने मौके पर स्थिति संभालने का प्रयास किया और प्रदर्शनकारियों को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन खाताधारक अपनी मांगों पर डटे रहे। एहतियात के तौर पर परिसर में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। फिलहाल परिसर में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है और खाताधारकों का धरना जारी है।

**उप्र पंचायत** ‖ पिछड़ों का सर्वे करने के लिए बनेगा ओबीसी आयोग, रिपोर्ट के बाद होगा सीटों के आरक्षण का निर्धारण

# आरक्षण तय होने के बाद होंगे पंचायत चुनाव

- आरक्षण को लेकर चल रही सुनवाई में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से जवाब दाखिल किया गया

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**




उत्तर प्रदेश में प्रस्तावित त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में अन्य पिछडा वर्ग (ओबीसी ) का आरक्षण निर्धारित करने के लिए एक अलग से राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया जाएगा। प्रदेश सरकार की ओर से इस आशय का हलफनामा हाईकोर्ट में जनहित याचिका की सुनवाई के समय दिया गया है। यह आयोग ओबीसी का आरक्षण निर्धारित करने के लिए सर्वे कर अपनी रिपोर्ट देगा। उसकी रिपोर्ट के आधार पर आरक्षण लागू होगा और फिर पंचायत चुनाव होंगे।

इस मामले की सुनवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में जस्टिस राजन राय और जस्टिस अवधेश चौधरी की कोर्ट ने की। त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी ) को आरक्षण को लेकर चल रही सुनवाई में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से जवाब दाखिल किया गया है कि ओबीसी आयोग का गठन किया जाएगा, जो पूरी तरह से त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षण तय करने की प्रक्रिया पर केंद्रित होकर काम करेगा।

आयोग के गठन की वजह यह है कि जनहित याचिका में कहा गया था कि तीन साल का कार्यकाल खत्म होने के बाद अब वर्तमान ओबीसी आयोग को समर्पित ओबीसी आयोग की तरह काम करने का कानूनी अधिकार नहीं है।

हाईकोर्ट में याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया है कि अगर तीन साल कार्यकाल वाला ओबीसी आयोग अस्तित्व में होता तो अलग से आयोग का गठन करने की जरूरत नहीं पड़ती लेकिन तीन साल वाले आयोग का कार्यकाल अक्टूबर 2025 में खत्म हो चुका है और सरकार ने एक साल के लिए कार्यकाल बढ़ा दिया है लेकिन संवैधानिक स्थिति यह है कि इस बढ़े हुए कार्यकाल में वर्तमान आयोग ओबीसी के आरक्षण के लिए सर्वे आदि नहीं कर सकता है। इसलिए सरकार की ओर से इस काम के लिए नए ओबीसी आयोग का गठन किया जाएगा।

यह आयोग पूरे प्रदेश में ओबीसी का रैपिड सर्वे करेगा और इसकी रिपोर्ट के आधार पर पंचायत चुनाव में पिछड़े वर्ग की आबादी के अनुसार सीटों का आरक्षण तय किया जाएगा। इसके बाद ही पंचायत चुनाव होंगे।

# ब्राउन गर्ल कैफे सील, आठ हुक्के, 23 फ्लेवर पैकेट जब्त

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी के गोमतीनगर इलाके में देर रात पुलिस ने ब्राउन गर्ल कैफे पर छापा मारकर कई सामान जब्त करते हुए कैफे सील कर दिया। यहां हुक्का बार भी चल रहा था। कार्रवाई के दौरान 8 हुक्के, 23 फ्लेवर पैकेट, 12 पाइप, 15 चिलम समेत भारी मात्रा में हुक्का सामग्री बरामद की गई।

पुलिस ने कैफे को सील कर संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इसी कैफे में 1 दिन पहले सेक्स रैकेट चलता मिला था। पुलिस के मुताबिक, 11 फरवरी की रात करीब 11.27 बजे सब-इंस्पेक्टर अरविंद कुमार टीम के साथ दयाल चौराहे पर गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि विकासखंड स्थित ब्राउन गर्ल कैफे (5/439) में अवैध रूप से हुक्का संचालित किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके




पर पहुंची। कैफे के अपर ग्राउंड फ्लोर पर रिसेप्शन के पास 7 हुक्के और 1 बटरफ्लाई हुक्का सजे मिले। इसके अलावा 12 पाइप, 15 चिलम, 17 बंद फ्लेवर पैकेट और 6 खुले फ्लेवर पैकेट बरामद किए गए। वहीं कोयले का डिब्बा, 2 हीटर, 1 चिमटा और 2 पैकेट फिल्टर पाइप भी मौके से मिले।

छापेमारी के समय कैफे में कोई संचालक या कर्मचारी मौजूद नहीं मिला। पुलिस ने सभी सामान को जब्त कर जब्ती प्रपत्र तैयार किया।

जांच में सामने आया कि कैफे के गेट पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार 60म30 सेमी का अनिवार्य चेतावनी बोर्ड नहीं लगा था। धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, इसका मानक बोर्ड नहीं लगा था।

पुलिस ने कैफे को दो तालों बंद कर सील कर दिया। ब्राउन गर्ल कैफे करीब 1 साल से चल रहा था। देर रात तक कैफे में लड़का लड़कियां बैठकर हुक्का पीते थे।

कैफे में बैठने वाली एक लड़की कम उम्र की लड़कियों को अपने जाल में फंसाकर बड़े सपने दिखाई थी। दूसरे शहर से आई लड़कियां उसके जाल में फंसकर महंगे महंगे शौक की आदि हो जाती थीं।

## खबरें एक नजर में

### मनरेगा बचाओ पदयात्रा आज

**शाहजहांपुर।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार गुप्ता ने कि कल शुक्रवार को दोपहर 2:30 बजे कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन टाउन हॅाल से मनरेगा बचाओ पदयात्रा निकाली जाएगी। जोकि स्टेट बैंक रोड, सदर बाज़ार,बहादुरगंज, मशीनरी मार्केट, घंटाघर, आंख वाला अस्पताल,कच्चा कटरा, छोटा चौक, बड़ा चौक, चारखंभा, अब्दुल्लागंज, राजघाट गांधी पार्क तक जाकर संपन्न होगी।

### दहेज हत्या के आरोप में सास गिरफ्तार

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम टकेली निवासी सुमित की 28 वर्षीय पत्नी सपना द्वारा 21 जनवरी को कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मृतका के मायके पक्ष की तहरीर पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद पुलिस ने आरोपी सास गुड्डी देवी उर्फ चम्पा को गिरफ्तार कर मेडिकल परीक्षण कराकर जेल भेज दिया।

### बंडा चौराहे पर पति-पत्नी को ईरिक्शा चालकों ने पीटा

**बंडा, शाहजहांपुर।** चौराहे पर एक युवक और उसकी पत्नी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है, युवक का आरोप है कि वह अपनी पत्नी के साथ बंडा में सामान लेने के लिए आया हुआ था तभी चौराहे पर दो युवकों ने गाली गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की। इसकी बाद में थाने पहुंचा और थाने में प्रार्थना पत्र लेकर कार्रवाई की मांग की वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी है। दरअसल घटना 11 फरवरी करीब 10:30 बजे की है। बंडा के सिसोरा सिसोरी निवासी मनोज कुमार ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ बंडा चौराहे पर कुछ सामान लेने आया हुआ था। तभी चौराहे पर खड़े दो ई रिक्शा चालकों ने उसके साथ गाली गलोज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर मारपीट की गई। मारपीट के दौरान उसकी पत्नी की पैर की पायल भी घटनास्थल पर खो गई। जिसका युवक ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

### श्रमिक विरोधी 4 श्रम कानून मंजूर नहीं: नरेंद्र त्यागी



**शाहजहांपुर।** केंद्र सरकार द्वारा चार लेबर कोड लागू करने के विरोध में देशभर के यूनियन संगठनों द्वारा 12 फरवरी को आहूत देशव्यापी सांकेतिक हड़ताल के क्रम में महामंत्री कामरेड शिव गोपाल मिश्रा के आह्वान पर केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों की निंदा करते हुए मुख्य टिकट निरीक्षक नरमू के सहायक मण्डल मंत्री नरेंद्र कुमार त्यागी के नेतृत्व में चेकिंग स्टाफ द्वारा काला फीता बांध कर विरोध दर्ज कराया गया। सहायक मण्डल मंत्री नरेंद्र त्यागी ने सभी को संघर्ष हेतु जागरूक रहने की अपील करते हुए कहा कि सरकार द्वारा लागू चार लेबर कोड मंजूर नहीं ये अंधे कानून तुरंत वापिस लिए जाएं। इनके लागू होने पर कर्मचारियों की छंटनी आसान होगी, हड़ताल पर प्रतिबन्ध लगेगा मजदूरों का शोषण और उनके अधिकारों का हनन होगा। असंगठित यूनियन कमजोर और असहाय होंगी और इंडस्ट्रीज में मजदूर विरोधी नीतियों का बोलबाला रहेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार आठवा पे कमीशन जल्दी लागू करे, ठेकेदारी प्रथा को बंद करे वेतन प्रणाली में संशोधन करके आयोग द्वारा संगठन की मांग अनुसार वेतन लागू किया जाए। मुख्य रूप से अरशद खान, संजय यादव, एस के श्रीवास्तव, संजीव सोनी, संजीव गौर, नितिन कुमार, पवन शर्मा, अशोक शाह, जितेंद्र कुमार, राजू यादव आदि मौजूद रहे।

### एडीएम ने खुदागंज नगर पंचायत में चल रहे कामकाजों की प्रगति रिपोर्ट ली



**शाहजहांपुर।** नगर पंचायत खुदागंज में नगर विकास विभाग द्वारा संचालित वंदन' योजना एवं आदि योजनाओं के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों का निकाय क्षेत्रान्तर्गत का एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईओ नूरजहां भी उपस्थित रहीं। एडीएम प्रशासन ने ईओ को वन्दन योजना के अन्तर्गत नगर पंचायत में निमार्णाधीन तालाब, मन्द को आगामी माह तक पूर्ण कराये जाने को निर्देशित किया। कान्हा गोशाला में 3 टीन शेड, चारे हेतु स्टोर, भूसे आदि की व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी। इसके अतिरिक्त नगर पंचायत खुदागंज के कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया। कार्यालय साफ–सुथरा एवं अभिलेख, पंजिका आदि व्यवस्थित पाये गये। कार्यालय में कार्यरत व सेवानिवृत्त किसी भी कर्मचारी का सेवा सम्बन्धि प्रकरण लंबित नहीं पाया गया। ईओ को निर्देशित किया कि स्वीकृत समस्त कार्यो को यथाशीघ्र कराकर उपयोगिता प्रमाण–पत्र भिजवाया जाये। वहीं एडीएम प्रशासन ने ब्लाक खुदागंज के कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी अरविन्द दुबे एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा। एडीएम प्रशासन द्वारा उपस्थित पंजिका, भ्रमण पंजिका आदि पंजिकाओं को देखा गया। साथ ही कार्यालय में कार्यरत, सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सेवा से सम्बन्धित पत्रावलियों व सर्विस बुक का अवलोकन किया। साफ–सफाई एवं पत्रावलियों का रख–रखाव संतोषजनक पाया गया। मनरेगा से सम्बन्धित कार्यों का निरीक्षण किया गया एवं ब्लॉक परिसर में संचालित एसआईआर से सम्बन्धि कार्यों को देखा। स्थिति संतोषजनक पाई।

### नायब तहसीलदार के किराए के मकान में चोरी, ड्राइवर के घर पहुंचने पर हुआ घटना का खुलासा



**तिलहर – शाहजहांपुर।** नायब तहसीलदार के किराए के तालाबंद घर के ताले तोड़कर चोरों ने लाखों रुपए का सामान चुरा लिया। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की। लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका। चूंकि नायब तहसीलदार बाहर हैं सो उनके आने के बाद तहरीर दिए जाने का पुलिस इंतजार कर रही है। ब्लॉक परिसर से सटी गुरगवां कॉलोनी में सुरेश गंगवार के मकान में नायब तहसीलदार अमित कुमार किराए पर रहते हैं। मकान मालिक सुरेश कुमार गंगवार परिवार सहित बरेली के सीबीगंज में रहते हैं। नायब तहसीलदार अमित कुमार विभागीय कार्य से प्रयागराज हाई कोर्ट दो दिन पहले गए थे। गुरुवार की सुबह नायब तहसीलदार का ड्राइवर प्रदीप यादव मकान की सफाई करने के लिए पहुंचा। तो मुख्य द्वार सहित अंदर के सभी दरवाजों के ताले टूटे थे और सामान बिखरा सन्न रह गया। उसने तत्काल अमित कुमार को घटना की सूचना दी। उनकी खबर पर उनकी साथी नायब तहसीलदार पूनम मधुकर मौके पर पहुंचीं और कोतवाल जुगुल किशोर पाल को मौके पर बुलाया। उधर चोरी वारदात की सूचना मिलते ही मकान मालिक सुरेश गंगवार भी बरेली से तिलहर आ गए। चूंकि नायब तहसीलदार अमित कुमार के प्रयागराज में हैं सो उनकी वापसी तक पुलिस ने मकान में ताला लगवा दिया है। चर्चा है कि लाखों रुपए का घरेलू सामान चोर चोरी कर ले गए हैं। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि नायब तहसीलदार के आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### कार सवारों संग मारपीट व तोड़फोड़ की रिपोर्ट दर्ज, प्रधान व उसके दो सगे भाइयों समेत चार नामजद

**तिलहर-शाहजहांपुर।** कार सवारों के साथ मारपीट करने व कार में तोड़फोड़ किए जाने के मामले में पुलिस ने प्रधान व उसके दो सगे भाइयों समेत चार के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सहवेगपुर निवासी रावेन्द्र वर्मा पुत्र रामपाल ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती छह फरवरी को वह अपने भाई मुनीश्वर व गांव के ही धर्मवीर पुत्र करनलाल के साथ अपनी गाड़ी संख्या यूपी 15 बीएफ 3167 से अपने गांव सहवेगपुर जा रहा था। आरोप है कि वह जैसे ही गांव में बने मैरिज लान के पास पहुंचे, तभी गांव प्रधान सुरेन्द्र वर्मा उसके भाई पुत्र जोगेंद्र, धीरेन्द्र पुत्र ब्रम्हानंद व पप्पेंद्रपाल पुत्र रामस्वरूप ने उन्हें रोक कर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। तथा उसकी गाड़ी का शीशा तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसमे करीब बीस से तीस हजार रुपए का नुकसान हुआ है। आरोप है कि उक्त दबंग प्रवृति के लोगों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। जिससे जान माल के नुकसान का खतरा बना हुआ है। पीड़ित ने घटना की वीडियो भी पुलिस को सौंप दी है। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर घटना की जांच कराई जा रही है। पुष्टि होने पर यथोचित कार्यवाही की जाएगी।

# हाइवे पर खड़े कंटेनर में पीछे से जा घुसी डीसीएम, चालक की मौत

▸ सुबह तीन बजे हुआ दिल दहला देने बाला भीषण हादसा

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

हाईवे ब्रेकर पर खराब खड़ी कंटेनर के पीछे से जा घुसी डीसीएम की भीषण टक्कर में डीसीएम चालक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया।

कोतवाली क्षेत्र में हाईवे स्थित पावर हाउस के सामने सुबह करीब पौने तीन बजे ब्रेकर पर खराब खड़ी कंटेनर में पीछे से जा रही तेज रफ्तार डीसीएम संख्या यूपी 25डीटी2708 की जबरदस्त टक्कर हो गई। जिससे डीसीएम का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक बुरी तरह फंस गया। जिसे बमुश्किल बाहर निकाला जा सका। लेकिन निकाले जाने तक चालक ने दम तोड़ दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस की एक टीम ने 108 एंबुलेंस से शव को सीएचसी पहुंचबा दिया। सीएचसी से तत्काल कोतवाली पुलिस को एक शव लाए जाने की सूचना दे दी गई। डॉ कमर उज्जमा ने बताया कि उनकी ड्यूटी सुबह नौ बजे तक थी। तब तक पुलिस उक्त शव का पंचनामा भरने सीएचसी नहीं पहुंची थी। बाद में पुलिस ने शव को दिल कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। गुरुवार दोपहर मृतक चालक की जनपद रामपुर के शाहाबाद थाना क्षेत्र के गांव मीरापुर निवासी मनोज यादव पुत्र बाबूराम 30 के रूप में शिनाख्त हुई। सूचना पाकर परिजन भी पीएम हाउस पहुंच गए। उन्होंने बताया कि मनोज मुरादाबाद से डीसीएम लेकर शाहजहांपुर जा रहा था। और यह हादसा हो गया।



## परिवार के अकेले पालनहार की सड़क हादसे में मौत

▸ विकलांग पुत्र के परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**मिर्ज़ापुर,शाहजहांपुर।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत पहाड़पुर नगला के पूर्व प्रधान बैजनाथ कुशवाहा के बड़े भाई 58 वर्षीय छविनाथ की मुरादाबाद–फर्रुखाबाद हाइवे पर ग्राम पहाड़पुर में ही बाइक की टक्कर से दर्दनाक मृत्यु हो गई। वे बृहस्पतिवार सुबह करीब आठ बजे डेरी पर दूध बेचने जा रहे थे। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोरचरी भेजा है। पूर्व प्रधान बैजनाथ कुशवाहा ने बताया कि उसके भाई छविनाथ सुबह करीब आठ बजे गांव की डेरी पर पैदल दूध बेचने जा रहे थे। तभी मुरादाबाद–फर्रुखाबाद हाइवे पर पीछे से आए एक बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। पूर्व प्रधान ने बताया कि दो माह पूर्व मृतक के इकलौते पुत्र लोकपाल का कोलाघाट पुल पर एक्सीडेंट हो गया था। जिससे वह चलने में लाचार है। मृतक की पत्नी की भी लगभग दस वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है। जिससे इस परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक के विकलांग हो चुके पुत्र की चार बेटियों और एक साल से भी कम उम्र के पुत्र की परवरिश की जिम्मेदारी उठाना मुश्किल हो जायेगा।

## दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में तीन घायल



**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव जगन्नाथपुर मोड़ पर गुरुवार को आमने सामने दो बाइकों में भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार वीरपाल पुत्र गंगाराम निवासी अचंदपुर, रजनीश पुत्र सोनपाल निवासी ग्राम खिरिया रतन थाना गढ़िया रंगीन के साथ रिश्तेदारी में जगन्नाथपुर बाइक से जा रहे थे। जगन्नाथपुर मोड़ पर सामने से बाइक से आ रहे रामबरन यादव पुत्र महेंद्र पाल सिंह निवासी ग्राम चनाखेड़ा थाना दातागंज बदायूं की बाइक से आमने सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में वीरपाल व रजनीश को हल्की चोटे आई जबकि रामबरन यादव को गंभीर चोटें आई। ग्रामीणों की मदद से तीनों घायलों को कटरा सीएचसी पर लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री के कानों से झुमकी नोच ले गए उच्चके

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** रिश्तेदार महिलाओं के साथ मन्दिर जा रही आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री के कानों पर झपट्टा मारकर बाइक सवार युवक चम्पत हो गया। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने घटना की जाँच शुरू की है। गाँव मूर्छा निवासी अनिल दीक्षित ने तहरीर देकर बताया कि बुधवार को उनके भतीजे का यज्ञोपवीत कार्यक्रम था। जिसमे उनके रिस्तेदार आये हुए थे। शाम के समय उनकी पत्नी आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री ललिता दीक्षित अन्य महिलाओं के साथ पूजा करने मन्दिर जा रही थीं। गाँव में स्थित प्राथमिक विद्यालय के समीप पीछे से आये बाइक सवार ने ललिता के दोनों कानों में झपट्टा मारकर दोनों झुमकी नोच लीं। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित शाहजहाँपुर पुवायां राजमार्ग की ओर भाग गया। बृहस्पतिवार को घटना की तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने हुलिया आदि की जानकारी कर संभावित लोगों की तलाश शुरू की है। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में दिया भाकियू ने ज्ञापन

**तिलहर-शाहजहांपुर।** भाकियू के युवा जिला अध्यक्ष ने किसानों के साथ राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपते हुए भारत अमेरिका ट्रेड डील पर विरोध जताया। युवा अध्यक्ष आदित्य प्रताप सिंह लोधी गुरुवार को यूनियन पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन देते हुए अमेरिका भारत ट्रेड डील पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इससे भारतीय किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। जो यूनियन को किसी भी हालत में स्वीकार नहीं है। श्री लोधी ने कहा कि देश की महामहिम राष्ट्रपति महोदय से वह अपील करते हैं कि इस ट्रेड डील को रद्द किया जाए। जिससे कि किसानों के हितों की रक्षा हो सके। उन्होंने कहा कि यदि ट्रेड डील निरस्त नहीं की गई तो किसान हितों में धरना प्रदर्शन कर उग्र आंदोलन भी किया जाएगा। एसडीएम सदानंद सरोज ने किसानों को आश्वस्त किया कि ज्ञापन उच्चाधिकारियों को प्रेषित किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में रमेश शर्मा, अब्दुल, वदन सिंह, दिनेश कुमार, बुधपाल, राजवीर, गेंदालाल, अरविंद प्रताप सिंह आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।



## 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता के बयान के विरोध में शिक्षकों का जोरदार प्रदर्शन

▸ केन्द्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी का पुतला और वक्तव्य की प्रतियों जलाई

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ एवं टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त आवाहन पर केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी द्वारा वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर भी टीईटी अनिवार्यता लागू करने संबंधी दिए गए बयान के विरोध में जनपद शाहजहांपुर के शिक्षकों ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष मुनीश मिश्र एवं जिला मंत्री देवेश बाजपेई के नेतृत्व में दर्जनों शिक्षक-शिक्षिकाएं शाम 4 बजे रामलीला मैदान, खिरनीबाग में एकत्रित हुए। शिक्षकों ने केन्द्र एवं राज्य सरकार से सकारात्मक रुख अपनाने की मांग करते हुए कहा कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों का अहित न होने देने का आश्वासन दिया गया था, किंतु उसके बाद केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी द्वारा सभी पर टीईटी अनिवार्य बताए जाने के बयान से पूरे देश के लाखों शिक्षक आक्रोशित हैं। आक्रोशित शिक्षक रामलीला मैदान से नारेबाजी करते हुए सुदामा प्रसाद चौराहे तक पहुंचे, जहां उन्होंने जयंत चौधरी के वक्तव्य की प्रतियों को जलाकर विरोध दर्ज कराया। इसके उपरांत पुनः रामलीला मैदान लौटकर शिक्षकों ने पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों की सेवा शर्तों में इस प्रकार का परिवर्तन न्यायसंगत नहीं है और यदि सरकार ने इस विषय पर स्पष्ट एवं सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। विरोध प्रदर्शन में संघ के कोषाध्यक्ष रविन्द्र पाल प्रजापति, वरिष्ठ शिक्षक नेता सरताज अली, उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह, जिला संयुक्त मंत्री डॉ. विनय गुप्ता, नफीस अहमद,बीटीसी शिक्षक संघ के प्रदीप जायसवाल, जिलाध्यक्ष राजकमल आर्य, मंत्री सिंधौली अरविंद गौतम, अरविंद त्रिपाठी, देवेन्द्र सिंह, इमरान सईद, उमेश चन्द्र सक्सेना, मधुबाला सहित जनपद के विभिन्न विकास खंडों के दर्जनों शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



## शादी समारोह में शामिल हुईं पूर्व विधायक शकुंतला देवी



**शाहजहांपुर।** राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया की पत्नी पूर्व विधायक शकुंतला देवी व उनके पुत्र अंकुर कुमार खुटार क्षेत्र के गांव रौतापुर निवासी मुनीश तिवारी के भतीजे के तिलकोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर शुभकामनाएं दी। वहीं बंडा के गांव पोखरापुर सरदार मंजीत सिंह भुल्लर के बहन की शादी में शामिल होकर वर-बधू को आशीर्वाद दिया। इसके अलावा पुवायां के गांव नगरिया प्रयागपुर निवासी विपिन मिश्रा के पुत्र की शादी में शामिल होकर वर-वधू को अशीर्वाद दिया। उसके बाद बंडा के गांव पड़री किशन में प्रेमपाल वर्मा की पुत्री के विवाह में शामिल होकर वर-वधू को आर्शीवाद दिया। वहीं घनश्यामपुर बुजुर्ग में निर्मल सिंह यादव की पुत्री की शादी में शामिल हुईं।

## बारात में डीजे पर डांस को लेकर विवाद

▸ विदाई के बाद बारातियों को घेर कर पीटने का आरोप, दी तहरीर

**तिलहर-शाहजहांपुर।** बारात में डीजे पर डांस करने को लेकर हुए विवाद के चलते कुछ लोगों ने विदा के बाद गाड़ियों को घेर कर बारातियों के साथ जमकर मारपीट की। दूल्हे के चाचा ने घटना की पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के मुताबिक बरेली के कस्बा फरीदपुर के खल्लपुर रोड मोहल्ला निवासी नेत्रपाल ने पुलिस को बताया कि 11 फरवरी को उसके भतीजे राहुल की बारात तिलहर के गांव शिवदासपुर आई थी। उन्होंने बताया कि रात में डीजे पर डांस करने को लेकर तिलहर के मोहल्ला निजामगंज निवासी कुछ लोगों से बारातियों का मामूली विवाद हो गया था। उन्होंने बताया कि 12 फरवरी को दुल्हन की विदा होने के बाद वह सभी लोग फरीदपुर वापस जा रहे थे। इसी दौरान तिलहर में जैसे ही बारातियों की गाड़ियां पहुंची तभी उक्त लोगों ने तमंचे एवं लाठी डंडों की बल पर गाड़ियों को घेर लिया और मारपीट करने लगे। उन्होंने बताया कि बाराती विजय सक्सेना को आरोपियों ने गाड़ी से उतार कर लाठी डंडे से पीट कर घायल कर दिया। जब अन्य बाराती विजय को बचाने आए तो आरोपियों ने उन्हें भी पीटा और तमंचा दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## बार एसोसिएशन रामपुर को समर्थन

**शाहजहांपुर।** तहसील बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुभाषचंद्र शुक्ला व महामंत्री विवेक अवस्थी की ओर से एक पत्र बार एसोसिएशन रामपुर को भेजा गया। जिसमें बताया गया कि बीती 11 फरवरी को ज्ञात हुआ कि अधिवक्ता साथी फारुख अहमद खान की निर्मम हत्या कर दी गई है। उक्त घटना से बार एसोसिएशन पुवायां के अधिवक्ताओ को बहुत दुख हुआ। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए बार एसोसिएशन पुवायां में एक शोकसभा हुई। दुखद घटना पर आक्रोश प्रकट करते हुए अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर ज्ञापन तैयार करके मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी पुवायां के माध्यम से भेजा है। दुख की इस घड़ी में बार एसोसिएशन अधिवक्ता पीड़ित परिवार को न्याय दिलवाने में आपके साथ है।

## एसडीएम को ज्ञापन सौंप की सुलभ शौचालय निर्माण की मांग

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

मानव जीवन कल्याण समिति ने क्षेत्र के प्रसिद्ध कच्छियानी हनुमान मंदिर आने वालें भक्तों की सुविधा के लिए शौचालय निर्माण कराए जाने को ज्ञापन सौंपा है।

गुरुवार को समिति अध्यक्ष सुरेश शर्मा पप्पू के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारी /सदस्यों ने तहसील पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए अवगत कराया कि तिलहर क्षेत्र में हाइवे स्थित प्रसिद्ध कच्छयानी मंदिर पर मंगलवार व शनिवार को हजारों के संख्या में भक्तों का आगमन होता है। जिनमें महिलाएं की संख्या अधिक होती है। लेकिन उक्त स्थल के आस पास कोई सार्वजनिक शौचालय न होने से भक्तों को शौच अथवा लघुशंका आदि के लिए खेतों में जाना पड़ता है। श्री शर्मा ने एसडीएम से मांग करते हुए कहा कि भक्तों की सहूलियत और महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यहां पर सार्वजनिक सुलभ शौचालय का निर्माण कराया जाए। एसडीएम सदानंद सरोज ने ज्ञापन देने बालों को आश्वस्त किया कि वह स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर सुलभ शौचालय का निर्माण करबाएंगे। ज्ञापन देने वालों में चंद्रकांता त्रिवेदी, सुबोध कुमार, माया देवी, इशिका शर्मा, संजीव कुमार आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।



## विभिन्न मांगों को लेकर मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसो. ने किया प्रदर्शन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन इकाई के लगभग डेढ़ सौ साथी शहीद उद्यान में एकत्रित हुए। अखिल भारतीय संगठन के आह्वान पर सभी सदस्यों ने पूर्ण रूप से हड़ताल में भाग लिया। शहीद उद्यान से एकत्र होकर सभी साथी बाइक रैली के माध्यम से खिरनी बाग पहुँचे, जहाँ नई चार श्रम संहिताओं को निरस्त करने तथा बिक्री प्रोत्साहन कर्मचारियों (सेल्स प्रमोशन एम्प्लॉइज) सेवा की शर्तें अधिनियम, 1976 को यथावत लागू रखने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया गया। केंद्र सरकार की श्रम-विरोधी नीतियों का पुरजोर विरोध करते हुए पुरानी श्रम व्यवस्थाओं को लागू रखने की मांग उठाई गई। इसके पश्चात सभी कर्मचारी कलेक्ट्रेट पहुँचे और प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा। सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों को निश्चित अवधि रोजगार पर नियुक्ति की अनुमति न दी जाए, नियोक्ताओं द्वारा किसी प्रकार की छंटनी और स्थानांतरण पर रोक सुनिश्चित की जाए, सभी कर्मचारियों को समय पर पूर्ण वेतन का भुगतान किया जाए, बिक्री प्रोत्साहन कर्मचारियों सेवा की शर्तें अधिनियम, 1976 एवं संबंधित नियमों का सख्ती से पालन किया जाए, एफएमआरएआई के साथ चर्चा कर अधिनियम 1976 के प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्य नियम बनाए जाएं, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के माध्यम से निगरानी व ट्रैकिंग द्वारा गोपनीयता में हस्तक्षेप रोका जाए, दवाओं और चिकित्सा उपकरणों पर जीएसटी शून्य किया जाए, अस्पतालों में निर्बाध कार्य की अनुमति दी जाए, दवाओं की ऑनलाइन बिक्री बंद की जाए तथा दवा क्षेत्र में कॉर्पोरेट भ्रष्टाचार पर रोक लगे, श्रम कानूनों का उल्लंघन करने वाले नियोक्ताओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए, ईपीएस पेंशनभोगियों के लिए न्यूनतम पेंशन 9,000 या उससे अधिक सुनिश्चित की जाए, सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन 26,910 घोषित किया जाए, ट्रेड यूनियनों के संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों पर किसी प्रकार का हमला बंद किया जाए। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष हिमांशु मिश्रा, सचिव सी.एल. तिवारी, पूर्व अध्यक्ष मुरारी दीक्षित, प्रदेश सचिव असित मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष अरविंद सिंह, पूर्व सचिव विजय मिश्रा, उपाध्यक्ष दलजीत त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष विकास तिवारी सहित अनेक पदाधिकारी एवं दवा प्रतिनिधि उपस्थित रहे।





## मेडिकल हेल्थ चेक-अप 17 फरवरी को

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य हज कमेटी लखनऊ के माध्यम से जनपद से हज यात्रा 2026 पर जाने वाले आज़मीनों को टीकाकरण के सम्बन्ध में सीएमओ कार्यालय द्वारा अपने पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि मेडिकल हेल्थ चेक–अप व वैक्सीनेशन हेतु स्थान नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जली कोठी पुराना अस्पताल में 17 फरवरी को 11 बजे से होगा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि जनपद से हज यात्रा पर जाने वाले आज़मीन लोग अपना मेडिकल हेल्थ चेक अप व वैक्सीनेशन निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर स्वास्थ्य से सम्बन्धित चेक–अप कराकर वैक्सीनेशन प्रमाण पत्र –कार्ड प्राप्त कर ले।

## खबरें एक नजर में

### फहद ने कॉमर्स में जेआरएफ और रोहित ने पास किया नेट




**शाहजहांपुर।** एसएस कॉलेज के कॉमर्स विभाग के छात्र फहद अहमद खान ने कॉमर्स विषय में यूजीसी द्वारा आयोजित नेट परीक्षा में 74 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जेआरएफ के लिए क्वालीफाई किया है। फहद जनपद शाहजहांपुर से कॉमर्स विषय में जेआरएफ प्राप्त करने वाले पहले छात्र हैं। फहद के पिता नईम उल्ला खान नगर निगम में कार्यरत थे। उन्होंने बेटे की सफलता पर खुशी का इजहार करते हुए कहा कि यह सब गुरुजनों का आशीर्वाद है। उन्होंने कहा कि मेरा सपना पूरा हुआ। अब मेरा बेटा सरकारी छात्रवृत्ति लेकर पी-एचडी कर सकेगा और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हमारे परिवार का नाम रोशन करेगा। फहद के साथ ही कॉमर्स विभाग के छात्र रोहित शर्मा ने भी 66 प्रतिशत अंकों के साथ नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। अब वह पी-एचडी के साथ-साथ सहायक प्रवक्ता पद पर आवेदन हेतु भी योग्य माने जाएंगे। रोहित के पिता रजनीश शर्मा कांट ब्लॉक में प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक हैं। उन्हें प्रसन्नता है कि उनका बेटा डिग्री कॉलेज में पढ़ाने के योग्य बन गया है।

### रामपुर में अधिवक्ता की हत्या के विरोध में पीलीभीत में अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार




**पीलीभीत।** रामपुर में अधिवक्ता की गोली मारकर निर्मम हत्या किए जाने के विरोध में पीलीभीत में अधिवक्ताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता को गोली मारने वाले अपराधी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को लेकर राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन पीलीभीत जिलाधिकारी को सोपा। अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की भी मांग की। रामपुर में अधिवक्ता की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या किए जाने को लेकर पीलीभीत के अधिवक्ताओं में काफी नाराजगी देखी गई जिन्होंने कार्य बहिष्कार कर नाराजगी जताई अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सोपा। जिस ज्ञापन में कहा गया कि उत्तर प्रदेश में लगातार अधिवक्ताओं पर हमले हो रहे हैं लेकिन इसके बाद भी अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट उत्तर प्रदेश में लागू नहीं किया जा रहा है जिसे बिना देरी किए लागू किया जाए। रामपुर में मृतक अधिवक्ता फारूक अहमद खां के परिजनों को 50 लख रुपए के आर्थिक सहायता के रूप में और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। ज्ञापन देने के दौरान सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सरोज बाजपेई और जिला संयुक्त बार एसोसिएशन पीलीभीत अध्यक्ष राजीव अवस्थी, महासचिव विद्याराम वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार वर्मा उपाध्यक्ष उच्च वर्ग संदीप रस्तोगी रोहित कुमार सिंह समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे। बीसलपुर में भी रामपुर में अधिवक्ता की हत्या किए जाने के विरोध में अधिवक्ता हड़ताल पर रहे। जिससे वादकारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### भारत-अमेरिका संभावित व्यापार समझौते पर किसानों का विरोध प्रदर्शन



**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।** भारतीय किसान यूनियन टिकट के किसानों ने भारत अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते को लेकर कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेज कर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को रद्द करने की मांग की है। किसानों का आरोप है कि भारत और अमेरिका के बीच जो व्यापारिक समझौता हुआ है, वो किसान विरोधी है। गुरुवार को भारती किसान यूनियन टिकैट गुट के गुरुवार को जनपद पीलीभीत इकाई के पदाधिकारी ने जिला पशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा ज्ञापन भारतीय किसान यनियन टिकैट गुट के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा की अगुवाई में दिया गया। किसानों का आरोप है कि अमेरिका में आधुनिक मशीनों के द्वारा अधिक उत्पादन फसलों का किया जाता है जिससे भारत अमेरिका के बीच व्यापारिक समझौता होने के बाद अमेरिका से अनाज का अधिक निर्यात भारत किया जाएगा जिसका सीधा असर भारत के किसानों पर पड़ेगा। भारत के किसानों को काफी नुकसान होगा। इसलिए भारत और अमेरिका के बीच संभावित व्यापारिक समझौते को रद्द किया जाना चाहिए।

### कालेज में छात्र-छात्राओं के लिए आशीर्वाद कार्यक्रम का आयोजन

**पूरनपुर,पीलीभीत।** माधोटाडा रोड पर स्थित सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में गुरुबार को कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जूनियर छात्रों ने अपने सीनियर्स को यादगार विदाई दी और उनके लिए रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ उप जिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह, अध्यक्ष बृजेश गुप्ता, प्रबंधक हरि बल्लभ गुप्ता, गौरव गुप्ता, वंदना प्रमुख सूर्य वाला शर्मा व प्रधानाचार्य संजय कुमार मिश्रा द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समझ दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पण कर हुआ कार्यक्रम में एकादश के छात्र -छात्राओं ने द्वादश के छात्र- छात्राओं का स्वागत तिलक -चंदन लगाकर किया।

# होली व रमजान को लेकर पीस कमेटी ने की बैठक

▶ सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की कोतवाल ने की अपील

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



आगामी होली एवं रमजान पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने कच्चा कटरा स्थित सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां के आवास पर मोहल्लावासियों के साथ एक पीस मीटिंग आयोजित की।

बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं एवं युवाओं ने भाग लिया। प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने कहा कि होली और रमजान दोनों ही पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सद्भाव का संदेश देते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि सभी नागरिक एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए त्योहार मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश प्रसारित करने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। यदि कोई भी व्यक्ति माहौल बिगाड़ने का प्रयास करता है तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने भी उपस्थित लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि तिलहर की गंगा-जमुनी तहजीब पूरे प्रदेश में मिसाल रही है। उन्होंने कहा कि सभी लोग मिलजुल कर होली और रमजान के पर्व को शांति एवं भाईचारे के साथ मनाएं। मोहल्लावासियों ने प्रशासन को सहयोग देने का भरोसा दिलाया और कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी लोग सजग रहेंगे। बैठक में काशिफ़ हुसैन, शारिक हुसैन, साजिद अली, इनामुल्ला, गुलाम अहमद रज़ा,अकरम,असलम, चंदा खान, हरि शंकर, अतुल रस्तोगी, जीतू सिंह, आदि लोग मौजूद रहे ।

वहीं कटरा थाना परिसर में आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पीस कमेटी की बैठक गुरुवार को शाम 5:30 बजे आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी तिलहर ज्योति यादव ने की।

## कैम्पस प्लेसमेंट के दूसरे दिन 55 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**प्लेसमेंट में दो कंपनियों ने की भागीदारी, 115 अभ्यर्थियों ने लिया भाग**

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



रोजा के प्रशिक्षण संस्थान रोजा में गुरूवार को दूसरे दिन कैम्पस प्लेसमेंट के आयोजन में दो कंपनियों के अधिकारी पहुंचे। इस दौरान मोटर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, डेंटिंग, पेंटिंग सहित अन्य ट्रेड् के 115 अभ्यार्थी शामिल हुए। कंपनी के अधिकारियों ने 55 अभ्यर्थियों का चयन किया। कैम्पस प्लेसमेंट में लेयाम ग्रुप आफ कम्पनी द्वारा याजाकी इण्डियाँ लि. रूद्रपुर उत्तराखण्ड एवं टाटा मोटर बस बॉडी लि. लखनऊ के लिए प्रतिभाग किया गया। कैम्पस प्लसेमेट में 115 अभ्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें में कम्पनी द्वारा 55 अभ्यार्थियो को चयनित किया गया। उक्त कैम्पस प्लेसमेंट का सफल आयोजन प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार के मार्गदर्शन में रविन्द्र कुमार प्रभारी प्लेसमेंट तथा प्रीति मौर्या, अनुदेशिका, महिमा पाण्डेय, अनुदेशिका एवं कर्ण सिंह अनुदेशक द्वारा किया गया।

## गैस चूल्हे से आग लगने से लाखों का सामान जला



**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।**

दियोरिया कलां कोतवाली क्षेत्र के मधवापुर निवासी मेवाराम के घर में खाना बनाते समय गैस चूल्हे से आग लग गई। इस अग्निकांड में कमरे में रखा लगभग डेढ़ लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया।यह घटना शाम करीब आठ बजे हुई, जब मेवाराम के बेटे हरीश कुमार की पत्नी दीपिका अपने कमरे में गैस चूल्हे पर खाना बना रही थीं। अचानक गैस चूल्हे से आग भड़क उठी और देखते ही देखते पूरे कमरे में फैल गई। आग की चपेट में आने से कमरे में रखा फ्रिज, कूलर, अलमारी, डबल बेड, कपड़े, रजाई, गद्दा और कुर्सी सहित अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जल गए। अग्निकांड में परिवार को करीब डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हुआ है।घटना की सूचना मिलते ही आसपास के तमाम लोग मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राजस्व लेखपाल ने भी घटनास्थल का मौका मुआयना किया। उन्होंने आग से हुए नुकसान का आकलन कर अपनी रिपोर्ट राजस्व विभाग को सौंप दी है। इस अग्निकांड से पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक क्षति हुई है।

### धान खरीद में क्रय केंदों का घोटाला, भाकियू जिलाध्यक्ष ने जांच की मांग

**पूरनपुर।** जनपद में इस वर्ष धान खरीद सत्र के दौरान बड़े पैमाने पर घोटाले के आरोप सामने आए हैं। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष मंजीत सिंह ने गुरुवार शाम चार बजे कहा कि

▶ **जिला अध्यक्ष ने कहा-वास्विक धान एमएसपी से वंचित रह गया है किसान**

वास्तविक धान किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य से वंचित रह गया। आरोप है कि बाहरी खरीद केंद्रों पर लगभग 99 प्रतिशत तक फर्जी धान खरीद दर्शाई गई, जबकि कृषि उत्पादन मंडी समिति के क्रय केंद्रों पर नाममात्र की खरीद ही दिखाई जा रही है। उन्होंने बताया कि अधिकांश धान पहले से ही राइस मिलों के परिसर में रखा हुआ था, जिसे कागजों में सरकारी धान खरीद के रूप में दर्शा दिया गया। इस पूरे मामले में सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका जताई गई है। जिलाध्यक्ष ने मांग की है कि धान खरीद घोटाले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों से सरकारी धन की रिकवरी की जाए।


अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
MINISTRY OF MINORITY AFFAIRS (Government of India)

Skill India

Central Electronics Limited
A Mini Ratna Enterprise
A Govt. of India Enterprise
Under DSIR, Ministry of Science & Technology.

EMPOWERING MINORITIES THROUGH SKILL DEVELOPMENT

ENROLL NOW under Pradhan Mantri Virasat Ka Samvardhan (PM VIKAS) Scheme

SHORT TERM COURSES OFFERED

AI-TECHNOCRAFT
Duration : 6 to 8 Month
Eligibility : Graduate



Sponsored free Skill Development Training Program under PM-VIKAS Scheme for all Minority Communities (Muslim, Christians, Boudh, Sikh, Parsi and Jain, economically weak candidates, 15% non-minority candidates)

Male and Female
Age: 18 to 35

- Stipend with Certification to trainees.
- Placement support in relevant field.

Documet Required
Passport Size Photo Aadhar Card
All Marksheet
Bank Passbook
(DBT Account) Income
Certificate Caste certificate
Experience Certificate (Optional)

Central Electronics Limited
A Mini Ratna Enterprise
A Govt. of India Enterprise
Under DSIR, Ministry of Science & Technology.

Centre Address
CELL Shahjahanpur, Plot No. 115/3, Vill Peeru Powayan, Shahjahanpur-242401

Contact details
+91-9198523065


## कार्यालय नगर पंचायत कांठ,जनपद-शाहजहांपुर

पत्रांक: 241/न.पं.कांट/ 2025-26 — दिनांक 11-02-2026

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916(सं.प्र. ऐक्ट संख्या 2, 1916) की धारा 298 (2) के अधीन प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करके नगर पंचायत, कांट की बोर्ड बैठक दिनांक 22 -01- 2026 के प्रस्ताव संख्या-5 के द्वारा अपनी सीमा के अंतर्गत लगे विज्ञापनों का विनियमन और नियंत्रण एवं अनुज्ञप्ति शुल्क वसूली हेतु विज्ञापन शुल्क उपविधि बनाई है। जिससे उक्त ऐक्ट की धारा 301 (1) के अंतर्गत आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित किए जाने के उद्देश्य से 15 दिवस के लिए प्रकाशित किया जाता है। सभी आपत्तियों एवं सुझाव अधिशासी अधिकारी को संबोधित इस कार्यालय को प्रेषित किए जाएंगे। केवल उन्हीं आपत्तियों पर विचार किया जाएगा जो नियत तिथि तक प्राप्त होंगे। निर्धारित अवधि समाप्त होने के उपरांत प्राप्त आपत्तियों एवं सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। इस नियमावली से पूर्व यदि कोई नियमावली इससे संबंधित प्रचलित है तो इस सीमा तक संशोधित या निरस्त समझी जाएगी।

### विज्ञापन शुल्क उपविधि-2026

1. शीर्षक- यह नियमावली नगर पंचायत कांट,जनपद- शाहजहांपुर विज्ञापन शुल्क उपविधि-2026 कहलाएगी।
2. प्रकृति- यह नियमावली उत्तर प्रदेश साधारण गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से प्रभावित होगी।
3. परिभाषाएं- जब तक विषय या प्रसंग से कोई बात प्रतिकूल न हो, इस नियमावली में-

(क) अधिनियम का तात्पर्य नगर पालिका अधिनियम 1916 सं.प्र.एक्ट संख्या 2,19 16) से है।
(ख) अधिशासी अधिकारी से तात्पर्य नगर पंचायत कांट के अधिशासी अधिकारी से है।
(ग) बोर्ड का तात्पर्य नगर पंचायत कार्ड के बोर्ड से है।
(घ) अध्यक्ष का तात्पर्य नगर पंचायत कांट के अध्यक्ष/ प्रशासक से है।
(ड़) नगर पंचायत से तात्पर्य नगर पंचायत कार्ड, जनपद-शाहजहांपुर से है।
(च) नगर पंचायत सीमाओं से तात्पर्य वर्तमान में निर्धारित सीमायें या भविष्य में बढ़ने से निर्धारित होकर प्रभावित होने वाली सीमा से है।
(छ) विज्ञापन से तात्पर्य किसी ऐसे पत्र, पत्रांक, सूचना पोस्टर, कपड़े के बैनर, कागज के छोटे पोस्टर चिपकाने वाले, साइन बोर्ड या उच्च किसी ऐसे पक्ष से है जो विज्ञापन के लिए प्रस्तुत की गई है।
(ज) भवन से तात्पर्य घर/दुकान/ बाउंड्रीवॉल के प्रत्येक भाग, जिसमें बाहरी दीवारों का घेरा या भवन के किसी भाग से है, जिसमें विज्ञापन प्रदर्शित किया गया है।
(झ) विज्ञापनकर्ता में वे सभी व्यक्ति सम्मिलित हैं जो विज्ञापन कार्य करने के लिए नियुक्त किए गए हो तथा फर्मो या कंपनी के मालिक,स्वामी, प्रतिनिधि, साझेदार या प्रबंधक आदि जिनके लिए विज्ञापन प्रदर्शित किया गया है।

4. अधिशासी अधिकारी से पूर्व में लिखित अनुज्ञा प्राप्त किए बिना कोई भी व्यक्ति नगर पंचायत की सीमा के भीतर किसी भवन, पुल,मार्ग, फुटपाथ, उपरिगामी, सेतु या उससे संलग्न भूमि या वृक्ष रक्षक नगर प्राचीन बाउंड्रीवॉल, नगर में विद्युत या टेलीफोन के खंभे, चल वाहनों या किसी भी खुले स्थान पर कोई विज्ञापन या किसी प्रकार की सूचना या चित्र जिससे किसी समान प्रज्ञा वाले व्यक्ति विज्ञापन होने का आभास हो, ना तो परिनिर्मित करेगा, न चिपकाएगा, न प्रदर्शित करेगा, न लिखेगा, न लटकाएगा, न चित्रित करेगा।
5. नगरीय सीमा अंतर्गत उपरोक्त वर्णित किसी भी प्रकार के विज्ञापन हेतु निर्धारित प्रारूप पर आवेदन करना होगा तथा प्राप्त आवेदनों को आदर्श उपविधि में दिए गए निर्देशानुसार गुण व दोष के आधार पर सही पाए जाने पर संबंधी अग्रेत्तर कार्यवाही संपादित की जाएगी।
6. अधिशासी अधिकारी को यह अधिकार होगा कि यह अपने द्वारा किसी स्वीकृत आज्ञा को जनहित में रद्द कर दे।
7. नगर पंचायत कांट की सीमा के भीतर अनाधिकृत विज्ञापन लगाने पर अधिशाषी अधिकारी को अधिकार होगा कि वह उस व्यक्ति के ही खर्चे पर हटा दे और इस प्रकार किया गया व्यय नगर पालिका अधिनियम के अंतर्गत उस व्यक्ति या फर्म से वसूल कर लिया जाएगा। जिसके लिए या जिसका विज्ञापन करने के लिए यह लगाया गया था। यदि विज्ञापन हटाए जाने की तिथि से 1 माह के अंदर न छुड़वाया जाये तो अधिशाषी अधिकारी संबंधित लोगों को इसके लिए सूचना देकर ऐसे विज्ञापनों को नीलाम कर सकेगा।
8. इन नियमों के अंतर्गत प्रत्येक आज्ञा के स्वीकार किए जाने पर लिखित शुल्क अग्रिम जमा करना होगा।

**9. दर/ शुल्क**

| क्र.सं. | विज्ञापन का प्रकार | देय वार्षिक शुल्क | देय मासिक शुल्क |
|---|---|---|---|
| 1. | भूमि, दीवार और भवन विद्युत तथा अन्य खंभे सार्वजनिक स्थल और सड़कों पर विज्ञापन पट (साइन बोर्ड होल्डिंग, बैनर साईनेम) के निर्माण और प्रदर्शन | **राजकीय राजमार्ग पर** रू. 500.00 प्रति वर्ग मीटर/प्रतिवर्ष राजकीय राजमार्ग से इतर मार्गों पर 400.00 प्रति वर्ग मीटर/प्रतिवर्ष | **राजकीय राजमार्ग पर** रू. 500.00 प्रति वर्ग मीटर/प्रति माह राजकीय राजमार्ग से इतर मार्गों पर 40.00 प्रति वर्ग मीटर/ प्रति माह |
| 2. | वॉल पेंटिंग | **राजकीय राजमार्ग पर** रू. 100.00 प्रति वर्ग मीटर/प्रतिवर्ष राजकीय राजमार्ग से इतर मार्गों पर 80.00 प्रति वर्ग मीटर/प्रतिवर्ष हल्का वाहन (आटो रिक्शा/3,4 व्हीलर) | - - - |
| 3. | शक्ति चलित तीन, चार पहिया वाहन एवं अन्य पर सचल विज्ञापन (सड़क प्रदर्शन को छोड़कर) | **हल्का वाहन आटो रिक्शा/ 3,4 व्हीलर** रू. 2,500.00 प्रति वाहन/प्रतिवर्ष भारी वाहन (बस आदि) रू. 10,000.00 प्रति वाहन/प्रतिवर्ष | - - |
| 4. | ध्वनि विस्तारक यंत्र | - | 200.00 रू. प्रति बाक्स/ स्पीकर प्रतिदिन |
| 5. | एलईडी स्क्रीन | - | प्रथम मिनट पर 25 रू. अगले मिनट प्रति हेतु 01 रू. |
| 6. | सड़क प्रदर्शन (रोड शो) | - | तीन पहिया- रू. 25.00 प्रतिदिन चार पहिया- रू. 250.00 प्रतिदिन छः पहिया- रू. 500.00 प्रतिदिन |
| 7. | विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक युक्ति से संचालित विज्ञापन/परिवर्तनशील संदेश | रू. 6000.00 प्रति वर्ग मीटर/प्रतिवर्ष | रू. 60.00 प्रति वर्ग मीटर/प्रति माह |
| 8. | 1- पोस्टर 2- पर्चा 3- पताका 4- गुब्बारे 5- छतरी (कैनोपी) | - | 1- रू. 150.00 प्रति सैकड़ा 2- रू. 300.00 प्रति सैकड़ा 3- रू. 50.00 प्रति सैकड़ा 4- रू. 250 प्रतिदिन 5- रू. 250 प्रतिदिन |
| 9. | एक स्तंभ (यूनिपोल) | उपर्युक्त मद सं.-01 के अनुसार | उपर्युक्त मद सं.-01 के अनुसार |
| 10. | अन्य प्रकार के विज्ञापन (जिनका आलेख ऊपर नहीं है।) | उपर्युक्त मद सं.-01 के अनुसार | उपर्युक्त मद सं.-01 के अनुसार |

**नोट- निजी भूमि/भवनों पर प्रकाशित विज्ञापनों हेतु उपयुक्त निर्दिष्ट दरों का 70 प्रतिशत अनुज्ञा शुल्क देय होगा।**

10. निजी वाहनों पर पोस्टर/बैनर आदि चिपकाने अथवा वॉल राइटिंग के पूर्व भवन स्वामी की लिखित अनुमति आवश्यक होगी।
11. अनुज्ञा प्रदान करने की रीति -(1) सार्वजनिक नीलामी के द्वारा (2)नगर पंचायत द्वारा स्वयं।
12. यदि नगर पंचायत यह आवास करती है कि प्रदर्शित विज्ञापन नियमावली के विरुद्ध है तो नगर पंचायत उसे हटा देगी।
13. दुकानों के आगे नाम पत्रिका लगे बोर्ड एवं सामाजिक संदेश देने वाले विज्ञापन पर नियमावली लागू नहीं होगी।
14. ऐसा विज्ञापन नहीं लगाया जा सकता जो मनुष्य की भावनाओं को ठेस पहुंचती हो, दूसरे व्यक्ति के प्रति घृणा उत्पन्न करता हो या व्यक्तिगत द्वेष से प्रेरित होकर ऐसा उद्बोधन करती हो जो विवाद उत्पन्न करता हो।
15. उपरोक्त अनुसूची में विनिष्ट कर दरें अनुवृत्ति वित्तीय वर्ष जिसमें यह नियमावली प्रदत्त होगी के दो वर्षो की समाप्ति के बाद 10त्न तक बढ़ी हुई समझी जाएगी। तत्पश्चात इसी प्रकार की वृद्धि प्रत्येक दो वित्तीय वर्ष की समाप्ति के बाद प्रभावी होगी।
16. अध्यक्ष/ अलिशासी अधिकारी नगर पंचायत कांट में यह अधिकार निहित होगा कि प्रस्तावित नियमावली से भिन्न किसी प्रकार के विज्ञापन शुल्क के संबंध में नियम सम्मत शुल्क का निर्धारण कर सकता है।
17. नगर पंचायत से कांट सीमा अंतर्गत विज्ञापनदाता व्यक्तियों/ संस्थाओं/कंपनियों तथा नगर पंचायत के मध्य कोई विवाद उत्पन्न होता है तो अध्यक्ष/अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत कांट का निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा, जो अंतिम होगा।
18. नगर पंचायत/ जिला पंचायत/जिला प्रशासन चुनाव आयोग या राज्य सरकार के द्वारा हटाए गए विज्ञापनों की क्षतिपूर्ति देय न होगी।
19. विद्युत या इलेक्ट्रॉनिक युक्त से संचालित साइन बोर्ड पेड़ों/ विद्युत पोलो/ट्रांसफार्मर के खंभों पर किसी भी दशा में दर्शित नहीं किए जाएंगे। कियास्क पट प्रत्येक खंभे पर दो (आगे/पीछे) से अधिक नहीं लगाए जाएंगे। दो बैनरों के बीच की दूरी एक फुट अनिवार्य होगी तथा क्रॉस द रोड बैनर लगाया जाना प्रतिबंधित है।
20. उपरोक्त शर्तों में परिवर्तन- परिवर्धन करने का अधिकार अध्यक्ष नगर पंचायत कांट में निहित होता।
21. शासन स्तर से समय-समय पर निर्गत शासनादेश मान्य होंगे तथा नियमावली उस सीमा तक संशोधित समझी जाएगी।

**नोट-** उपरोक्त नियमों के किसी अनुच्छेद का उल्लंघन करने पर अर्थदंड किया जाएगा, जो रुपए 10000 (रूपये एक हजार मात्र) तक हो सकता है, यदि निरंतर उल्लंघन जारी रहे तो प्रत्येक दिन के लिए जिसके बारे में सिद्ध हो जाए कि अपराधी अपराध करता चला आ रहा है तो 25 (रूपये पच्चीस मात्र) अर्थदण्ड प्रतिदिन उपरोक्त के अतिरिक्त किया जाएगा। अर्थदंड आधा न करने पर आरसी जारी करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी को होगा तथा सक्षम न्यायालय में वाद दायर किया जाएगा।

**(नूरजहां)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कांट, शाहजहांपुर**

**(मुनारा बेगम)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कांट,शाहजहांपुर**

# फर्जी की मर्जी पर अंकुश

डीपफेक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से झूठ को सच बनाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर केंद्र सरकार ने शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है। इस तरह के भ्रमित करने वाली सामग्री प्रसारित करने वाले सोशल मीडिया को नियंत्रित करने वाले नियमों को सख्त बनाया जा रहा है। जिससे डिजिटल कंपनियों और प्लेटफॉर्मों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है, खासकर डीपफेक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई से निर्मित सामग्री के संबंध में। दरअसल, ये नवीनतम बदलाव उन शिकायतों के बाद किए गए हैं जिसमें एआई बॉट द्वारा पथभ्रष्ट करने वाली उत्तेजक छवियों के निर्माण करने के आरोप लगे हैं। जिसके खिलाफ दुनिया के कई देशों ने भी सख्त कदम उठाए हैं। उल्लेखनीय है कि आईटी के नये नियम बीस फरवरी से लागू होंगे। इसके बाद एआई के जरिये निर्मित सामग्री पर इस बात का लेबल लगाना जरूरी होगा कि उसे कृत्रिम रूप से गढ़ा गया है। साथ ही प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को उपयोगकर्ताओं को भरोसा दिलाना होगा कि साझा की जा रही सामग्री एआई द्वारा निर्मित है या नहीं। ऐसे वक्त में जब लोगों की संवेदनाओं और भरोसे से खिलवाड़ का खेल द्रुत गति से जारी है, केंद्र सरकार की ओर से उठाया गया यह जरूरी कदम कहा जा सकता है। सरकार ने नये प्रावधानों में निर्देश दिया है कि किसी भी अवैध या भ्रामक एआई जनित सामग्री को तीन घंटे के भीतर हटाना होगा या फिर ब्लॉक करना होगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले यह हटाने की समय सीमा 36 घंटे थी। हालांकि, इस तरह सख्त नियमों के जरिये सोशल मीडिया का नियमन खासा जटिल कार्य है। इस आदेश की जटिल कार्यप्रणाली के अतिरिक्त, यह सवाल भी विवाद का विषय बना हुआ कि ऑनलाइन आपत्तिजनक सामग्री किसे माना जाए। साथ ही यह भी कि क्या स्वीकार्य है? यदि हां तो किस आधार पर? वहीं दूसरी ओर इसके बहाने सरकारों द्वारा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने की चिंताएं भी बरकरार हैं। सही मायनों में, लोकतंत्र की अपरिहार्य शर्त स्वतंत्र अभिव्यक्ति से जुड़ी इन चिंताओं का निराकरण भी जरूरी है। निःसंदेह दुनिया में जैसे-जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता डिजिटल क्षेत्र में अपना दायरा बढ़ाती जा रही है, वैसे-वैसे ही प्रभावी नियामक नियंत्रण स्थापित करना एक कठिन चुनौती बनता जा रहा है। वहीं दूसरी ओर एआई उद्योग के लिये भी, अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बाजार में अपनी तकनीकों के विस्तार के साथ-साथ नैतिक ढांचों को बनाये रखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य बनता जा रहा है। उल्लेखनीय है कि एक प्रमुख कंपनी के सुरक्षा शोधकर्ता का विवादास्पद परियोजनाओं की अनियंत्रित गति से असहमति जताते हुए त्यागपत्र देना तकनीकी प्रगति की छलांग लगाती गति के दुष्परिणामों को ही उजागर करता है। निर्विवाद रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता जनित स्पर्धा के दौर में नैतिक दुविधा स्पष्ट है। साथ ही इसका कोई कारगर समाधान शीघ्र नजर भी नहीं आता। इस संकट से विकासशील देश ही नहीं, विकसित देश भी गहरे तक जूझ रहे हैं। आस्ट्रेलिया व फ्रांस आदि देशों में बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने की न्यूनतम उम्र निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में इंस्टाग्राम और यूट्यूब के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों की जांच के लिये एक ऐतिहासिक मुकदमा शुरू हो गया है। सोशल मीडिया कारोबार में दोनों हाथों से मुनाफा बटोरने वाली कंपनियों के देश अमेरिका में दुनिया की सबसे बड़ी सोशल मीडिया कंपनियों पर लोगों को लत लगाने वाली मशीनें बनाने के आरोप लग रहे हैं। इस बाबत एक अंतर्राष्ट्रीय प्रमुख विशेषज्ञ की टिप्पणी है- हम देख रहे हैं कि अधिकाधिक युवा न केवल मनोवैज्ञानिक बल्कि शारीरिक पीड़ा का भी अनुभव करते हैं, जब उनसे फोन आदि उपकरण ले लिए जाते हैं। कमोबेश यही स्थिति भारत समेत तमाम विकासशील देशों में भी बनी हुई है। इस संकट का कोई स्थायी समाधान विश्व भर के लिये प्रासंगिक हो सकता है। निःसंदेह, इस बेहद घातक तकनीक आक्रमण से निबटना लगातार बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। निर्विवाद रूप से असली-नकली के भ्रम से जूझते उपयोगकर्ताओं की संवेदनाओं से खिलवाड़ का सिलसिला नियंत्रित होना चाहिए। वहीं दूसरी ओर डीपफेक से धोखाधड़ी-गलत सूचनाओं के बढ़ते खतरों को नियंत्रित करने के लिये सख्त नियम के साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के संचालकों को जवाबदेह बनाना भी जरूरी है।

# कायम है आवाज की दुनिया का जादू

*प्रयाग पाण्डे*



**साल 1990 के दशक में इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में आई क्रांति ने संचार क्रांति को जन्म दिया है। उपग्रहों और अनेक प्रकार के अत्याधुनिक उपकरणों की सहायता से जनसंचार माध्यमों की शक्ति और विस्तार को अकल्पनीय ऊँचाइयों तक पहुँचा दिया है। नित नए आविष्कारों ने टीवी, मोबाइल समेत रोजमर्रा के जीवन में उपयोग में आने वाले अनेक उपकरणों को स्मार्ट बना दिया है। संपूर्ण ब्रह्मांड की समस्त जानकारियां एक छोटे-से मोबाइल में समा गई हैं। संचार क्रांति के मौजूदा दौर में भी रेडियो की प्रासंगिकता बनी हुई है। कम्युनिटी रेडियो आ गए हैं। सैकड़ों खबरिया चैनलों के आ जाने के बावजूद रेडियो सूचना, शिक्षा और मनोरंजन का लोकप्रिय माध्यम है। रेडियो का विशाल श्रोता वर्ग है। दूसरे इलेक्ट्रॉनिक समाचार माध्यमों के बनिस्बत रेडियो में प्रसारित समाचारों की विश्वनीयता आज भी असंदिग्ध मानी जाती है। पहले कानों सुनी के मुकाबले आँखों देखी पर ज्यादा भरोसा किया जाता था लेकिन मौजूदा दौर के खबरिया चैनलों ने इस भ्रम को तोड़ दिया है।**

आज विश्व रेडियो दिवस है। आज से करीब एक सौ बीस साल पहले रेडियो का आविष्कार हुआ था। रेडियो के आविष्कार ने वैश्विक संचार में अभूतपूर्व क्रांति ला दी थी। भारत में आवाज की इस अनोखी दुनिया को एक सौ तीन वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। पिछली करीब एक सदी की शानदार यात्रा में रेडियो, भारत के जन-जन के जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। नई संचार तकनीकी के अभ्युदय से पहले रेडियो ने भरोसेमंद जनसंचार के एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

एक स्थान से दूसरे स्थान तक बे-तार आवाज पहुँचाने और इस क्रम में रेडियो जैसे बोलते उपकरण के आविष्कार की कहानी बेहद दिलचस्प है। तरंगों के द्वारा आवाज को एक स्थान से दूसरे स्थान तक संप्रेषित करने वाले रेडियो नाम के उपकरण को मूर्त रूप लेने में करीब चार दशक लगे। इस कालखंड में अनेक भौतिकविदों एवं अभियंताओं ने रेडियो के क्रमिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

साल 1864 में एक अंग्रेज गणितीय भौतिकविद जेम्स क्लर्क मैक्सवेल ने पहली बार रेडियो तरंगों के अस्तित्व की भविष्यवाणी की थी। साल 1888 में एक जर्मन भौतिकविद हेनरिश हट्र्ज ने रेडियो तरंगों के अस्तित्व को तो स्वीकारा लेकिन उन्होंने रेडियो तरंगों का दूरसंचार में उपयोग की संभावनाओं को नकार दिया था। इसी दरम्यान एक अंग्रेज भौतिकविद रदरफोर्ड ने तीन चौथाई मील दूरी तक रेडियो संकेत भेजकर हट्र्ज की अवधारणा को गलत सिद्ध कर दिया। 12 दिसंबर, 1881 में इटली के विद्युत अभियंता मारकोनी ने एक स्थान से भेजी गई आवाज को सुनने और पुनः अपनी आवाज दूसरे स्थान पहुँचाने में सफलता प्राप्त कर ली, लेकिन तब रेडियो का वर्तमान स्वरूप अस्तित्व में नहीं आ पाया था। साल 1904 में विद्युत अभियंता जॉन एम्ब्रोज फ्लेमिंग और साल 1906 में अमेरिका के डी. फारेस्टर ने रेडियो के आविष्कार को आगे बढ़ाया।

प्रारंभिक चरण में रेडियो का सबसे अधिक उपयोग समुद्री जहाजों द्वारा किया गया। समुद्री जहाज खतरे या दुर्घटना की स्थिति में एक-दूसरे जहाज या तट से सहायता प्राप्त करने के लिए रेडियो का उपयोग करते थे। 25 दिसंबर, 1906 की रात को अचानक जहाजियों ने तारयंत्र से पहले एक पुरूष की आवाज सुनी फिर उन्हें एक महिला का गीत और वायलिन की धुन सुनाई दी, इसी के साथ रेडियो को अपना अस्तित्व मिल गया।

शुरुआती दौर में इंग्लैंड में रेडियो को वायरलेस कहा जाता था। अमेरिका में इसे रेडियो टेलीग्राफ कहते थे। बाद में अमेरिकी लोगों ने इसमें से टेलीग्राफ शब्द को छोड़ कर सिर्फ रेडियो कहना शुरू कर दिया। साल 1920 में वेस्टिंग हाउस कंपनी के एक इंजीनियर ने अमरीकी सरकार से रेडियो प्रसारण का लाइसेंस प्राप्त कर पिट्सबर्ग में दुनिया का पहला रेडियो प्रसारण केंद्र स्थापित किया। डॉ. फ्रैंक कॉनराड ने रेडियो में सांध्य कार्यक्रमों की एक श्रृंखला प्रारंभ की। 23 फरवरी, 1920 को मारकोनी कंपनी ने चेम्सफोर्ड से रेडियो प्रसारण शुरू किया था। नवंबर, 1922 में जॉन रीथ के निर्देशन में ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कंपनी की स्थापना हुई। इसके साथ ही इंग्लैंड में रेडियो का नियमित प्रसारण शुरू हो गया।

साल 1923 में रेडियो क्लब, मुंबई ने भारत में रेडियो का पहला प्रसारण शुरू किया। इसी वर्ष कोलकाता समेत अन्य महानगरों में भी रेडियो प्रसारण शुरू हुए। इसके बाद भारत में इंडियन ब्रॉडकास्टिंग कंपनी का गठन हुआ। कंपनी ने भारत सरकार से रेडियो प्रसारण का अनुज्ञा-पत्र प्राप्त कर 23 जुलाई, 1927 को मुंबई से रेडियो प्रसारण प्रारंभ कर दिया। इस प्रसारण केंद्र का उद्घाटन भारत के तत्कालीन वायसराय लॉर्ड इरविन ने किया था। साल 1936 में दिल्ली में रेडियो के केंद्रीय स्टेशन की स्थापना हुई। इसी वर्ष इंडियन स्टेट ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन वजूद में आई। साल 1936 में इसका नाम ऑल इंडिया रेडियो कर दिया गया था। साल 1957 में आकाशवाणी किया गया।

रेडियो एक सशक्त श्रव्य माध्यम है। ध्वनि की अजूबी दुनिया है। वेदों के अनुसार सृष्टि की रचना का आधार ध्वनि को माना जाता है। कहा गया है कि ध्वनि से सृष्टि की रचना हुई। ध्वनि से ब्रह्मांड का विस्तार होता है। ध्वनि से ही वाणी उत्पन्न हुई। वाणी को मन का यथार्थ चित्र माना गया है।

रेडियो की दुनिया, आवाज की दुनिया है। इसका अद्भुत और आकर्षक संसार है। अपना सम्मोहन है। रेडियो की आवाज की सम्मोहक दुनिया श्रोताओं को पलक झपकते संपूर्ण ब्रह्मांड का विचरण करा देती है। रेडियो की इसी विशेषता ने रेडियो के दीवानों की लंबी परंपरा कायम की है। तत्काल और तत्क्षण संदेश प्रसारित करने की अद्भुत विशेषता की वजह से द्वितीय विश्वयुद्ध में प्रसार की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए रेडियो का तीव्र गति से विस्तार हुआ।

शुरुआती दिनों में हेडफोन लगाकर रेडियो सुना जाता था। कालांतर में बड़े रेडियो आए, जिन्हें सामूहिक रूप से सुना जाता था। साल 1947 में राकले, ब्राटेन और बार्डिन नाम के तीन अमेरिकी वैज्ञानिकों ने ट्रांजिस्टर का आविष्कार किया। ट्रांजिस्टर के आविष्कार से रेडियो की दुनिया में क्रांति आ गई। रेडियो सुनना सामूहिक से निजी हो गया। तब जहाँ सड़क, बिजली और यातायात के साधन नहीं थे, उन दूरस्थ क्षेत्रों में भी ट्रांजिस्टर पहुँच गया। पहुँच, निरंतरता, सुलभता और सस्ती तकनीक के कारण रेडियो सूचना, शिक्षा और मनोरंजन का लोकप्रिय जनसंचार माध्यम बन गया।

रेडियो सर्वसुलभ एवं सस्ता जनसंचार माध्यम है। साक्षर और निरक्षर सभी के लिए उपयोगी है। नेत्रहीनों के लिए वरदान है। रेडियो का लचीलापन और पहुँच बेजोड़ है। रेडियो को जहाँ जी चाहे ले जा सकते हैं, सुन सकते हैं। कोई भी काम करते समय इसे सुना जा सकता है। रेडियो के लिए भौगोलिक सीमाएं कोई बाधा उत्पन्न नहीं करती हैं। दूरदराज के क्षेत्रों और गाँवों में, जहाँ जनसंचार के अन्य माध्यमों की पहुँच नहीं है, वहाँ के लिए रेडियो ज्ञान का प्रवेश द्वार है। रेडियो दृश्यहीन माध्यम है। रेडियो की दुनिया का सारा दारोमदार ध्वनि और आवाज पर निर्भर है। श्रव्य माध्यम होने के कारण इसकी कुछ सीमाएं हैं। बावजूद इसके रेडियो की अपनी कुछ अनूठी विशेषताएं हैं। रेडियो वर्तमान और जीवंत होने का बोध कराता है। रेडियो श्रोताओं की कल्पनाशक्ति को जागृत करता है। श्रोताओं की कल्पनाशक्ति और विचारशक्ति को उन्मुक्त उड़ान भरने का अवसर प्रदान करता है, इसके उलट दृश्य माध्यम दर्शकों की विचारशक्ति को कुंठित करते हैं और उनकी मौलिक सोच को प्रभावित करते हैं।

साल 1990 के दशक में इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में आई क्रांति ने संचार क्रांति को जन्म दिया है। उपग्रहों और अनेक प्रकार के अत्याधुनिक उपकरणों की सहायता से जनसंचार माध्यमों की शक्ति और विस्तार को अकल्पनीय ऊँचाइयों तक पहुँचा दिया है। नित नए आविष्कारों ने टीवी, मोबाइल समेत रोजमर्रा के जीवन में उपयोग में आने वाले अनेक उपकरणों को स्मार्ट बना दिया है। संपूर्ण ब्रह्मांड की समस्त जानकारियां एक छोटे-से मोबाइल में समा गई हैं।

संचार क्रांति के मौजूदा दौर में भी रेडियो की प्रासंगिकता बनी हुई है। कम्युनिटी रेडियो आ गए हैं। सैकड़ों खबरिया चैनलों के आ जाने के बावजूद रेडियो सूचना, शिक्षा और मनोरंजन का लोकप्रिय माध्यम है। रेडियो का विशाल श्रोता वर्ग है। दूसरे इलेक्ट्रॉनिक समाचार माध्यमों के बनिस्बत रेडियो में प्रसारित समाचारों की विश्वनीयता आज भी असंदिग्ध मानी जाती है। पहले कानों सुनी के मुकाबले आँखों देखी पर ज्यादा भरोसा किया जाता था लेकिन मौजूदा दौर के खबरिया चैनलों ने इस भ्रम को तोड़ दिया है।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

## विचार

# 'रिजर्व करंसी' का अपना दर्जा छोड़ने को डॉलर तैयार नहीं

*नारायण रामचंद्रन*

2026 की शुरुआत के साथ ही 2 महत्वपूर्ण घटनाएं घटीं। पहली घटना यह थी कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती देने के लिए 'मजबूत युआन' का स्पष्ट आह्वान किया, वहीं दूसरी ओर, अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गिरते डॉलर को लेकर जताई जा रही चिंताओं को 'नहीं, यह तो बढ़िया है' कह कर खारिज कर दिया। यह सच है कि शी ने यह बात 2024 में एक बंद मंच पर कही थी, लेकिन चीनी अधिकारियों ने इसे इसी साल सार्वजनिक किया। यह भी सच है कि ट्रम्प लगभग 4 दशकों में डॉलर की बात करने वाले पहले अमरीकी राष्ट्रपति हैं।

पहले अमरीकी डॉलर के विभिन्न ऐतिहासिक चक्रों पर एक संक्षिप्त नजर डालें। सबसे पहला चक्र 1971 में राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन द्वारा ब्रेटन वुड्स समझौते के तहत स्वर्ण मानक और डॉलर की स्वर्ण में परिवर्तनीयता को निलंबित करने की चौंकाने वाली घोषणा से शुरू होता है। तब से, डॉलर के 7 प्रमुख चक्र रहे हैं। पहला, 1971-1978: स्वर्ण मानक छोड़ने के बाद अस्थिरता। दूसरा, 1978-1985: डॉलर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। तीसरा चरण, 1985-1992: प्लाजा समझौता और व्यापारिक सांझेदारों के सहयोग से डॉलर के मूल्य में नियोजित अवमूल्यन। चौथा चरण, 1992-2002: मजबूत डॉलर का युग, जिसमें अमरीका एकमात्र वैश्विक महाशक्ति था। पांचवां चरण, 2002-2012' अमरीका द्वारा महत्वपूर्ण मौद्रिक नीति में ढील देने के कारण डॉलर का मूल्य कम हुआ, जबकि उभरते बाजारों में तेजी आई। छठा चरण, 2012-2022: मजबूती का एक दशक, जो 2022 के आसपास उच्चतम स्तर पर पहुंचा।

सातवां चरण, 2022-2026: डॉलर नए शिखर पर पहुंचा लेकिन 2022 के मध्य में गिरावट शुरू हुई जो 2025 में और तेज हो गई। आज, डी.एक्स.वाई. डॉलर सूचकांक (छह मुद्राओं की एक टोकरी के मुकाबले) अपने 2022 के उच्चतम स्तर से लगभग 13 प्रतिशत नीचे है, अपने 2008 के न्यूनतम स्तर से 30 प्रतिशत ऊपर है और पूर्ण अवधि के रुझान के ठीक मध्य में है। साथ ही, सोना, जिसे कभी-कभी 'एंटी-डॉलर' कहा जाता है और चांदी, तांबा और प्लैटिनम जैसी अन्य धातुएं हाल ही में अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं (हालिया बिकवाली के साथ)। इससे कुछ विश्लेषकों ने इसे 'डॉलर का अवमूल्यन' कहना शुरू कर दिया है। मुद्राओं के संदर्भ में, अवमूल्यन एक गंभीर शब्द है। इस शब्द के लागू होने के लिए निम्नलिखित चारों शर्तों का पूरा होना आवश्यक है-एक, मुद्रा आपूर्ति में भारी वृद्धि, जिसे आमतौर पर एम2 वृद्धि द्वारा मापा जाता हैय दो, बड़ा राजकोषीय और चालू खाता घाटाय तीन, आसान मौद्रिक नियंत्रण परिस्थितियां, जो आमतौर पर मात्रात्मक सहजता की नीति द्वारा चिह्नित होती हैं और चौथी, देश के आर्थिक प्रबंधन में कम विश्वास। इन चार मापदंडों के आधार पर, आज अमरीका की स्थिति कुछ इस प्रकार है।

एम2 द्वारा मापी गई वार्षिक मुद्रा आपूर्ति वृद्धि 5 प्रतिशत है, जो काफी सामान्य है। अमरीका का राजकोषीय घाटा काफी अधिक है (2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 5.5 प्रतिशत अनुमानित) और इसका राष्ट्रीय ऋण 39 ट्रिलियन डॉलर है। एक असामान्य स्थिति यह है कि इसमें से 9 ट्रिलियन डॉलर का पुर्नवत्तपोषण 2026 में होना है, जिससे बॉन्ड यील्ड पर दबाव बढ़ सकता है। अमरीका सकारात्मक वास्तविक दरों और मात्रात्मक सख्ती के



संयोजन के साथ मध्यम रूप से सख्त मौद्रिक स्थितियों में काम कर रहा है। हाल के समय में डॉलर के 'सामान्यीकरण' की प्रक्रिया तेज हुई है और आज अमरीका को मुद्रा अवमूल्यन का खतरा नहीं है। यह मुख्य रूप से अमरीकी अर्थव्यवस्था के प्रति लोगों की भावना पर निर्भर करता है। प्रबंधन ने डॉलर को कमजोर कर दिया है। पिछले करीब एक साल से भारतीय रुपया उन मुद्राओं में से एक रहा है, जिनकी कीमत डॉलर के कमजोर होने के कारण कम हुई है। आम धारणा के विपरीत, 2025 में विनिमय दर में भारी गिरावट के बावजूद, पिछले कुछ वर्षों में रुपए का अवमूल्यन केवल 3.1 प्रतिशत रहा है। पिछले 25 वर्षों में रुपए के लिए सबसे खराब 3 साल की अवधि 2011-13 थी, जिसमें 'टैपर टैंट्रम' और डॉलर का अपने आधार पर लौटना शामिल था, जिसने डॉलर की मजबूती के दौर का भी संकेत दिया था। आज भारत की आर्थिक वृद्धि मजबूत है और महामारी के बाद से हमने राजकोषीय सुदृढ़ीकरण को बनाए रखा है। अमरीका के मुकाबले सापेक्ष मुद्रास्फीति अब 25 वर्षों में सबसे कम है और इसमें गिरावट का रुझान दिख रहा है।

अमरीका के साथ जल्द ही लागू होने वाले नए व्यापार समझौते को देखते हुए, रुपए-डॉलर विनिमय दर के लिए संभावनाएं सकारात्मक दिखती हैं और यह मुद्रास्फीति के अंतर से कहीं बेहतर प्रदर्शन कर सकती है। साथ ही, भारतीय रिजर्व बैंक के पास 700 अरब डॉलर से अधिक का अब तक का सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार है, जो रुपए में किसी भी अप्रत्याशित गिरावट को रोकने में सक्षम है। अमरीका की मिश्रित औसत टैरिफ दर में एकल-अंकीय से दोहरे-अंकीय स्तर तक की वृद्धि डॉलर पर ऊपर की ओर (नीचे की ओर नहीं) दबाव डालती है। आगामी समय में ट्रेजरी के पर्याप्त पुनर्वित्तपोषण को लेकर चिंताएं 2026 में डॉलर को कमजोर कर सकती हैं। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय केंद्रीय बैंक डॉलर से हटकर विविधीकरण कर सकते हैं, जिससे डॉलर का प्रभुत्व कुछ हद तक कम हो सकता है लेकिन विश्व की आरक्षित मुद्रा (रिजर्व करंसी) के रूप में इसका स्थान खोना अभी बहुत दूर की बात है। डॉलर के बाहर किए जाने वाले द्विपक्षीय व्यापार का हिस्सा एक छोटे प्रतिशत से बढ़कर एक उच्च आंकड़े तक पहुंच सकता है। भले ही ट्रम्पवाद के कई सामाजिक पहलू उनके राष्ट्रपति पद के दौरान बने रहें लेकिन डॉलर की आरक्षित मुद्रा स्थिति को 'असाधारण विशेषाधिकार' की बजाय बोझ के रूप में देखने का नजरिया शायद ही कायम रहेगा। चीन अपने रेनमिनबी को आरक्षित मुद्रा के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहा है लेकिन इसके लिए आवश्यक संस्थागत विश्वसनीयता में कम से कम एक दशक लगेगा। इससे पहले के लगभग 5 राष्ट्रपति कार्यकालों की तरह, अमरीका जल्द ही 'मजबूत डॉलर' की उस नीति पर लौट आएगा, जो पिछले 40 वर्षों से देश की पहचान रही है। अवमूल्यित डॉलर से अमरीका को फिर से महान नहीं बनाया जा सकता।

## साहित्य

# विश्वास-अविश्वास




**संजय एम तराणेकर**



वर्तमान में कोई कितना भी क्यों न हो करीब,
विश्वास न कर सकते चाहे जितनी हो तारीफ़।
यूं साथ में भले ही कोई खाना खा लें लजीज,
विश्वास की बात जब आये क्या वो हैं अज़ीज़।

ये विश्वास की कमी समाज के लिए है घातक,
जरूरी नहीं की सब करीबी कर रहे हैं नाटक।
गर एक बार किसी पर भी हो जाए अविश्वास,
अवसर दीजिए क्षमा करिए दृढ़ करो विश्वास।



# राशिफल

**मेषः-** आज आप सांसारिक बातें भूलकर आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में संलग्न रहेंगे। गहरी चिंतनशक्ति आपके मानसिक भार को हल्का करेगी।

**वृषभः-** आप जीवनसाथी की निकटता का सुख प्राप्त कर सकेंगे। परिवार के साथ सामाजिक समारोह में बाहर घूमने या पर्यटन पर जाएंगे। आनंद में समय व्यतीत होगा।

**मिथुनः-** अधूरे कार्यों की पूर्णता के लिए आज का दिन शुभ है। परिवार में आनंद और उल्लास रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। कार्यों में यश और कीर्ति मिलेगी।

**कर्कः-** अच्छे मन से दिन व्यतीत करने की गणेशजी सलाह देते हैं, क्योंकि आज का दिन शारीरिक और मानसिक रूप से उद्वेगपूर्ण रहेगा। पेट दर्द परेशान करेगा। धन खर्च की संभावना है।

**सिंहः-** आज मानसिक अस्वस्थता रहेगी। परिजनों के साथ मनमुटाव की स्थिति आएगी। माताजी की तबीयत खराब हो सकती है। नकारात्मक विचारों से हताशा उत्पन्न होगी।

**कन्याः-** बिना विचारे साहस करने के प्रति गणेशजी चेतावनी देते हैं। भावनात्मक सम्बंध स्थापित होंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों का डटकर सामना करेंगे।

**तुलाः-** आज की मानसिक वृत्ति नकारात्मक रहेगी। क्रोध आवेश में वाणी पर संयम खोने से पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होगा। अनावश्यक खर्च बढ़ेंगे।

**वृश्चिकः-** आज का दिन शुभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ खुशी से समय बीतेगा। धन लाभ का योग है।

**धनुः-** क्रोध के कारण पारिवारिक सदस्यों के साथ सम्बंध बिगड़ेंगे। आपकी वाणी और व्यवहार झगड़े का कारण बन सकते हैं। दुर्घटना से बचें। बीमारी के पीछे धन खर्च होगा।

**मकरः-** आज का दिन हर क्षेत्र में लाभदायक है। स्नेहीजनों और मित्रों से मिलना होगा। प्रिय व्यक्तियों के साथ मुलाकात रोमांचक रहेगी। व्यापार-धंधे में आय वृद्धि होगी।

**कुंभः-** हर कार्य सरलतापूर्वक हल होंगे और उनमें सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थिति बनेगी। सरकारी कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। धन प्राप्ति का योग हैं।

**मीनः-** आज के दिन की शुरुआत भय के साथ होगी। शरीर में सुस्ती और थकान रहेगी। कोई भी कार्य पूरा न होने पर हताशा होगी। भाग्य साथ न देता हुआ प्रतीत होगा।

# तीन घंटे में हटाने होंगे आपत्तिजनक कंटेंट



*संजय सक्सेना*

डिजिटल दुनिया में जो कुछ सालों से चल रहा था, उस पर आखिरकार सरकार ने सख्त ब्रेक लगा दिया है। मोबाइल फोन, सस्ते इंटरनेट और नई तकनीक ने हर हाथ में कैमरा और हर दिमाग को कंटेंट बनाने की ताकत दे दी। इसी ताकत के गलत इस्तेमाल ने फर्जी वीडियो, बदली हुई आवाज़ और नकली तस्वीरों की बाढ़ ला दी। किसी नेता का बयान हो, किसी अभिनेता का वीडियो या किसी आम आदमी की आवाज़ सब कुछ कुछ मिनटों में इस तरह बदला जाने लगा कि सच और झूठ का फर्क मिटता चला गया। इसी खतरे को देखते हुए सरकार ने अब सोशल मीडिया के लिए ऐसा नियम बनाया है, जो सीधे असर डालने वाला है।नए नियमों के मुताबिक अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को आपत्तिजनक या गैरकानूनी कंटेंट हटाने के लिए 36 घंटे नहीं, बल्कि सिर्फ तीन घंटे मिलेंगे। मतलब यह कि अगर कोई फर्जी या भ्रामक वीडियो वायरल होता है, तो उसे घंटों या दिनों तक चलने नहीं दिया जाएगा। तीन घंटे के भीतर उसे हटाना प्लेटफॉर्म की जिम्मेदारी होगी। यह नियम 20 फरवरी 2026 से लागू होगा और फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब जैसे बड़े प्लेटफॉर्म भी इससे बाहर नहीं होंगे।

भारत में सोशल मीडिया इस्तेमाल करने वालों की संख्या 90 करोड़ के आसपास पहुंच चुकी है। हर दिन करोड़ों फोटो, वीडियो और रील्स अपलोड होते हैं। ऐसे में एक गलत वीडियो कितनी तेजी से फैल सकता है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कई बार कुछ ही मिनटों में लाखों लोग उसे देख लेते हैं। पिछले एक-दो साल में ऐसे कई मामले सामने आए, जहां बदली हुई आवाज़ से लोगों से पैसे ठग लिए गए, नकली वीडियो से अफवाहें फैलीं और तस्वीरों को गलत संदर्भ में दिखाकर माहौल खराब किया गया। सरकारी आंकड़ों में भी माना गया है कि डिजिटल ठगी और भ्रम फैलाने वाले मामलों में बड़ी संख्या में बदले हुए वीडियो और ऑडियो का इस्तेमाल हुआ।सरकार का दूसरा बड़ा फैसला यह है कि अब हर बदले हुए या मशीन से बने कंटेंट पर साफ-साफ लेबल दिखाना जरूरी होगा। यानी अगर कोई फोटो, वीडियो या आवाज़ असली नहीं है, बल्कि तकनीक से बनाई या बदली गई है, तो उसे देखकर ही यह बात समझ में आ जानी चाहिए। अब तक सबसे बड़ी दिक्कत यही थी कि आम आदमी यह पहचान ही नहीं पाता था कि जो वह देख रहा है, वह सच है या बनाया गया भ्रम। नए नियम इस भ्रम को कम करने की कोशिश हैं।



इस बदलाव का सीधा असर कंटेंट बनाने वालों पर पड़ेगा। अब तक कई लोग जानबूझकर ऐसे वीडियो बनाते थे, जो असली लगें और ज्यादा से ज्यादा शेयर हों। चेहरे बदलना, आवाज़ कॉपी करना या किसी पुराने वीडियो को नए संदर्भ में पेश करना आम बात हो गई थी। अब यह सब बिना पहचान के नहीं चलेगा। अगर किसी ने जानबूझकर बदले हुए कंटेंट को असली बताकर पोस्ट किया और उस पर लेबल नहीं लगाया, तो उसका अकाउंट सस्पेंड या बैन भी हो सकता है। बार-बार नियम तोड़ने पर कानूनी परेशानी का रास्ता भी खुल सकता है।सोशल मीडिया कंपनियों के लिए यह नियम सबसे बड़ी चुनौती लेकर आया है। तीन घंटे में किसी पोस्ट पर फैसला लेना आसान काम नहीं है। खासकर तब, जब हर मिनट हजारों वीडियो अपलोड हो रहे हों। कंपनियों को अब ज्यादा मॉडरेशन टीम, बेहतर तकनीक और भारत के हालात के हिसाब से अलग सिस्टम बनाना पड़ेगा। सिर्फ यूज़र की बात पर भरोसा नहीं चलेगा। प्लेटफॉर्म्स को खुद भी जांच करनी होगी कि कंटेंट बदला हुआ है या नहीं। यह काम तकनीकी तौर पर मुश्किल है, क्योंकि आज के नकली वीडियो इतने असली लगते हैं कि मशीनें भी कई बार धोखा खा जाती हैं।

आम यूज़र के लिए यह बदलाव राहत की तरह है। अब जब वह सोशल मीडिया खोलेगा, तो उसे हर वीडियो पर आंख बंद करके भरोसा नहीं करना पड़ेगा। अगर किसी पोस्ट पर साफ लिखा होगा कि यह बदला हुआ है, तो वह उसे उसी नजर से देखेगा। इससे अफवाहों और झूठी खबरों को आगे बढ़ाने की आदत पर कुछ हद तक रोक लग सकती है। हालांकि एक खतरा यह भी है कि अगर बहुत ज्यादा पोस्ट पर ऐसे टैग दिखने लगे, तो लोग उन्हें नजरअंदाज करने लगें। ऐसे में लेबल को समझदारी से और साफ तरीके से दिखाना भी उतना ही जरूरी होगा।इस फैसले का असर सोशल मीडिया के कारोबार पर भी पड़ेगा। आज रील्स और शॉर्ट वीडियो प्लेटफॉर्म की सबसे बड़ी ताकत हैं। इनमें बड़ी संख्या में बदला हुआ या मशीन से बना कंटेंट चलता है। अब जब उस पर सख्त निगरानी और लेबलिंग होगी, तो एंगेजमेंट के तरीके बदल सकते हैं। कुछ लोग ऐसे कंटेंट से दूरी बना सकते हैं। दूसरी तरफ विज्ञापन देने वाली कंपनियों के लिए यह राहत की खबर है, क्योंकि उन्हें अब ज्यादा सुरक्षित माहौल मिलेगा और उनके ब्रांड का नाम किसी फर्जी या विवादित कंटेंट से जुड़ने का खतरा कम होगा। सरकार ने साफ किया है कि नियम न मानने पर प्लेटफॉर्म्स को जिम्मेदारी से बचने का मौका नहीं मिलेगा। यानी अगर किसी मामले में लापरवाही हुई, तो कानूनी जवाबदेही तय की जा सकती है। यही वजह है कि आने वाले समय में सोशल मीडिया कंपनियों को भारत में ज्यादा निवेश करना पड़ेगा। ज्यादा लोग, ज्यादा जांच और ज्यादा जवाबदेही तीनों अब जरूरी होंगे। हालांकि रास्ता आसान नहीं है। बदले हुए वीडियो को डाउनलोड करके फिर से अपलोड किया जा सकता है। एक प्लेटफॉर्म से हटाया गया कंटेंट दूसरे पर पहुंच सकता है। तकनीक भी अभी पूरी तरह भरोसेमंद नहीं है। कई बार असली को नकली और नकली को असली मान लेने की गलती हो जाती है। लेकिन इसके बावजूद सरकार का मानना है कि बिना सख्त कदम के हालात और बिगड़ते। कुल मिलाकर यह फैसला सोशल मीडिया के लिए एक मोड़ जैसा है। अब यहां सब कुछ चलेगा वाली सोच खत्म होने वाली है। कंटेंट बनाना सिर्फ वायरल होने का खेल नहीं रहेगा, उसमें जिम्मेदारी भी जुड़ेगी। गलत जानकारी फैलाने की कीमत चुकानी पड़ेगी। शुरुआत में दिक्कतें आएंगी, विवाद होंगे और सिस्टम पर दबाव बढ़ेगा, लेकिन लंबे वक्त में इससे डिजिटल दुनिया में भरोसा लौटने की उम्मीद है। सच और झूठ के बीच जो धुंध छा गई थी, उसे हटाने की यह एक गंभीर कोशिश है।

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### जिलाधिकारी के जन सुनवाई में आयीं 34 शिकायतें



**हरदोई।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 34 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अरूणिमा श्रीवास्तव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### डीएम की अध्यक्षता में हुई अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक

**हरदोई।** गुरुवार को विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि पुराने मुकदमों के निस्तारण में तेजी लायी जाये। और अधिक पुराने मामलों में गंभीरता से पैरवी की जाये। आख्या संकलन में देरी न की जाये। उन्होंने ने कहा कि सबसे पुराने मुकदमे लंबित है तो उसका कारण क्या है किस किस कोर्ट 10 साल 5 साल व 3 साल पुराने मुकदमे लंबित है, उनकी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक अभियोजन रामशीष कुशवाहा व अन्य अधिवक्तागण व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुई पोषण समिति की बैठक

**हरदोई।** गुरुवार को स्वामी विवेकानंद सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने पोषण ट्रैकर पर आंगनवाड़ी द्वारा कम फीडिंग के कारण कम प्रगति पर उन्होंने प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। नेफेड की सप्लाई 40 प्रतिशत से कम है उन सभी आंगनवाड़ी को कारण बताओं नोटिस जारी करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी आंगनबाड़ी केन्द्र पर वेइंग मशीन खराब है, तो उसे सही कराये, अगर मशीन नही है तो नई मशीन 03 दिन के अन्दर क्रय करे। नैफेड की सप्लाई समय पर समूह को उठाना सुनिश्चित करें। उन्होंने एमओआईसी को कार्य मे शिथिलता बरतने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी दिलीप कुमार व समस्त सीडीपीओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में घायल 6 वर्षीय बालक की इलाज के दौरान मौत

**शाहाबाद/हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सराय कमालुद्दीन में 4 फरवरी को एक सड़क दुर्घटना में एक 6 वर्षीय बालक की इलाज के दौराम 11 फरवरी की शाम को मृत्यु हो गयी मृतक बालक के परिजनों ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया है। प्रार्थना पत्र के अनुसार सद्दाम हुसैन पुत्र मोहर्रम अली निवासी ग्राम अंडौआ थाना मंझिला ने थाने पर दिए गए शिकायत प्रार्थना पत्र में बताया था कि वह अपने बच्चों सहित अपने रिश्तेदारी कोतवाली शाहाबाद के सराय कमालुद्दीनपुर में 4 फरवरी 2026 को गया था बच्चे खेल रहे थे कार संख्या यू पी 14 क्यूटी 3666 के चालक ने तेजी और लापरवाही से कार चलाते हुए उसके बच्चे को कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां हालत चिंताजनक होने पर डॉक्टरों ने शाहजहांपुर के लिए रेफर कर दिया।पीड़ित पिता के अनुसार घायल बच्चे का इलाज शाहजहांपुर मे चल रहा था इलाज के दौरान 11 फरवरी को उसके पुत्र रसूल शाह की मृत्यु हो गई। शाहजहांपुर पुलिस ने उसके पुत्र का पोस्टमार्टम करवाया है। पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार दोपहर परिजन शव लेकर जैसे घर पहुंचे तो घर में कोहरा मच गया बताया गया सद्दाम के तीन बच्चे है सबसे बड़ा यही बेटा था और दो छोटी बेटियां है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**हरदोई।** लोनार थाना से दो किलोमीटर दूर राजबहादुर डिग्री कालेज के निकट जंगल मे एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सूचना पर पहुंचे एसपी अशोक कुमार मीणा से जल्द हत्या कांड के खुलासे के निर्देश दिए हैं। फॉरेनसिक टीम ने भी घटना स्थल पहुँच कर आवश्यक कार्यवाही की है। एसपी श्री मीणा ने बताया गुरुवार को शाम 4 बजे थाने पर शव मिलने की सूचना पर उनके द्वारा घटना स्थल का निरिक्षण किया गया है।शव की पहचान लोनार थाना छेत्र के नकटोरा पुलिया निवासी अनिल सिंह भदौरिया पुत्र पहलवान सिंह के रूप मे हुई है। परिजनों ने पुलिस को बताया वह सुबह 8 बजे बाइक से किसी काम से गए थे। परिजनों ने हत्या कर शव फेकने का आरोप लगाया है। एसपी ने एएसपी मार्तण्ड प्रताप सिंह के नेतृत्व मे पुलिस टीम का गठन कर हत्या कांड के जल्द खुलासे के निर्देश दिए हैं।

### एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने सदन में रखी महोबा खनिज यूनिवर्सिटी की मांग



**महोबा।** एमएलसी जीतेन्द्र सिंह सेंगर ने विधान परिषद बजट सत्र में नियम 115 के अंतर्गत सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अपनी मांग रखते कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हर जिले में एक यूनिवर्सिटी बनाई जाने की सहमति प्रदान की जा चुकी है। जनपद महोबा के अंतर्गत वन डिस्टिक एवं वन यूनिवर्सिटी में खनिज न्यास के धन से खनिज यूनिवर्सिटी की स्थापना कराई जाने की ओर ध्यान आकर्षित करना है उत्तर प्रदेश का जनपद महोबा गुरु गोरखनाथ की तपोभूमि रही है जनपद महोबा शिक्षा के क्षेत्र में सर्वाधिक पिछड़ा हुआ क्षेत्र है जिसके कारण महोबा जनपद अन्य प्रदेश के जनपदों की अपेक्षा संसाधनों से पिछड़ा है जिससे महोबा का विकास नहीं हो पा रहा है जनपद महोबा खनिज बाहुल्य जिला है यह करोड़ों रुपए का वार्षिक राजस्व जाता है जनहित/ किसानो के हित तथा प्रत्यक्ष/ अप्रत्यक्ष रूप से क्षेत्र की गरीब जनता को रोजगार को दृष्टिगत रखते हुए खनिज न्यास के धन से खनिज यूनिवर्सिटी की स्थापना किया जाना नितांत आवश्यक है। इस लोकमहत्त्व के सुनिश्चित विषय पर सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए जनहित में जनपद महोबा के अंतर्गत वन जिला वन यूनिवर्सिटी से खनिज न्यास के धन से एक खनिज यूनिवर्सिटी की स्थापना किए जाने हेतु सदन के माध्यम से अविलम्भ कार्रवाई किए जाने की मांग करता हूं। सभापति विधान परिषद कुंवर मानवेंद्र सिंह द्वारा शासन को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया।

### डीएम के निर्देश पर तीन अवैध प्लाटिंग साइटों को ओडीए ने कराया ध्वस्त

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी, उपाध्यक्ष उरई विकास प्राधिकरण राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर निर्देशानुसार सचिव, उरई विकास प्राधिकरण परमानंद यादव के नेतृत्व में अवैध प्लाटिंग, अनधिकृत उपविभाजन के विरूद्ध ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया। ध्वस्तीकरण कार्यवाही के दौरान झाँसी रोड पर एवं रामराजा पैलेस के सामने उरई विकास प्राधिकरण से बिना ले-आउट प्लान स्वीकृत कराये अवैध रूप से की जा रही 3 प्लाटिंग स्थलों पर ध्वस्तीकरण कराया गया। अनाधिकृत प्लाटिंग में प्रशासनिक कार्यवाही उसमें लगभग 2900 वर्गमीटर में जलील मंसूरी एवं अन्य द्वारा की गयी अवैध प्लाटिंग को मौके पर ध्वस्त किया गया। झाँसी रोड से संलग्न क्षेत्रान्तर्गत प्रेम नारायण गुप्ता एवं अन्य द्वारा लगभग 12510 वर्गमीटर में बिना ले-आउट स्वीकृत कराये अवैध प्लाटिंग की गयी थी जिसे मौके पर ध्वस्त कराया गया। इसके अतिरिक्त रामकुमार राजपूत, अब्दुल जलाल, जुल्फिकार अहमद, मनोज कुमार, कृष्ण मुरारी एवं अन्य के द्वारा लगभग 20500 वर्गमीटर में की जा रही अवैध प्लाटिंग को भी मौके पर ध्वस्त कराया गया।

# खेत गयी महिला की धारदार हथियार से हमला कर हत्या

▸ एसपी हरदोई ने घटना स्थल का निरीक्षण कर दिए अनावरण के निर्देश

**शाहाबाद/हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली छेत्र के ग्राम आगमपुर के मजरा अमिरता मे गुरुवार को खेत गयी महिला की अज्ञात लोगों द्वारा धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भेजा है। सूचना पर एसपी अशोक कुमार मीणा ने एएसपी मार्तण्ड प्रताप सिंह, एएसपी सीओ शाहाबाद आलोक राज नारायण के साथ घटना स्थल का निरीक्षण कर पुलिस को जल्द खुलासे के निर्देश दिए है। मृतका के देवर पिंटू पुत्र भईया लाल के अनुसार उसका भाई हिमांचल मे मजदुरी करने गया हुआ था।उसकी 45 वर्षीय भाभी श्रीदेवी पत्नी सुरेश चंद्र गुरुवार सुबह 8 बजे दो भतीजों के साथ खेत प्याज़ की पौध लगाने गयी थी।वहां से उसने बच्चों को खाना लेने घर भेजा था। बच्चे जब खाना लेकर खेत गए तो उनकी माँ खेत पर नहीं मिली। बच्चों ने माँ के गायब होने की सूचना भागकर घर पर अपनी बड़ी बहन को दी। बच्चों के साथ ग्रामीण उन्हें ढूढ़ने खेत पहुंचे तो खेत से पांच कदम की दुरी पर श्यामलाल के गेहूं के खेत मे उसकी भाभी का रक्त रंजित शव पड़ा दिखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भिजवाया। फॉरेनसिक टीम ने भी घटना स्थल पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही की है। सूचना पर एसपी अशोक कुमार मीणा ने एएसपी मार्तण्ड प्रताप सिंह,एएसपी आलोक राज नारायण के साथ घटना स्थल का निरिक्षण कर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने एएसपी पश्चिमी और एएसपी आलोक राज नारायण के नेतृत्व मे टीमों का गठन कर हत्या का जल्द अनावरण के निर्देश दिए हैं।

## जिलाधिकारी ने बोर्ड परीक्षा के सम्बन्ध में की बैठक



**हरदोई।** गुरुवार को विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जनपद के 133 केन्द्रों पर 18 फरवरी से प्रारम्भ होकर 12 मार्च 2026 तक चलने वाली हाईस्कूल एवं इण्टर की बोर्ड परीक्षा 2026 को सकुशल सम्पन्न कराने के सम्बन्ध मे एक बैठक आहूत की गयी। जिलाधिकारी ने जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापकों से विस्तार से जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा के दौरान सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्टेउ्ट पुलिस टीम के साथ निरन्तर भ्रमणशील रहे। उन्होने आज की बैठक मे अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश जिला विद्यालय निरीक्षक को दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह, सेक्टर मजिस्ट्रेट, जिला विद्यालय निरीक्षक, तथा केन्द्र व्यवस्थापक तथा प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम आदि उपस्थित रहें।

## 102 एंबुलेंस में गूंजी किलकारी, जच्चा-बच्चा स्वस्थ

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



स्वास्थ्य विभाग की 102 एंबुलेंस में बुधवार देर रात 11 बजे खुशी की किलकारी गूंजी, जब एंबुलेंस में ही एक महिला ने नवजात शिशु को जन्म दिया। सुरक्षित प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। 102 एंबुलेंस में तैनात ईएमटी रामजीवन व पायलट अरुन कुमार ने बताया कि बुधवार रात करीब 10:08 पर सुरसा थाना क्षेत्र के हुसियापुर निवासी मनोज ने सूचना दी कि उसकी पत्नी आरती (35) को प्रसव पीड़ा हो रही है। तत्काल एंबुलेंस की आवश्यकता है। सूचना मिलते ही 102 की टीम ने सुरसा की एंबुलेंस UP-32-FG-0942 के EMT रामजीवन से सम्पर्क किया। 102 के पायलेट अरुन कुमार ने 12 किलोमीटर की दुरी 17 मिनट मे तय कर एम्बुलेंस 10:25 पर पहुंच कर महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुरसा ले जाने के लिए रवाना हुई।हरदोई-बिलग्राम मार्ग धौलिया मोड़ समीप महिला की प्रसव पीड़ा बढ़ने पर ईएमटी ने एंबुलेंस को सड़क किनारे सुरक्षित स्थान पर रोककर महिला शिवदेवी पत्नी श्रीपाल उम्र 45 वर्ष की मदद लेकर 10:50 मिनट पर तत्काल प्रसव कराया। सफल प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा को सीएचसी सुरसा में भर्ती कराया गया, जहां स्टॉफ नर्स संगीता ने जांच के बाद दोनों को स्वस्थ बताया। सुरक्षित प्रसव के लिए परिजनों ने सरकारी 102 एंबुलेंस सेवा एवं एंबुलेंस कर्मियों की तत्परता व सेवा भावना की सराहना की।

## युवक की हत्या करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

▸ एसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर हत्याभियुक्तों कि शीघ्र गिरफ्तारी के दिए थे निर्देश

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



बेहटा गोकुल थाना छेत्र के ग्राम बलेहरा मे प्रेम प्रसंग मे उपजी रंजिश मे चार साल बाद मंगलवार की सुबह एक युवक की धारदार हथियारों से हमला कर हत्या करने के मामले मे पुलिस ने तीन हत्यारोपियों को आलाक़त्ल के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय मे प्रस्तुत किया है।

प्राप्त विवरण मे 10 फरवरी को थाना बेहटा गोकुल पर सूचना प्राप्त हुई कि अक्षय सिंह पुत्र कृष्ण कुमार सिंह उर्फ छोटकन्नू निवासी ग्राम बलेहरा थाना बेहटा गोकुल की उनके गांव के ही अजित सिंह उर्फ पिंकू सिंह,जगदीश पुत्रगण मुलायम सिंह, पुष्पा पत्नी जगदीश व 2 अन्य लोगों द्वारा पूर्व के विवाद को लेकर पेट में भाले से वार कर हत्या कर दी गयी। सूचना पर स्थानीय पुलिस व उच्चाधिकारीगण द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। इस संबंध में मृतक के भाई सूरज सिंह की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की गयी थी। थाना प्रभारी श्रीप्रकाश और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित नामजद अजित सिंह उर्फ पिंकू सिंह,जगदीश और पुष्पा पत्नी जगदीश को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है।शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी है। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि मृतक के भाई अभय सिंह का अजित सिंह उर्फ पिंकू की पत्नी से प्रेम प्रसंग था जिसके चलते दोनों ने घर से भागकर शादी कर ली तथा हिमाचल प्रदेश में रहने लगे थे। मृतक अक्षय सिंह किसी कार्य से गांव गये थे जहां पर उपरोक्त अभियुक्तों द्वारा इसी बात की रंजिश को लेकर हत्या कर दी थी।

## न्यायाधीश काव्या सिंह ने की परा विधिक स्वयं सेवकों के साथ बैठक



**हरदोई।** राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान2.0 के सफल आयोजन तथा अधिक से अधिक व्यक्तियों को मध्यस्थता के माध्यम से अपने वादों के निस्तारण कराए जाने हेतु जागरूक करने संबंधी आज दिनांक 12.02.2026 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव, न्यायाधीश काव्या सिंह द्वारा परा विधिक स्वयं सेवकों के साथ बैठक की गई। न्यायाधीश द्वारा बैठक में उपस्थित परा विधिक स्वयं सेवकों को राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 2.0 अंतर्गत बताया गया कि अधिक से अधिक व्यक्तियों को अपने मामलों का निस्तारण सुलह समझौते के माध्यम से कराए जाने हेतु प्रेरित करें तथा इससे होने वाले लाभ के विषय में भी बताए कि मध्यस्थता के माध्यम से वाद ने निस्तारण में समय व धन दोनों की बचत होती है। इसके पश्चात आगामी 22 फरवरी को प्रस्तावित मेगा/वृहद विधिक जागरूकता एवं सेवा शिविर को सफल और प्रभावी बनाने विषय में विस्तृत रूप से दिशा-निर्देश दिए तथा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 14.03.2026 के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का हुआ समापन

▸ 47 हिन्दू जोड़े एवं एक मुस्लिम जोड़े हुए एक दूजे के



**हरदोई।** अतिरिक्त मजिस्ट्रेट/जिला समाज कल्याण अधिकारी पूनम भास्कर ने बताया है कि गुरुवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम जनपद के राजकीय आईटीआई परिसर हरदोई में सम्पन्न हुआ, जिसमें 47 हिन्दू जोड़े एवं 1 मुस्लिम जोड़े कुल 48 जोड़े अपने रीति रिवाज के साथ वैवाहिक गठबंधन में बधें। इस वैवाहिक जोड़ों को शासन द्वारा अनुमन्य उपहार सामग्री कुल 26 प्रकार की प्रदान की गयी है। आज के कार्यक्रम में विशेष यह रहा कि विकास खण्ड माधौगंज का एक जोड़ा (वर्षा पुत्री शेर सिंह) का विवाह कार्यक्रम समाप्त होने के उपरान्त भी विवाह सम्पन्न कराया गया, साथ ही नगर पालिका संण्डीला का एक जोड़ा (रचना पुत्री स्व. राजकुमार) का विवाह स्थल पर आते समय वाहन से दुर्घटना होने के उपरान्त भी जोड़ा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में मौके पर उपस्थित हुआ, जिसका तत्काल चिकित्सा उपचार होने के पश्चात विवाह सम्पन्न कराते हुए सामग्री प्राप्त करायी गयी। वैवाहिक जोड़ों को उपस्थित प्रेमावती जिला पंचायत अध्यक्ष, अजीत सिंह बब्बन जिला अध्यक्ष भाजपा, सुखसागर मिश्रा अध्यक्ष नगर पालिका सदर, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राज्य), नगर मजिस्ट्रेट, जिला विकास अधिकारी, गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम गरिमापूर्ण एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न हुआ।

### परिवार परामर्श केंद्र की पहल से 3 परिवारों में लौटीं खुशियां


**महोबा।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत जनपद पुलिस द्वारा संचालित परिवार परामर्श केन्द्र के प्रभावी प्रयासों से कई बिखरते परिवारों को टूटने से बचाया गया है। कार्यक्रम के दौरान पति-पत्नी के 18 ऐसे जोड़ों, जिनके मध्य पारस्परिक पारिवारिक विवाद चल रहा था, की गहन काउंसिलिंग की गई। प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुना गया तथा दोनों पक्षों की समस्याओं के समाधान हेतु संयमित, सकारात्मक एवं संवेदनशील परामर्श प्रदान किया गया। काउंसिलिंग के परिणामस्वरूप 3 पति-पत्नी (दंपत्ति) पुनः आपसी सहमति से साथ रहने के लिए राज़ी हुए। शेष प्रकरणों को आगामी तिथि पर पुनः काउंसिलिंग हेतु आमंत्रित किया गया है। परिवार परामर्श केन्द्र एवं जनपद पुलिस के इन सफल प्रयासों की प्रभावित परिवारों एवं उनके परिजनों द्वारा सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

### एसआईआर नोटिस की सुनवाई 10 किलोमीटर दूर होने से ग्रामीणों में आक्रोश

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** मवई जार के मतदाताओं को नोटिस की सुनवाई के लिए 10 किलोमीटर दूर अतरार बुलाया जा रहा है। इस पर ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर करते हुए पंचायत में ही सुनवाई कराने की मांग की है ग्राम पंचायत मवई जार के पूर्व प्रधान महेश चंद्र शिवहरे, प्रमोद कुमार, अमर सिंह, गंगादीन, सीता चरण, धोबीलाल, पूनम, दिलीप वर्मा, सुरेश यादव, गौरी, मुशाहिद बेग, इसरार, सर्वेश कुमार, हरिशंकर, राजू आदि ने बताया कि एसआईआर के तहत मतदाताओं को दी गई नोटिस के निस्तारण के लिए मतदाताओं को 10 किलोमीटर दूर अतरार ग्राम पंचायत में बुलाया जा रहा है। इससे बूढ़े बुजुर्ग मजदूर मतदाता परेशान हो रहे हैं। उनको आने-जाने में असुविधा हो रही है पूर्व प्रधान महेश चंद्र शिवहरे ने कहा कि सभी पंचायतों में गांव में ही शिविर लगाकर नोटिसों का निस्तारण किया जा रहा है जबकि हमारे यहां नहीं हो रहा है। यह अन्याय है। नोटिसों की सुनवाई ग्राम पंचायत में ही शिविर लगाकर ही की जाए।

## महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर डीएम व एसपी ने श्रीशल्लेश्वर मंदिर का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**सरीला, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सरीला नगर के ऐतिहासिक श्री शल्लेश्वर मंदिर पर जाकर मत्था टेका और अधिकारियों से सुरक्षा व्यवस्था जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर गुरुवार को हमीरपुर जिलाधिकारी घनश्याम मीना व पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा ने शल्लेश्वर मंदिर पहुंच कर ऐतिहासिक श्री शल्लेश्वर मंदिर पर जाकर मत्था टेका और मंदिर समिति एवं नगर वासियों से महाशिवरात्रि महोत्सव पर निकलने वाली शिव बारात के बारे में जानकारी ली। मंदिर का भ्रमण कर मंदिर परिसर एवं उसके आसपास की सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति एवं पुलिस बल की तैनाती की समीक्षा की गई। इसके बाद नेस्ले मार्केट में पहुंच कर भागवत कथा पंडाल का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिससे महाशिवरात्रि का पर्व शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। इस मौके पर एसडीएम बलराम गुप्ता, तहसीलदार राममोहन कुशवाहा, नायब तहसीलदार अखिलेश कुमार सिंह,थाना प्रभारी निरीक्षक जरिया दिनेश कुमार पाण्डेय, पुलिस चौकी प्रभारी ईश्वर नारायण पांडेय व विधुत विभाग सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे एलआईसी पॉलिसी संख्या 275422287 व 275478644 में मेरा नाम नूर मोहम्मद पुत्र मोहम्मद साधु अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक में मेरा नाम कोयले पुत्र साधू है यह दोनों नाम मेरे ही हैं। इसलिए मेरे एलआईसी पॉलिसी संख्याओं में मेरा नाम कोयले पुत्र साधू अंकित किया जाए। नूर मोहम्मद उर्फ कोयले पुत्र मोहम्मद साधु उर्फ साधु ग्राम पिपरहवा जोगा गांव श्रावस्ती।


☛ यात्रीगण कृपया ध्यान दें! ☛

**होली विशेष रेलगाड़ियाँ – 2026**

रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि होली त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन निम्न समय-सारणी के अनुसार किया जायेगा:-

**रेलगाड़ी सं. 02275/02276 एवं 02421/02422 सूबेदारगंज - शकूरबस्ती - सूबेदारगंज होली विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 20 फेरे

| गाड़ी सं. 02275/02421 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 02276/02422 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 21:35 | सूबेदारगंज | 04:00 | --- |
| 10:15 | ---- | शकूरबस्ती | ---- | 13:00 |

चलने के दिन: **02275 सूबेदारगंज** से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 03.03.2026 से 31.03.2026 तक और **02276 शकूरबस्ती** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 04.03.2026 से 01.04.2026 तक।
**02421 सूबेदारगंज** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 01.03.2026 से 29.03.2026 तक और **02422 शकूरबस्ती** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 02.03.2026 से 30.03.2026 तक।
ठहराव: फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूण्डला, अलीगढ़, गाजियाबाद जं. एवं दिल्ली जं. स्टेशन।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 01705/01706 जबलपुर - अयोध्या धाम जं. - जबलपुर होली विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 04 फेरे

| गाड़ी सं. 01705 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 01706 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 19:40 | जबलपुर | 06:45 | --- |
| 07:05 | 07:15 | वाराणसी | 17:10 | 17:20 |
| 11:25 | ---- | अयोध्या धाम जं. | ---- | 13:30 |

चलने के दिन: **01705 जबलपुर** से मंगलवार दिनांक 03.03.2026 एवं 10.03.2026 को और **01706 अयोध्या धाम जं.** से बुधवार दिनांक 04.03.2026 एवं 11.03.2026 को।
ठहराव: सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, वाराणसी एवं जौनपुर जं. स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 01701/01702 जबलपुर - हज़रत निज़ामुद्दीन - जबलपुर होली विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 04 फेरे

| गाड़ी सं. 01701 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 01702 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 20:20 | जबलपुर | 09:30 | --- |
| 14:25 | ---- | हज़रत निज़ामुद्दीन | ---- | 15:45 |

चलने के दिन: **01701 जबलपुर** से सोमवार दिनांक 02.03.2026 एवं 09.03.2026 को और **01702 हज़रत निज़ामुद्दीन** से मंगलवार दिनांक 03.03.2026 एवं 10.03.2026 को।
ठहराव: कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., ग्वालियर जं., आगरा छावनी, मथुरा जं. एवं कोसी कलाँ स्टेशन।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 05005/05006 बढ़नी - अमृतसर - बढ़नी होली विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 08 फेरे

| गाड़ी सं. 05005 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 05006 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 15:10 | बढ़नी | 08:15 | --- |
| 09:30 | ---- | अमृतसर | ---- | 12:45 |

चलने के दिन: **05005 बढ़नी** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 04.03.2026 से 25.03.2026 तक और **05006 अमृतसर** से प्रत्येक गुरुवार दिनांक 05.03.2026 से 26.03.2026 तक।
ठहराव: तुलसीपुर, बलरामपुर, गोंडा जं., बुढ़वल, सीतापुर जं., बरेली, मुरादाबाद जं., सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अंबाला छावनी, ढंडारी कलां, जलंधर शहर एवं ब्यास स्टेशन।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 05023/05024 गोमती नगर - खातीपुरा - गोमती नगर होली विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 08 फेरे

| गाड़ी सं. 05023 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 05024 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:55 | गोमती नगर | 11:45 | --- |
| 12:10 | 12:20 | दिल्ली जं. | 00:25 | 00:35 |
| 17:30 | ---- | खातीपुरा | ---- | 18:50 |

चलने के दिन: **05023 गोमती नगर** से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 03.03.2026 से 24.03.2026 तक और **05024 खातीपुरा** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 04.03.2026 से 25.03.2026 तक।
ठहराव: बादशाह नगर, डालीगंज, सीतापुर जं., बरेली, मुरादाबाद जं., गाजियाबाद जं., दिल्ली जं., दिल्ली छावनी, गुड़गांव, रेवाड़ी, अलवर एवं बांदीकुई स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 05045/05046 लालकुआं - राजकोट - लालकुआं होली विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 10 फेरे

| गाड़ी सं. 05045 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 05046 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 12:35 | लालकुआं | 05:15 | --- |
| 14:45 | 14:50 | बरेली जं. | 02:50 | 02:55 |
| 18:10 | ---- | राजकोट | ---- | 22:30 |

चलने के दिन: **05045 लालकुआं** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 01.03.2026 से 29.03.2026 तक और **05046 राजकोट** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 02.03.2026 से 30.03.2026 तक।
ठहराव: किच्छा, बहेड़ी, भोजीपुरा, इज्जतनगर, बरेली सिटी, बरेली जं., बदायूँ, सोरों शूकर क्षेत्र, कासगंज, हाथरस सिटी, मथुरा छावनी, मथुरा जं., भरतपुर, दौसा, जयपुर जं., फुलेरा, नावा सिटी, कुचामन सिटी, मकराना जं., डेगाना जं., मेड़ता रोड जं., गोटन, जोधपुर जं., लूनी, समदड़ी जं., मोकलसर, जालोर, मोदरान, मारवाड़ भीनमाल, रानीवाड़ा, धनेरा, भीलडी जं., पाटन, महेसाणा जं., वीरमगन जं., सुरेंद्रनगर एवं वांकानेर जं. स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 05301/05302 मऊ - अंबाला छावनी - मऊ होली विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 08 फेरे

| गाड़ी सं. 05301 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 05302 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 04:00 | मऊ | 23:00 | --- |
| 20:20 | 20:30 | दिल्ली जं. | 05:00 | 05:10 |
| 00:30 | ---- | अंबाला छावनी | ---- | 01:40 |

चलने के दिन: **05301 मऊ** से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 05.03.2026 से 26.03.2026 तक और **05302 अंबाला छावनी** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 06.03.2026 से 27.03.2026 तक।
ठहराव: बेलथरा रोड, भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर जं., गोंडा जं., बुढ़वल जं., सीतापुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद ज., गाजियाबाद ज., दिल्ली जं., सोनीपत एवं पानीपत जं. स्टेशन।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# दिनदहाड़े अधिवक्ता की हुई हत्या के विरोध में वकीलों ने किया प्रदर्शन



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** जनपद रामपुर में बुधवार को दिनदहाड़े हुई अधिवक्ता फारूक अहमद खान की हत्या एवं विगत में हुई हत्या व उत्पीड़न की घटनाओं के विरोध में हैदरगढ़ के अधिवक्ताओं द्वारा गुरुवार को जुलूस निकाल कर नारेबाजी व प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम राजेश विश्वकर्मा को देकर प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल प्रभाव से लागू करने सहित विभिन्न मांगे की गई। तहसील बार अध्यक्ष अचल कुमार मिश्रा एवं महामंत्री सुनील कुमार त्रिवेदी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अधिवक्ता तहसील मुख्यालय पर एकत्रित हुए और फिर नगर के मुख्य चौराहे से होते हुए तहसील तक जुलूस निकाला और जमकर नारेबाजी की। एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में अधिवक्ता के हत्यारे को फांसी की सजा परिजनों को 50 लाख रुपए की सहायता, अधिवक्ता परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी एवं प्रदेश भर में अधिवक्ताओं के विरुद्ध हो रही हत्या व उत्पीड़न की घटनाओं को सख्ती के साथ रोके जाने की मांग की गई। इस अवसर पर संजय सिंह,सोमिल शुक्ला, विभोर गुप्ता, आशीष मिश्रा, सूरज कनौजिया, नरेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## बकरी व्यापारी के साथ गया किशोर 15 दिन से लापता




**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** 15 दिन पूर्व बकरियों के खरीददार के बुलाने पर उसके साथ भेजा गया 14 वर्षीय किशोर का फोन बंद आ रहा है। अनहोनी की आशंका से परेशान महिला ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। सुबेहा थाना क्षेत्र के बली गेरावां गाँव निवासी सपना पत्नी रोशन लाल ने बताया कि बकरियां खरीदने के लिए खरीदार अक्सर उसके घर आते जाते रहते थे । 15 दिन पहले खरीदार फिर आए और बकरियां ज्यादा होने की वजह से उनके पुत्र आदित्य 14 वर्ष को अपने साथ ले जाने की बात कही। जिस पर उन्होंने भरोसा करके अपने पुत्र को उनके साथ भेज दिया। महिला ने बताया कि बुधवार 11 फरवरी को रात 8:00 बजे उसकी अपनी पुत्र से बात हुई लेकिन उसके बाद से उसका मोबाइल लगातार स्विच ऑफ जा रहा है।

## पड़ोसी पर गाली गलौज का आरोप लगाकर दर्ज कराया मुकदमा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत आलमपुर मजरे बेलहरी गांव निवासी चंद्रभान सिंह ने पड़ोसी उदय भान सिंह पर गाली गलौज करने का आरोप लगाया है ।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस में मुकदमा दर्ज कर लिया है । पीड़ित चंद्रभान सिंह ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ लंबे समय से लखनऊ शहर में रह रहा है। यदा कदा वह अपने पुश्तैनी घर आता जाता रहता है। बुधवार को वह अपने घर में मौजूद था, कि तभी पड़ोस में रहने वाले पति-पत्नी घर के सामने आकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चिपकने का प्रयास किया। ग्रामीणों के बीच बराव करने पर मामला शांत हुआ।

## करणी सेना के दबाव में दर्ज हुआ सावन यादव पर मुकदमा, तूल गहराया



**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** सोशल मीडिया ऑनलाइन की गई एक टिप्पणी को लेकर उपजे विवाद ने गुरुवार को जमीनी स्तर पर आ गया करणी सेना सहित कई अन्य सगठनों के पदाधिकारियों अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कोतवाली पहुचकर पुलिस उपाधीक्षक से वार्ता के बाद सावन यादव सहित दो दर्जन से अधिक लोगो के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। गौरतलब हो कि पूर्व राज्य मंत्री स्व राजा राजीव कुमार सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सपा के पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव के पहुंचने के बाद करणी सेना के प्रदेश महामंत्री अभिनव सिंह भी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे थे।

और उन्होंने श्री यादव का स्वागत किया था इसके बाद जेठवनी गांव निवासी सावन यादव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा की। पोस्ट में लिखा गया कि 'जो लोग पहले कहते थे कि अगर सरकार अपनी पुलिस हटा ले तो वह सपा को 10 मिनट में घुटनों पर ला देंगे, आज वही स्वयं घुटनों पर आ गए।' यह पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।

## सुखद जीवन के लिए परिवार में एकता सामंजस्य जरूरी : वीरेंद्र श्रीवास्तव

- सम्मानित किए गए गीतकार साहब नारायण शर्मा



**बाराबंकी।** शान्ति पुरम सेवा समिति की नियमित बैठक शिवाजी पुरम स्थित नींबू लाल गुप्ता के आवास पर सुरेश चन्द्र बैसवार की अध्यक्षता एवं व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव लल्लू के संचालन में आयोजित हुई। समिति संयोजक डा वीरेंद्र श्रीवास्तव ने अपने सम्बोधन में कहा कि सामान्जसय या समझौता के साथ जीवन जीने का नैतिक व्यावहारिक कला का ज्ञान व आचरण होना चाहिए।यदि सुखद जीवन जीने की तमन्ना है तो परिवार में समाज में एकता का तालमेल बनाकर रखिये। कार्यक्रम का आगाज युवा गीतकार साहब नारायण शर्मा की वाणी वन्दना एवं नींबू लाल गुप्ता के मंगलाचरण से हुआ। रज्जन लाल श्रीवास्तव ने लघु कथा प्रस्तुत की तो ओज कवि दीपक दिवाकर ने ओजस्वी रचनाएं सुनाकर श्रोताओं में जोश भरने का काम किया।वरिष्ठ संरक्षक राम चन्द्र वर्मा ने लोककथा प्रस्तुत कर समाज को नई दिशा देने का प्रयास किया।के के शर्मा द्वारा आध्यात्मिक ज्ञान संवर्धक काव्य तथा राधेश दीक्षित ने महाकवि मृगेश रचित महाभारत के पात्र अभिमन्यु पर रचना सुनाई । पूर्व प्राचार्य शत्रोहन लाल वर्मा ने सुविचार प्रस्तुत कर लोगों को सोचने पर विवश किया। व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव लल्लू ने हास्य व्यंग की कविताएं प्रस्तुत कर ससुराल की याद दिलाते हुए बस यात्रा पर कविता सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। योगेन्द्र वर्मा उपाध्यक्ष ने मोटीवेशनल वक्तव्य देकर सभा को सम्बोधित किया। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए सुरेश चन्द्र बैसवार ने कहा कि दुनिया के सबसे अच्छे विचारों में कर्म पर ध्यान देना,समय का सदुपयोग करना, बड़ा सोचना, गलतियों से सीखना, ईमानदार रहनाऔर विनम्रता जैसे जीवन्त मूल्य शामिल हैं। जिन्हें अपनाकर हम सफलता प्राप्त करने में सफल होंगे।

# अंतर्जनपदीय शातिर बदमाशों का गिरोह गिरफ्तार



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** थाना लोनीकटरा पुलिस टीम द्वारा 03 शातिर अन्तर्जनपदीय अभियुक्त/चोरों को गिरफ्तार कर निशांदेही से 31 गैलन व 02 ड्रम में चोरी का 1495 लीटर अवैध डीजल, चोरी की घटना में प्रयुक्त एक अदद इनोवा कार, औजार/उपकरण, तथा 01 अदद तमंचा .12 बोर व 02 जिन्दा कारतूस बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने तथा जनपद में हुई चोरी की घटनाओं का शीघ्र अनावरण करने व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में आज दिनांक 12.02.2026 को थाना लोनीकटरा पुलिस टीम द्वारा थाना लोनीकटरा पर पंजीकृत 1. मु0अ0सं0 45/2026 धारा 305(2) बीएनएस 2. मु0अ0सं0 46/2026 धारा 305(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. मोहम्मद शोहराब पुत्र मो0 वकील निवासी पिण्डौरा करनई थाना मुसाफिर खाना जनपद अमेठी 2. सतीश कुमार पुत्र स्व0 छेदलाल निवासी परीवा थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी 3. हरिओम पुत्र रामशंकर निवासी देवापुर थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी को हुसैनाबाद नेशनल हाइवे- वे 56 अण्डरपास के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे/निशांदेही से 31 गैलन व 02 ड्रम में चोरी का कुल 1495 लीटर अवैध डीजल, चोरी की घटना में प्रयुक्त इनोवा कार, औजार/उपकरण तथा अभियुक्त मोहम्मद शोहराब के पास से 01 अदद तमंचा .12 बोर व 02 जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317 (2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी। पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ अभियुक्त मोहम्मद शोहराब पुत्र मो0 वकील निवासी पिण्डौरा करनई थाना मुसाफिर खाना जनपद अमेठी अपने साथीगण 1. सत्य प्रताप पुत्र विरेन्द्र बहादुर निवासी पिण्डौरा करनई थाना मुसाफिर खाना जनपद अमेठी 2. राहुल पुत्र अज्ञात निवासी हरिहर पुर थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी के साथ रात्रि में रोड किनारे खड़े ट्रकों/गाड़ियों से डीजल चोरी की घटना को अंजाम देते है । चोरी किये हुए डीजल को अभियुक्तगण सतीश कुमार, हरिओम उपरोक्त की दुकान पर बेच देते है । अभियुक्तगण द्वारा दिनांक 11.02.2026 को भीलवल के पास खड़े ट्रक से डीजल चोरी किया गया था जिस सम्बन्ध में मु0अ0सं0 45/2026 धारा 305(2) बीएनएस पंजीकृत है तथा दिनांक 06.02.2026 को हुसैनाबाद पेट्रोल पम्प पर खड़े टैंकर से डीजल चोरी किया गया था जिस सम्बन्ध में मु0अ0सं0 46/2026 धारा 305(2) पंजीकृत है। पुलिस द्वारा शेष वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात कारणों से पोल्ट्री फॉर्म में लगी आग, लाखों का हुआ नुकसान

**समृद्धि न्यूज़, शिवगढ़ रायबरेली।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक पोल्ट्री फार्म में अज्ञात कर्म से आग लग गई आग लगने की वजह से पुरा पोल्ट्री फार्म जलकर खाक हो गया जिससे पोल्ट्री फार्म में आग लगने की वजह से किस का लाखों का नुकसान हुआ सूचना पर पहुंची डायल 112 व दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक सारा कुछ जलकर खाक हो गया था गौरतलब हो कि बुधवार की देर रात आनंद कुमार खेड़ा मजरे पड़ीरा कला गांव के रहने वाले अजय कुमार के पोल्ट्री फार्म में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिससे उनका पूरा पोल्ट्री फार्म जलकर खाक हो गया आग लगने की वजह से उनका लाखों का नुकसान हुआ है आग लगने की घटना के बारे में जानकारी देते हुए अजय कुमार ने बताया कि जिस समय आग लगी उसे समय पोल्ट्री फार्म में चूजे नहीं थे क्योंकि तैयार चूजों की बिक्री हो चुकी थी नए चूजे लाने की तैयारी चल रही थी परंतु देर रात अज्ञात कारणों से आग लग गई आग लगने की घटना से वह आहत हैं क्योंकि उनके लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

### ओथी गांव में घर से लाखों की चोरी

**शादी में गए परिवार के तीन ताले तोड़कर नगदी-जेवर ले गए चोर**

**महाराजगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के ओथी गांव में एक घर से लाखों रुपये के जेवरात और नकदी की चोरी हो गई। अज्ञात चोरों ने बीती रात घर के तीन ताले तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। घटना के समय घर के सभी सदस्य एक शादी समारोह में शामिल होने गए हुए थे, जिससे मकान खाली था। चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ा और घर में प्रवेश किया। इसके बाद उन्होंने अलमारी में रखे कीमती आभूषण और नकदी चुराकर फरार हो गए। परिजनों के वापस लौटने पर उन्हें चोरी की जानकारी हुई। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पीड़ित रामसमुझ ने बताया कि उनके गांव के प्रधान के यहां वैवाहिक कार्यक्रम था, जिसमें पूरा परिवार शामिल होने गया था। सुबह घर लौटने पर उन्होंने देखा कि मुख्य गेट, एक बक्से और अलमारी सहित तीन ताले टूटे हुए थे। रामसमुझ के अनुसार, अलमारी से नकदी, आभूषण और अन्य जेवरात गायब थे। उन्होंने सबसे पहले पुलिस और प्रधान को घटना की सूचना दी। क्षेत्राधिकारी महाराजगंज प्रदीप कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया जा रहा है। क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने आश्वासन दिया कि पुलिस जल्द ही मामले का खुलासा करेगी और चोरी हुआ सामान बरामद करेगी।

### मुख्य जीवन बीमा सलाहकार मनोज कुमार के अभिकर्ताओं को किया गया सम्मानित

**लालगंज/रायबरेली।** भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा रायबरेली प्रथम के मनोज कुमार की टीम की यूनिट मीटिंग लालगंज के एक होटल में आयोजित की गई , जिसमे गोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। गोष्ठी एवं सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि रहे लालगंज शाखा प्रबंधक चंद्रकिशोर यादव ने निगम के कई उत्पादों, जीवन उत्सव, बीमा लक्ष्मी प्लान के बावत जानकारी दी।

## नकलविहीन सुचितापूर्ण बोर्ड परीक्षा संपन्न कराने के लिये डीएम ने की बैठक



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** नकलविहीन, सुचितापूर्ण एवं शान्तिपूर्ण ढंग से बोर्ड परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी संजय चौहान व पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज परिसर में केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक, सचल दल प्रभारी, मानीटरिंग सेल प्रभारी, कंट्रोल रूम प्रभारी, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश द्विवेदी ने बताया कि हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा आगामी 18 फरवरी से प्रारम्भ होकर 12 मार्च 26 तक संचालित होगी। जो दो पालियों में पूर्वान्ह 8.30 बजे से 11.45 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 2 बजे से 5.15 बजे तक संचालित होंगी। जिसके लिए 85 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है जिनमें राजकीय विद्यालय 13, अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय 22 एवं वित्तविहीन 50 विद्यालय सम्मिलित है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी सम्बन्धित अधिकारी परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमणशील रहकर परीक्षा को नकलविहीन, सुचितापूर्ण एव सकुशल ढंग से सम्पन्न करायें। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस फोर्स, क्राइम ब्रान्च, सोशल टीम सतर्क दृष्टि बनाये रखेगें। परीक्षा ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य करें और परीक्षा को नकलविहीन एवं सकुशल सम्पन्न करायें। बैठक में समस्त उपजिलाधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेट सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## तहसील गेट पर वकीलों के धरना प्रदर्शन से आम लोग प्रभावित



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** लगभग डेढ़ माह हो चुके हैं वकीलों का मुसाफिरखाना तहसील गेट पर धरना प्रदर्शन अभी भी जारी है। तहसील में निरन्तर चली आ रही वकीलों की हड़ताल के कारण अदालतों में न्यायिक कार्य पूरी तरह से ठप्प हो गया है। जिसके चलते वादकारी व आम जनता दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वकीलों की हड़ताल में एक नया मोड यह आ गया है कि वकीलों द्वारा तहसील गेट पर ही धरना प्रदर्शन करने के कारण आम जन मानस को तहसील परिसर में अब आने जाने में दिक्कत हो रही है। इस हड़ताल के कारण यहां तक कि रजिस्ट्री कार्यालय में भी कार्य प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों के साथ समाज सेवी नंदकिशोर त्रिपाठी व गौ सेवक अशोक कुमार मिश्र ने आम जनता के साथ हो रही दिक्कतों के बारे में कहा कि एकता के बल पर कार्य बाधित करना क्या वकीलों का यह कार्य क्या उचित है। स्थानीय लोगों व समाज सेवियों ने तत्काल समस्या के समाधान की माँग की है।

## द्रुत गति ट्रक की चपेट में आने से महिला की दर्दनाक मौत

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मुख्यालय कस्बा गौरीगंज के हनुमान तिराहा के पास तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक पर बैठकर जा रही एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में मृतक महिला का नाम पूनम सिंह पत्नी छत्रपाल सिंह निवासी ग्राम अर्जुनपुर कोतवाली क्षेत्र गौरीगंज बताया जा रहा है। घटना के बाद मौके से ट्रक छोड़कर चालक फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक की रफ्तार काफी तेज बताई जा रही है। दुर्घटना के बाद शव ट्रक में फंस गया था जो कि बड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया, हादसा इतना दर्दनाक था कि देखने वालों की रूह कांप उठी। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य में जुट गई।

## एसडीएम ने शुरू की ऐतिहासिक धरोहर संरक्षित करने की पहल



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना द्वारा ऐतिहासिक कदम उठाते हुए एक अनोखी पहल शुरू की गई है। मुसाफिरखाना एसडीएम द्वारा गांवों की ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने के लिए शुरू की अनोखी पहल के तहत गांव-गांव में मौजूद ऐतिहासिक, पौराणिक और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी जानकारियों को एकत्रित किया जाएगा। इसी क्रम में एसडीएम द्वारा गांव-गांव चौपाल लगाकर संभ्रांत नागरिकों एवं बुजुर्गों से मुलाकात कर गांव के इतिहास, परंपराओं और महत्वपूर्ण धरोहरों की जानकारी जुटाई जा रही है। उपजिलाधिकारी द्वारा मुसाफिरखाना तहसील क्षेत्र में स्थित पौराणिक स्थलों की कथाओं को भी संकलित कर संरक्षित किया जाएगा। इसके साथ ही गोमती नदी किनारे स्थित प्राचीन मंदिरों की ऐतिहासिक और धार्मिक कथाओं का भी विस्तार से वर्णन किया जाएगा, जिससे आने वाली पीढ़ियां अपने क्षेत्र की विरासत को जान सकें। उपजिलाधिकारी द्वारा शुरू की गई इस पहल की स्थानीय लोगों द्वारा सराहना की जा रही है।

## किसान यूनियन ने की आरोपियों पर एफआईआर की मांग

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जामो थाना क्षेत्र के धनेपुर परसरामपुर गांव निवासी मिश्री लाल पासी भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक के साथ तहसील गौरीगंज पहुंचे और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। यूनियन के जिला प्रवक्ता नेत्रहीन लाल बाबू लोधी के नेतृत्व में पहुंचे लोगों ने पीड़ित के साथ न्याय की मांग उठाई। मिश्री लाल का कहना है कि गांव के कुछ लोगों ने उनकी चार पहिया गाड़ी का शीशा तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी दी है। घटना के बाद उन्होंने 112 नंबर पर फोन किया, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपियों को थाने भी ले गई, लेकिन बाद में छोड़ दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि उसने पहले भी थानाध्यक्ष जामो और पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया, मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। ज्ञापन में गांव के कुछ लोगों पर शराब के नशे में गाड़ी का शीशा तोड़ने और गाली-गलौज करने का आरोप लगाया गया है। किसान यूनियन के जिला प्रवक्ता लाल बाबू लोधी ने कहा कि अगर जल्द एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आंदोलन करेगा। पीड़ित ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर नुकसान की भरपाई और सुरक्षा की मांग की है। प्रशासन ने जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया है।



## श्रीमद्भगवत कथा में धूमधाम से मना श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड जामों मुख्यालय के निकट ग्राम पूरे दिनई में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक विजय मोहन जी महाराज ने श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की पावन कथा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि द्वापर युग में भाद्रपद कृष्ण अष्टमी की घनघोर अंधियारी रात में मथुरा के कारागार में वासुदेव और देवकी के आठवें पुत्र के रूप में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। इस अवसर पर कृष्ण जन्म की विशाल झांकी भी निकाली गई। श्रोताओं द्वारा झूमते नाचते रंग गुलाल उड़ाते हुए भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में रामेश्वर प्रसाद मिश्रा, राम प्रताप मिश्रा, अयोध्या प्रसाद तिवारी, के.के. तिवारी मैनेजर, भल्लर पाण्डेय, अम्बिका श्रीवास्तव, रामकुमार मिश्रा, दूध नाथ सिंह, पप्पू मिश्रा, दीपक, अतुल, अनुज, संदीप तथा भारत न्यूज़ चैनल से जिला संवाददाता ओम नारायण मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला संचालन समिति की बैठक का आयोजन



**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के अंतर्गत, पॉक्सो अधिनियम की धारा 4,6 तथा आईपीसी की धारा 376घ में रेप विक्टिम व दहेज हत्या के मामलों में मृतका के नाबालिग बच्चों को आर्थिक क्षतिपूर्ति प्रदान कराए जाने हेतु जिला स्तर पर जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में बुधवार को गठित जिला संचालन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (प्रतिनिधि), पुलिस अधीक्षक महोदय (प्रतिनिधि), मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संयुक्त निदेशक अभियोजन, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (प्रतिनिधि), अग्रणी बैंक प्रतिनिधि, प्रतिनिधि, समाज कल्याण अधिकारी प्रतिनिधि, नोडल मेडिकल ऑफिसर, जिला प्रोबेशन अधिकारी सीतापुर उपस्थित रहे, जिसमें जिला संचालन समिति के स्तर पर प्राप्त 32 प्रकरणों के निस्तारण पर चर्चा की गई। पुलिस व मेडिकल स्तर पर लंबित प्रकरणों में आवश्यक कार्यवाही करते हुए प्रकरणों को जिला संचालन समिति के स्तर पर अग्रसारित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा जिला संचालन समिति के स्तर पर लंबित प्रकरणों में कार्यवाही कर निस्तारित हेतु जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया गया।

## बीडीओ सकरन के द्वारा सचिव उमाकांत के मामले में जांच का हवाला देकर बचाने का कर रहे कार्य




**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** जहां सीतापुर जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी लगातार भ्रष्टाचार्यो पर कार्यवाही कर रहे हैं और निष्पक्ष जांच करने की कड़े आदेश भी देती हुई नजर आ रही है वहीं विकासखंड सकरन में तैनात खंड विकास अधिकारी श्रीश गुप्ता के द्वारा सचिव उमाकांत को बचाने का प्रयास पूरा करते हुए सिर्फ जांच का हवाला देकर अपना पूरा काम कर रहे हैं जबकि अधिकारी जांच का आश्वासन देते हुए सही जांच करनी चाहिए परंतु खंड विकास अधिकारी के द्वारा जांच का आश्वासन देते हुए सचिव उमाकांत को संरक्षण देने का कार्य किया गया है जिससे स्पष्ट हो गया है कि सचिव उमाकांत के द्वारा प्रधान के खाते पर अतिरिक्त भुगतान लगाने का कार्य किया जा रहा है और शासनादेश की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं क्या इस मामले पर मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा सही संज्ञान लेकर निष्पक्ष कार्यवाही की जाएगी या सिर्फ नोटिस देखकर फाइल दबाने का कार्य किया जाएगा। विकास खण्ड सकरन की ग्राम पंचायत अदवारी सचिव के द्वारा बोर रिबोर प्रशासनिक व्यय और ह्यूमन पाइप के नाम पर निकल गया फर्जी भुगतान और सचिव के द्वारा ग्राम प्रधान पर मानदेय के अलावा लगाए गए भुगतान लगाकर अपनी मनमानी कर रहे हैं यहां सरकार और प्रशासन नए-नए नियम जारी करते हैं जिससे गरीबों को रोजगार मिले 100 ग्राम पंचायत में विकास कार्य हो सके परंतु सचिव के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024 25 और 2025 26 के 15वें व 5वें वित्त से प्रधान की खाते पर मानदेय के अलावा अतिरिक्त भुगतान लगाकर शासनादेश की धज्जियां उड़ाई गई हैं और सचिव के द्वारा और कई भी भुगतान फर्जी तरीके से लगाए गए हैं किसी स्पष्ट हो रहा है कि सचिन सिर्फ अपनी जेब भरने के चक्कर में अपनी मनमानी कर रहे हैं ऐसे सचिवों पर क्या विकास खंड के अधिकारी संज्ञान लेकर कड़ी कार्यवाही करेंगे या देंगे अभय दान या नोटिस देखकर सिर्फ खाना पूर्ति करने का कार्य करके प्रशासन को लाखों रुपए का नुकसान करेंगे।

विकास खण्ड सकरन की ग्राम पंचायत अदवारी सचिव के द्वारा बोर रिबोर प्रशासनिक व्यय और ह्यूमन पाइप के नाम पर निकल गया फर्जी भुगतान और सचिव के द्वारा ग्राम प्रधान पर मानदेय के अलावा लगाए गए भुगतान

**ग्राम प्रधान जारिना के खाते पर लगा अतिरिक्त भुगतान 10200**

**क्या बोले जिम्मेदार अधिकारी**

इस संदर्भ में सहायक विकास अधिकारी सकरन से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया मामला संज्ञान में आया है जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस संदर्भ में जब सकरन खंड विकास अधिकारी श्रीश गुप्ता से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया मामला संज्ञान में आया है मामले की जांच कराई जाएगी।

## हनुमंत नगर कॉलोनी में अवैध निर्माण जारी, नोटिस के बाद भी नहीं रुका काम, प्रशासन पर उठे सवाल

**सीतापुर।** जनपद के कनवाखेड़ा क्षेत्र स्थित हनुमंत नगर कॉलोनी में अवैध प्लॉटिंग और बिना मानचित्र स्वीकृति के बहुमंजिला निर्माण का मामला अब खुलकर सामने आने लगा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कॉलोनी में बगैर मानचित्र पास कराए ही कई मकान बनकर तैयार हो चुके हैं और निर्माण कार्य लगातार जारी है, जबकि जिला प्रशासन अब तक गहरी नींद में सोता नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि कॉलोनी का विकास गौरव जिंदल द्वारा कराया गया, जहां बिना वैध स्वीकृति के प्लॉटिंग कर जमीन बेची गई और फिर धड़ल्ले से मकान निर्माण शुरू हो गया।

# देश के किसानों के हित में नहीं है अमेरिका से समझौता

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में अमेरिका-भारत ट्रेड डील के विरोध में किसानों ने सड़क पर उतरकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। किसानों ने जमकर नारेबाजी के उपरांत राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। इस दौरान किसान नेता शमीम सिद्दीकी ने कहा कि यह समझौता देश के किसानों के हित में नहीं है , जिसका विरोध भारतीय किसान यूनियन करेगी।

गुरुवार को इस्माइलपुर स्थित कार्यालय पर भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के बीच मौजूद प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी, जिला अध्यक्ष ठाकुर महेंद्र प्रताप सिंह ,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉक्टर कुसुम चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा अमेरिका के साथ डील की गई है, जिससे भारतीय किसानों पर सीधा दुष्प्रभाव पड़ेगा। किसानो की फसलों को सही मूल्य नहीं मिल पाएगा, आलू की कीमतों को लेकर भारतीय किसान पहले से ही परेशान है। केंद्र सरकार आलू फसल की एमएसपी निर्धारित करें, आलू का निर्यात किया जाए जिससे आलू फसल करने वाले किसानों को राहत मिल सके। उधर सुबह से ही प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी का घर कोतवाली पुलिस एवं प्रभारी निरीक्षक अजय अवस्थी द्वारा घेर लिया गया जिससे कि वह कन्नौज न पहुंच सकें , बावजूद इसके भी किसानों ने पुलिस की कार्यवाही का न सिर्फ



पुरजोर विरोध किया बल्कि कन्नौज पहुंचने में सफल रहे। प्रभारी निरीक्षक अजय अवस्थी की गाड़ी किसानों के काफिले के आगे चल रही थी जैसे कि वह वी आई पी नेताओं को स्कॉट दे रहे हैं। किसान नेताओं में शमीम सिद्दीकी ठाकुर महेंद्र प्रताप सिंह आदि ने बताया कि यह प्रदर्शन किसान हितों की अनदेखी और स्थानीय कृषि पर संभावित दुष्प्रभावों के विरोध में आयोजित किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम निर्धारित था। पुलिस प्रशासन ने उन्हें कलेक्ट्रेट पहुंचने से पहले ही पाल चौराहा कन्नौज में रोक लिया।स्थिति को देखते हुए कन्नौज तहसीलदार स्वयं मौके पर पहुंचे और प्रतिनिधिमंडल से वार्ता की। जहां किसान नेताओं ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर सभी प्रकार की समस्याओं के निस्तारण की मांग की जबकि किसानों की समस्याओं को विस्तार से रखते हुए किसान नेताओं एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने स्पष्ट किया कि ट्रेड डील का प्रभाव यदि किसान विरोधी रहा तो इसका पुरजोर विरोध जारी रहेगा।

तहसीलदार ने समस्याओं को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाकर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।धरना-प्रदर्शन में मुख्य रूप से डॉक्टर सरित दुबे, प्रमोद तिवारी , डॉक्टर साजिद हुसैन , मो शहजाद हुसैन , उपेंद्र राजपूत , डब्लू ठाकुर , प्रमोद तिवारी, राहुल कुमार, फखरे आलम , राजा अनमोल सिंह, मोहन अहमद, अजय शेर , सत्यम प्रजापति आदि सहित भारी संख्या में किसानों की सहभागिता रही। सभी ने एकजुट होकर किसान हितों की रक्षा के लिए, लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

# खेलों को खेल की भावनाओं से खेले खिलाड़ी : इरफान हुसैन

## खेलों से होता है शारीरिक और मानसिक विकास : मुजम्मिल उर्फ कबूतर

समधन, समृद्धि न्यूज़।

गौरी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में मैच का उद्घाटन करने पहुंचे सपा नेताओं का आयोजकों ने फूल मालाएं पहनाकर ढोल नगाड़े की धुन में गर्मजोशी से स्वागत किया गया मैच का फीता काट कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई गई। समधन नगर की पुलिस चौकी के नजदीक चला गौरी क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच बुधवार को खेला गया जिसका उद्घाटन करने पहुंचे समधन के सपा नेता इरफान हुसैन,युवा नेता नगर पंचायत समधन अध्यक्ष पद के उम्मीदवार मुजम्मिल उर्फ कबूतर व बसपा के छिबरामऊ विधानसभा प्रभारी सैय्यद उसैब अहमद बट्टू के अलावा मुस्ताक अहमद भुट्टो ने टूर्नामेंट कार्यक्रम कार्यक्रम में पहुंचकर फाइनल मैच का सभी ने अलग-अलग बारी बारी से फीता काट उद्घाटन किया गया इसी दौरान कहा गया कि खेलों को खेल की भावनाओं से खेले खिलाड़ी ऐसे आयोजनों से युवाओं की छिपी प्रतिभाओं में निखार भी आता है इसके साथ-साथ लोगों में आपसी भाईचारा कायम होता है। इस अवसर पर उम्मीद हसन अल्लाह रक्खा,





अब्दुल्ला खान,आरिफ (शीरू), नफीस बम्बईया, इमरान बन्ना, रूकसाद पहलवान, स्कोर मोहम्मद सगीर, कमेन्ट्र मोहम्मद आरिफ आदि हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सत्संगियों ने की दस दिन अखंड साधना



छिबरामऊ, कन्नौज। परम संत बाबा उमाकांतजी महाराज के अनुयायियों ने क्षेत्र के ग्राम जसरा में दस दिन लगातार अखंड साधना की। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के बाबा जयगुरुदेव से जुड़े तमाम अनुयायियों ने भाग लिया। काल व्याल से वही बचे, जो गुरु का ध्यान धरे की तर्ज पर परम संत बाबा उमाकांतजी महाराज के अनुयायियों ने 2 से 12 फरवरी तक लगातार अखंड साधना की। गुरुवार को समापन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। सीएसबी रोड पर दोनों तरफ स्टाल लगाकर राहगीरों में भी प्रसाद बांटा गया। इस दौरान कानपुर मंडल प्रभारी राजवीर उपाध्याय, शशिभान सिंह रोकडिय़ा, रजनीश यादव, रणविजय राणा, हरिनाम सिंह, त्रिमोहन, अतुल यादव, विष्णु कुमार, अतुल यादव, दिनेश सविता, बलराम यादव, रमाकांत दीक्षित एडवोकेट, गौरव चतुर्वेदी एडवोकेट एवं आनंद दुबे एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# अध्यक्ष पद पर पांच प्रत्याशी आजमा रहे किस्मत

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

बार एसोसिएशन के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में इस बार अध्यक्ष पद के लिए पांच प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें चार प्रत्याशी पूर्व में अध्यक्ष रह चुके हैं। ऐसे में अध्यक्ष पद के चुनाव का मुकाबला काफी रोचक हो गया है। वहीं महासचिव पद पर भी पांच प्रत्याशी मैदान में हैं। चुनाव में प्रत्याशियों ने जनसंपर्क के साथ अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

अध्यक्ष पद के चुनाव में इस बार पांच प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं, जिनमें चार पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, राजकुमार सिंह बैस, रामचंद्र मिश्रा व शिवनाथ सिंह यादव के अलावा एक अन्य प्रत्याशी किशुनदत्त वर्मा भी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं महासचिव पद के लिए पूर्व में महासचिव रह चुके पंकज मिश्रा के अलावा अजीतप्रताप



सिंह, घनश्याम सिंह, रजनीश कुमार यादव व रामप्रकाश मैदान में हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए फहीमजमां खां, संजीव कुमार दुबे व श्याम सिंह भारती के बीच मुकाबला होगा। उपाध्यक्ष प्रथम के दो पदों के लिए गौरव कुमार, दिनेशचंद्र यादव, विनीत त्रिपाठी व शिवप्रकाश यादव चुनाव लड़ रहे हैं। संयुक्त सचिव प्रशासन के पद पर नरेंद्र सिंह शाक्य और अंकित कुमार यादव के बीच मुकाबला होगा, जबकि संयुक्त सचिव प्रसारण के पद पर अमित कुमार राजपूत और विशाल दुबे में चुनाव होगा। कोषाध्यक्ष के पद के लिए अंजू पटेल, विमलेश कुमार और संजय मिश्रा मैदान में हैं। प्रशासनिक सदस्य कनिष्ठ के छह पदों के लिए 10 प्रत्याशी सचिन बौद्ध, संजीव यादव, रणजीत सिंह, अवनीश वर्मा, ललित दुबे, वेदराम, सुखेंद्र सिंह, अनीस, वेदमती व शहनूर अहमद के बीच मुकाबला हो रहा है। 16 फरवरी को मतदान कराया जाएगा।

## मदरसा बोर्ड परीक्षा में चौथे दिन 758 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

कन्नौज, समृद्धि न्यूज। जिले के सात परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जा रही मदरसा बोर्ड परीक्षा के चौथे दिन 758 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। बताते चलें कि जिले के सात परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में चौथे दिन गुरुवार को सुबह की पाली में पंजीकृत 1726 परीक्षार्थियों में 1058 छात्र छात्राये शामिल हुए, जबकि 668 ने परीक्षा छोड़ दी। इसी प्रकार शाम को आयोजित दूसरी पाली में पंजीकृत 411 छात्र छात्राओं में 321 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 90 छात्र छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी।

सभी केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहे। जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

## ढोल बजाते धूमधाम से निकली साईं पालकी यात्रा



छिबरामऊ, कन्नौज। साईं पालकी यात्रा धूम-धड़ाके के साथ निकाली गई। पालकी उठाकर भक्तों ने साईं बाबा का आशीर्वाद लिया। रास्ते में कई जगह यात्रा का स्वागत हुआ। पीपल चौराहा स्थित विजयनाथ मंदिर में साईं बाबा की भव्य मूर्ति विराजमान है। यात्रा प्रारंभ होने से पहले पंडित रामकिशोर मिश्रा ने पालकी का पूजन कराया। इसके बाद शुरू हुई शोभायात्रा में भक्त शामिल हुए। नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए सौरिख रोड़ स्थित सिद्धपीठ कालिका देवी मंदिर पहुंचकर यात्रा का समापन हो गया। तत्पश्चात श्री विजय नाथ मंदिर में हवन पूजन हुआ। कन्या भोज के बाद पूरे दिन पूड़ी सब्जी के प्रसाद का वितरण चलता रहा। मंदिर को भी रंग बिरंगी झालरों व फूलों से सजाया गया था। कार्यक्रम में संदीप दुबे, रमाकांत त्रिपाठी पप्पी, आलोक गुप्ता टिल्लू, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, अनुज गुप्ता अन्नू, अनिल गुप्ता, मनीष शर्मा, विनीत शर्मा, सचिन गुप्ता,राहुल रावत, पंकज दुबे, उज्वल गुप्ता, मंटु गुप्ता, मुन्नू गुप्ता, श्याम गुप्ता व सोनू रावत सहित कई भक्त मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### कवि हरिगोविंद को मिला राष्ट्र स्तरीय साहित्यिक सम्मान

छिबरामऊ, कन्नौज। सिकंदरपुर क्षेत्र के वरिष्ठ कवि, पर्यावरण प्रहरी एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरिगोविंद शाक्य हरि को राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। नव उदय पब्लिकेशंस, ग्वालियर (मध्य प्रदेश) द्वारा आयोजित इस राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रम में उन्हें संत मीराबाई साहित्यिक सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान साहित्यिक रचनाओं तथा सांस्कृतिक एवं सामाजिक सेवाओं के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है। हरिगोविंद शाक्य हरि हिंदी साहित्य में अपनी काव्य रचनाओं के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, शाकाहार प्रचार और सामाजिक जागरूकता के कार्यों के लिए जाने जाते हैं। वे लंबे समय से पर्यावरण प्रहरी के रूप में सक्रिय हैं और क्षेत्रीय स्तर पर कई अभियानों का नेतृत्व कर चुके हैं। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के साहित्यकारों, कवियों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं के अलावा पूर्व सांसद प्रोफेसर रामबक्स सिंह वर्मा, डॉ.नरेंद्र संगम, रूपलाल रूप, दीपमाला शाक्य दीप, साधना यादव, श्रीपाल वर्मा, आरएस कुशवाहा, श्रीकृष्ण आर्य, शीलू यादव, देवेंद्र यादव देव, जयवीर सिंह यादव (एडवोकेट), श्याम बाबू शाक्य, सुरेश चंद दुबे धक्कड़, डॉ.हरिश्चंद्र शाक्य आदि ने बधाई दी है।

### बारात चढ़ाने जा रहे लोगों को कार ने रौंदा, आठ घायल



छिबरामऊ, कन्नौज। नेशनल हाईवे-34 पर भीषण सड़क हादसे ने शादी के उत्सव को मातम में बदल दिया। तेज रफ्तार महिंद्रा जाइलो कार ने बारात चढ़ाने की तैयारी में जुटे बैंड-बाजे और बग्गी वाले लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बैंड का सामान और बग्गी के टुकड़े उड़ गए। हादसा ग्राम सराय सुंदर निवासी राजकिशोर दुबे की भतीजी की शादी के दौरान हुआ। बैंड पार्टी के सदस्य और अन्य लोग बारात चढ़ाने जा रहे थे, तभी बेकाबू कार भीड़ में घुस गई और कई लोगों को कुचलते हुए गुजरी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार चालक मौके पर ही वाहन छोड़कर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि आरोपी चालक इनायतपुर से आई बारात में शामिल होने गेस्ट हाउस आया था और लौटते समय यह हादसा हुआ। पुलिस ने मौके से कार कब्जे में ले ली है। घायलों को तुरंत सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया, यहां से उनकी गंभीर हालत के कारण तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घायलों में चांद बाबू (32), साबिर (25), इस्तक अली (32), वसीम अली (40), सानू (38), राजेंद्र (45), सूरज (55) और चंदन (39) शामिल हैं। पुलिस कार के नंबर और गेस्ट हाउस के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फरार चालक की तलाश में जुटी है।

### भाकियू ने की तालाबों और नालों को साफ कराने की मांग

छिबरामऊ, कन्नौज। भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के युवा प्रदेश अध्यक्ष इंजी. सौरव यादव ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह से मुलाकात कर बहवलपुर में तालाबों की सफाई कराने की मांग की।

इस संबंध में दिए गए पत्र में उन्होंने कहा है कि बहवलपुर के वार्ड न 2 पटेल नगर एवं वार्ड न 13 हर्ष नगर में सभी तालाबों की सफाई कराने के साथ जो भी तालाब एवं नाला बंद हैं, उनको खुदवाया जाए। जिससे आगामी बरसात में जल भराव की समस्या न हो और लोगों के घरों में पानी न भरे। इस पर अधिशाशी अधिकारी ने आश्वस्त किया कि जल्द ही जेसीबी एवं पोकलेन की मदद से पूरी खुदाई और सफाई कराई जाएगी।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की मौत

कन्नौज, समृद्धि न्यूज। शादी समारोह से वापस लौट रहे एक ग्रामीण की बाइक को एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक उन्नाव जिले के बांगरमऊ के नसरापुर गांव निवासी 65 वर्षीय महिपाल सिंह एक शादी समारोह में शामिल होने बीते दिन इंदरगढ़ क्षेत्र के एक गांव में शामिल होने आए थे। गुरुवार को महिपाल अपनी बाइक से अपने घर वापस लौटने के लिए रवाना हुए थे। जैसे ही महिपाल ठठिया थाना अंतर्गत लखनऊ आगरा एक्सप्रेस अंतर्गत 2 सौ माइल स्टोन के निकट पहुंचे, इसी दौरान एक तेज रफ्तार वाहन ने ग्रामीण की बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले की जानकारी पर यूपीडा टीम द्वारा एंबुलेंस की मदद से घायल महिपाल को उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज तिर्वा भेजा गया। यहां डाक्टरों में महिपाल की मौत की पुष्टि कर दी।

# कर्मचारी महासंघ की मेहनत लाई रंग, कैशलेस की मिली सुविधा

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की मेहनत रंग लाई प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षणेत्तर कर्मचारी को भी शिक्षकों की भांति कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने की घोषणा बजट सत्र के दौरान की है जिससे पूरे प्रदेश के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में हर्ष की लहर दौड़ गई प्रदेश के कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री शिक्षा मंत्री सहित संगठन के पदाधिकारी को बधाई देकर हर्ष जताया है। शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार द्विवेदी एवं प्रदेश के महासचिव अवधेश मिश्रा सहित पदाधिकारी ने 10 फरवरी को लखनऊ पहुंचकर सचिवालय में शिक्षा मंत्री गुलाब देवी डिप्टी चीफ मिनिस्टर बृजेश पाठक तथा नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे से मिलकर शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को शिक्षकों की भांति कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने का अनुरोध किया था बुधवार को बजट सत्र के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी माध्यमिक बेसिक उच्च शिक्षा के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने की घोषणा की।

कैशलेस चिकित्सा सुविधा की घोषणा होते ही प्रदेश सभी शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में हर्ष की लहर दौड़ गई कर्मचारियों ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री गुलाब देवी उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक प्रदेश के मुख्यमंत्री को बधाई देकर धन्यवाद दिया।

# तहसील संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण से मिलेगी सहूलियत

- 185.60 लाख से कराया जा रहा है निर्माण

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

फोर लेन सौरिख बिधूना रोड से तहसील होते हुए कैरदा रोड तक 185.60 लाख से तहसील मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य शुरू हो गया। इस सड़क के चौड़ीकरण हो जाने से लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी।

सौरिख रोड से कैरदा रोड को जोड़ने वाला यह तहसील मार्ग कम चौड़ा होने से आए दिन इस पर जाम लग जाता है। इससे निजात पाने के लिए इस मार्ग का चौड़ीकरण प्रस्तावित है। कन्नौज फर्रुखाबाद वृत्त लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता सनत गुप्ता रिशी एवं लोक




निर्माण विभाग निर्माण खंड 1 कन्नौज के अधिशासी अभियंता संजीव कुमार द्वारा जारी की गई ई-निविदा सूचना के अनुसार 5 वर्षीय अनुरक्षण सहित इस मार्ग का चौड़ीकरण एवं शोध सुदृढ़ीकरण 185.60 लाख से कराया जाएगा। इसमें 5 वर्षीय अनुरक्षण कार्य भी शामिल है। कार्य पूरा करने की अवधि 6 माह निर्धारित की गई है। संबंधित कार्यदायी संस्था ने सड़क के चौड़ीकरण का कार्य शुरू कर दिया है।

इस सड़क के चौड़ीकरण हो जाने से तहसील और मुंसिफी न्यायालय आने वाले वादकारियों न्यायिक अधिकारियों अधिवक्ताओं और क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी।

# जागरूकता स्टालों का न्यायाधीश ने किया निरीक्षण



कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

यूपी सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों को मिल सके और इसकी जानकारी हो सके इसको लेकर आयोजित जागरूकता शिविर में जिले के विभागीय कर्मचारियों ने स्टाल लगाए। इस दौरान मौके पर पहुंची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने एसडीएम के साथ तहसील मुख्यालय पर आयोजित इस जागरूकता शिविर का निरीक्षण किया।गुरुवार को तिर्वा तहसील मुख्यालय पर सरकार की विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ जनमानस को मिल सके, इसको लेकर जिले के स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, पंचायत राज विभाग, बाल बिकास, पुलिस विभाग, खाद्य विभाग, सोलर लाइट, कृषि विभाग आदि के विभागीय कर्मचारियों द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए स्टाल लगाए गए। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कन्नौज की सचिव स्नेहा भी पहुंची। उन्होंने मुख्यालय पर लगाए गए स्टालों का एसडीएम राजेश कुमार के साथ निरीक्षण किया। सचिव ने स्टाल लगाए कर्मचारियों से बात भी की कि, वह किस प्रकार लोगों को इस बात की जानकारी देंगे कि, सरकारी योजनाओं का लाभ उनको कैसे मिलेगा। इस पर स्टॉल लगाए कर्मचारियों ने सचिव और एसडीएम को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी कि, सरकारी योजनाओं का लाभ आम जन से लेकर समाज के प्रत्येक वर्ग को कैसे मिल सकेगा।

अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान तहसील मुख्यालय पर आयोजित उपरोक्त कार्यक्रम में ग्रामीण और शहरी अंचल के लोग बड़ी संख्या में नजर आए।

## पीएसएम पीजी कॉलेज में हुई कैरियर काउंसिलिंग कार्यशाला



कन्नौज। पीएसएम पीजी कॉलेज में एक दिवसीय कैरियर काउंसिलिंग कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अजय सिंह ने किया। कार्यशाला में प्रभागीय वनाधिकारी हेमंत कुमार सेठ, जिला पर्यटन अधिकारी डॉ. मो. मकबूल, जिला सेवायोजन अधिकारी अपूर्वा दुबे और नमामि गंगे परियोजना अधिकारी अजय त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को करियर चयन, रोजगार के अवसरों और लक्ष्य निर्धारण पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। हेमंत सेठ ने विभिन्न संकायों में रोजगार संभावनाओं, कंप्यूटर व भाषा कौशल के महत्व तथा नेट-जेआरएफ जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर प्रकाश डाला। डॉ. मकबूल ने पर्यटन विभाग के नि:शुल्क गाइड सर्टिफिकेट कोर्स व प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी दी। वहीं अपूर्वा दुबे ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, पढ़ाई के दौरान होने वाले तनाव से निपटने के तरीके और सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग पर विस्तार से चर्चा की। कार्यशाला के अंत में छात्रों ने करियर से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने समाधान किया। कार्यक्रम में सेवायोजन कार्यालय के संदीप कुमार श्रीवास्तव, दिनेश कुमार सहित महाविद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

## बस में नशेड़ी युवक ने की युवती से छेड़छाड़

कन्नौज। दवा लेकर बस से आगरा से लौट रही एक युवती को बस पर पहले से सवार एक युवक ने छेड़छाड़ कर दी। मौके पर मौजूद जब युवती के भाई ने युवक का विरोध किया तो विवाद शुरू हो गया। बस सवार युवक को युवती के भाई और कुछ सवारियों ने भी उसकी हरकतों के लिए पिटाई की, तो युवक द्वारा अपने गांव फोन पर कुछ लोगों को मौके पर बुला लिया गया। जैसे ही बस युवक के गांव के निकट पहुंची तभी वहां पहले से मौजूद लोग बस के अंदर घुस गए, जिसके बाद बस सवार युवती के भाई और सवारियों से मारपीट शुरू हो गई। मामले की गंभीरता को देख बास चालक ने बस दौड़ा दी, और टोल प्लाजा पर खड़ी करने के बाद अभद्रता कर रहे युवक और उसके एक हमलावर साथी को पुलिस को जानकारी दिए जाना के बाद सौंप दिया गया। जानकारी के मुताबिक बीती रात सौंरिख क्षेत्र का एक युवक अपनी बहन को आगरा से दवा दिलाकर वापस बस से एक्सप्रेस वे के रास्ते लौट रहा था।

# हादसे के बाद मौके से बस चालक-परिचालक फरार






कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर हादसों में जागरूकता के अभाव में कमी नहीं आ पा रही है।एक बार फिर झपकी एक और सड़क दुर्घटना का कारण बन गई। गुरुवार की सुबह स्लीपर बस डिवाइडर से टकराकर पलटने से उस पर सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। दुर्घटना में करीब दो दर्जन के करीब महिला पुरुष यात्रियों के घायल होने की खबर है। मौके पर पहुंची राहत टीमों द्वारा दुर्घटना के घायलों को सैफई और कन्नौज के विभिन्न अस्पतालों में उपचार हेतु भेजा गया है। दुर्घटनाग्रस्त बस दिल्ली से बिहार जाने के लिए रवाना हुई थी, जो कन्नौज जिले के अंतर्गत थाना सकरावा के अंतर्गत एक्सप्रेस वे पर माइक स्टोन 144 पर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। घटना के दौरान बस का चालक और परिचालक मौके से भाग निकले। जानकारी के मुताबिक बीते बुधवार की रात दिल्ली से बिहार जाने को डबल डेकर बस करीब 80 के करीब महिला पुरुष सवारियां लेकर रवाना हुई थी। एक्सप्रेस वे पर उपरोक्त थाना क्षेत्र के माइल स्टोन 144 पर बस अचानक पलट गई। दुर्घटना के दौरान यात्रियों में चीख पुकार मच गई। दुर्घटना के दौरान बस चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए, वहीं बस सवार यात्रियों ने बताया कि, बस की रफ्तार अधिक थी और क्षमता से अधिक सवारियों को भी बस पर चालक परिचालक द्वारा बिठाया गया था। उपरोक्त माइल स्टोन के निकट सुबह के समय बस चालक द्वारा जैसे ही बस को मोड़ा सा गया, इसी दौरान बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई।

## डीएम-सीडीओ ने किसानों से ली जानकारी

कन्नौज। सदर तहसील के ग्राम सहिल्लापुर में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने पहुंचकर किसानों से फार्मर रजिस्ट्रेशन की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान डीडी कृषि संतोष यादव ने बताया कि गांव में कुल 150 किसान हैं, जिनमें से 10 किसानों का रजिस्ट्रेशन अभी शेष है। इस पर जिलाधिकारी ने शेष पंजीकरण एक दिवस में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। डीडी कृषि ने बताया कि जनपद में कुल 2,20,051 किसान हैं, जिनमें से 1,69,921 किसानों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो किसान फार्मर रजिस्ट्रेशन नहीं कराएंगे, वे सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह सकते हैं। किसानों से अपील की गई कि वे पंचायत सहायक, जन सेवा केंद्र या जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में जाकर शीघ्र पंजीकरण कराएं।

# डीएम ने दफ्तर-दफ्तर जाकर कसा अनुशासन का शिकंजा



- रिकॉर्ड रूम से नजारत तक किया निरीक्षण, स्वच्छता, व्यवस्था और अनुपयोगी सामग्री हटाने के निर्देश

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

मंडलायुक्त के प्रस्तावित दौरे से पहले कलेक्ट्रेट परिसर गुरुवार को अचानक सख्ती के माहौल में नजर आया, जब जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने एक-एक कार्यालय में पहुंचकर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। अभिलेखागार, राजस्व रिकॉर्ड रूम, नजारत, आपदा प्रबंधन, खनन विभाग और विभिन्न लिपिक कार्यालयों में पहुंचकर डीएम ने फाइलों की स्थिति, साफ-सफाई और कार्य प्रणाली का बारीकी से निरीक्षण किया। रिकॉर्ड रूम में बिखरी व्यवस्थाओं को सुधारने, अभिलेखों को व्यवस्थित रखने और अनावश्यक सामग्री को तुरंत हटाने के निर्देश दिए गए। डीएम ने साफ कहा कि कार्यालय का माहौल गरिमामय, स्वच्छ और पूरी तरह कार्योन्मुख दिखना चाहिए,कहीं भी गंदगी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों में हलचल रही और कई जगह मौके पर ही सुधार के निर्देश दिए गए। इस दौरान सीडीओ राम कृपाल चौधरी, डिप्टी कलेक्टर नवनीता राय समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सूचना

मेरे आधार कार्ड नं. 434596515944 में मेरा नाम त्रुटिवश राजकुमार वर्मा पुत्र रामनारायन जन्म तिथि 01-06-1957 निवासी मीरपुर बांगर, मथुरा 281 205 गलत अंकित हो गया था। मेरे अन्य सभी अभिलेखों में मेरा नाम राम मोहन सोलंकी पुत्र रामनारायन जन्म तिथि 05-11-1959 निवासी ग्राम व पोस्ट नौगाई, छिबरामऊ (कन्नौज) अंकित है। अतः मैं अपने आधार कार्ड में अपना सही नाम राम मोहन सोलंकी पुत्र रामनारायन जन्म तिथि 05-11-1959 निवासी ग्राम व पोस्ट नौगाई, छिबरामऊ (कन्नौज) अंकित कराना चाहता हूं।

**राम मोहन सोलंकी पुत्र रामनारायन निवासी ग्राम नौगाई, छिबरामऊ (कन्नौज)।**

# खेत में पानी लगाने की बात कहकर निकले युवक का पड़ा मिला शव

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

भोर सुबह घर से खेत में पानी लगाने की बात कहकर निकले युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। रेलवे कर्मचारियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मोबाइल के जरिए नगर पंचायत अध्यक्ष को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष ने युवक की शिनाख्त कर सूचना परिजनों व थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


जांच पड़ताल करती पुलिस

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला हीरा सिंह निवासी 20 वर्षीय युवक गिरजा शंकर पुत्र भगवान दास उर्फ छोटे गुरुवार सुबह करीब 4:00 बजे अपने पिता से खेत में पानी लगाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन वह वापस नहीं लौटा। शमशाबाद रेलवे स्टेशन से लगभग चार-पांच किलोमीटर दूर ग्राम अद्दूपुर अंडरपास से लगभग 100 मीटर दूर रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़े होने की सूचना रेलवे कर्मचारियों ने पीआरबी शमशाबाद को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पीआरबी ने सूचना पहले फैजबाग चौकी इंचार्ज को दी। शमशाबाद थाने पहुंची सूचना पर पहुंचे इंचार्ज ने मामले की जांच पड़ताल की और मामला नवाबगंज थाने का होने की बात करते हुए जांच पड़ताल की। मृतक के पास मिले मोबाइल फोन जिसका स्वीच ऑफ था। जिसको शमशाबाद की पीआरबी ने अपनी कार में लगाकर चार्जिंग की। तब मोबाइल खोलने पर उस पर कॉल आने लगी। जिस पर युवक की पहचान गिरजा शंकर पुत्र भगवान दास निवासी नगला हीरा सिंह थाना नवाबगंज के रूप में हुई। वहीं शमशाबाद थाना पुलिस ने सूचना नवाबगंज नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत को दी। सूचना मिलते ही नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत अपने साथियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने युवक की पहचान गिरजा शंकर पुत्र भगवान दास उर्फ छोटे के रूप में की। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत ने सूचना मृतक के परिजनों व थाना नवाबगंज पुलिस को दी। सूचना पाकर मृतक के परिजन व नवाबगंज थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, हलका इंचार्ज दरोगा जगराम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया। बाद शिनाख्त परिजन तथा थाना पुलिस शव को नवाबगंज लेकर आए। जहां मृतक के पिता भगवान दास, मां सुहाग देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

# हवन पूजन के साथ डॉ. जितेंद्र कोल्ड स्टोरेज का हुआ शुभारंभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


हवन पूजन में आहुति देते डॉ. जितेंद्र सिंह व ब्लाक प्रमुख डॉ. अनीता रंजन आदि

डॉ. जितेंद्र कोल्ड स्टोरेज बेवर रोड देहलिया फर्रुखाबाद का आलू भंडारण का शुभारंभ पंडित ओमकार ने वेद मंत्रों के साथ संपन्न कराया। कोल्ड के प्रबंध निदेशक डॉ. जितेंद्र सिंह एवं डायरेक्टर डॉ. अनीता रंजन ने हवन पूजन कर आलू भंडारण के नवीन सत्र का शुभारंभ किया। इसके पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने क्षेत्रीय किसानों से अपील की है कि वह अपना-अपना आलू भंडारण के लिए लायें। उन्होंने कहा कि किसानों को अगर कोई परेशानी हो, तो वह उनसे सीधे संपर्क कर सकते हैं। उनकी हर सम्भव मदद की जायेगी। इस अवसर पर डॉ. अनिल यादव, डॉ., अजय पाल यादव, डॉक्टर नागेंद्र सिंह यादव, विजय यादव, हरिओम यादव, कुलदीप यादव, लोहिया वाहिनी अध्यक्ष अनुराग यादव, अरविंद कश्यप, बीरेंद्र सिंह पाल, दीपक प्रधान, अतुल दुबे, मिंटू, रविंद्र सिंह, संजय कुमार सहित क्षेत्र के वरिष्ठ किसान व समर्थक मौजूद रहे।

## विधिक माप विज्ञान विभाग द्वारा चलाया गया विशेष जांच अभियान


सत्यापन कार्य करते विधिक माप विज्ञान विभाग के अधिकारीरण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मंडी समिति कायमगंज में आज विधिक माप विज्ञान विभाग द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मौके पर वरिष्ठ निरीक्षक मीनू तिवारी एवं निरीक्षक सुनील कुमार वर्मा उपस्थित रहे। वहीं अजंता बैलेंस वर्क्स की ओर से पांची यादव एवं शोभित यादव भी मौजूद रहे और सत्यापन कार्य में सहयोग किया। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता द्वारा व्यापारियों से विभागीय नियमों का पालन करते हुए अपने कांटे बांट एवं उपकरणों का समय पर सत्यापन कराने के लिए विशेष अनुरोध किया गया। साथ ही वीरेंद्र सिंह यादव, रामू पंडित, हाशिम नियाजी सहित अन्य व्यापारी नेता भी मौके पर पहुंचे। सभी ने अधिकारियों को पूर्ण मंडी का सत्यापन करवाने का आश्वासन देते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता के अनुरोध पर मंडी समिति कायमगंज में 24 व 25 फरवरी को विशेष सत्यापन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक व्यापारी अपने उपकरणों का सत्यापन समय पर करवा सकें। जांच अभियान के दौरान विभागीय टीम ने व्यापारियों को विधिक माप विज्ञान नियमों की जानकारी दी तथा समय-समय पर सत्यापन कराने के लिए जागरूक किया।

# डीएम को विकास खण्ड कार्यालय बढ़पुर के निरीक्षण में मिलीं खामियां

## फार्मर रजिस्ट्री में खराब कार्य करने वाले तीन पंचायत सचिवों को नोटिस जारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा विकास खंड कार्यालय बढ़पुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विकास खंड कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव, जनसुनवाई व्यवस्था, साफ-सफाई तथा विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की।


विकास खण्ड कार्यालय का निरीक्षण करते डीएम

उन्होंने विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पहुँचाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव तथा नियमित समीक्षा एवं निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी पंचायत सचिव ग्राम पंचायतों में जाकर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य समय से पूर्ण करें। फार्मर रजिस्ट्री में खराब कार्य करने वाले 03 पंचायत सचिवों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। ब्लॉक क्षेत्र में स्थापित सभी आर.आर.सी. सेंटरों को क्रियाशील करने, आई.जी.आर.एस. के प्रकरणों में शिकायतकर्ता से मिलकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे को पारदर्शी बनाने, गौशालाओं में सी.सी.टी.वी. कैमरे क्रियाशील रखने, गौसेवकों की रात्रि में गौशालाओं में उपस्थिति सुनिश्चित कराने तथा आगामी वित्तीय वर्ष में गौशालाओं के लिए समय से भूसे का टेंडर कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा विकास खंड को प्राप्त केंद्रीय वित्त योजना एवं राज्य वित्त योजना की ग्रांट का शत-प्रतिशत उपभोग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, सहायक खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बीडीओ व एलडीएम ने बीएलबीसी की बुलायी बैठक, दिये निर्देश


बैठक लेते बीडीओ व एलडीएम

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड कार्यालय पर विकास खंड अधिकारी तथा एलडीएम ने बी.एल.बी.सी. की बैठक बुलायी। जिसमें आवश्यक दिशा निर्देश दिये। नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान तथा एलडीएम बी.डी. वर्मा ने विकास खंड क्षेत्र के समस्त बैंकों के शाखा प्रबंधकों के बी.एल.बी.सी. की बैठक बुलाई। बैठक के दौरान विकास खंड क्षेत्र में चल रहे सरकार द्वारा महिला समूह तथा समूह सखी महिलाओं की समूह को अग्रसर करने के लिए सरकार की योजनाओं के हिसाब से काम करने की सभी प्रबंधकों से बात की। उन्होंने बताया की समस्त समूह सुचारू रूप से शाखा प्रबंधक चलवाएं, क्योंकि यदि कोई भी समूह सही से नहीं चलेगा तो सरकार की लखपति बनाने की योजना पर सही से कार्य नहीं हो पाएगा। वहीं समूह की सखी महिलाओं को बताया कि वह अपने-अपने क्षेत्र के समूह का बैंकों पर सही रूप से आदान-प्रदान करें और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। ऐसे ही कई टिप्स विकास खंड अधिकारी व एलडीएम ने समस्त बैंकों के शाखा प्रबंधकों को दिए। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान, एलडीएम बी.डी. वर्मा, ए.डी.ओ. ग्राम विकास सुखदेश कुमार मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### लावारिश मिली बाइक, पुलिस जांच में जुटी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के टेड़ीकोन से अताईपुर जाने वाले कट के पास एक लावारिश बाइक खड़ी मिली। स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने जाँच पड़ताल की। लावारिश टी.वी.एस. कंपनी की बाइक जिसकी नम्बर प्लेट के आगे अंकित उर्दू में कुछ अंकित है। बाइक से 10-15 कदम की दूरी पर एक लाल रंग की चप्पल पड़ी मिली। जिसे पुलिस ने कब्जे में लिया है।

### अमृतपुर बस अड्डे पर ट्रैक्टर-कार की भिड़ंत, ट्रॉली पलटी

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बा अमृतपुर के मुख्य बस अड्डे पर गुरुवार को ट्रैक्टर और कार के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि आलू से लदी ट्रॉली पलट गई और ट्रैक्टर की हाउजिंग फट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और सड़क पर जाम जैसी स्थिति बन गई। जोरदार टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के दुकानदार और राहगीर मौके पर पहुंच गए। राहगीरों ने तत्काल घटना की सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना पर दरोगा कल्लू सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे हटवाकर यातायात सुचारु कराया। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर चालक गौतम पुत्र महेश चंद्र मिश्रा निवासी कुबेरपुर अपनी ट्रॉली में आलू लादकर राजपुर की ओर से एसएम कोल्ड स्टोरेज अमृतपुर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही कार ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कार चालक शराब के नशे में था। जिसके कारण यह हादसा हुआ। हालांकि समाचार लिखे जाने तक पुलिस की ओर से नशे की पुष्टि नहीं की गई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दिनदहाड़े घर के बाहर से बकरा चोरी कर ले गये अज्ञात चोर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** दिनदहाड़े घर के दरवाजे पर बंधे बकरे को अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। पीड़ित ने घटना के संबंध में थाना पुलिस को तहरीर दी। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम डभऊआ निवासी लक्ष्मी देवी पत्नी अशोक कुमार ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार दोपहर को वह अपने घर के अंदर काम कर रही थी और उनकी बकरियां घर के दरवाजे पर बंधी थीं, तभी कोई अज्ञात व्यक्ति उनके घर के दरवाजे से एक बकरा खोल ले गया। जिसकी काफी खोजबीन की, लेकिन कोई अता-पता नहीं चला। पीड़िता थाने आई और थाना पुलिस को बकरा चोरी होने की अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने पीड़ित को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

### युवक से दो हजार रुपये छीनकर ट्रेन से दिया धक्का

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद कासगंज थाना दरियाबगंज क्षेत्र के गाँव ककराला निवासी पंकज ट्रेन से अपने घर वापस जा रहा था। जैसे ही वह कम्पिल स्टेशन के पास पहुँचा, तभी पंकज को लघुशंका के लिए जाने के दौरान ट्रेन में खड़े दो युवकों ने पकड़कर उससे दो हजार रुपये छीन लिए और पंकज को चलती ट्रेन से धक्का दे दिया। धक्का लगने से पंकज पत्थरों पर गिरकर अचेत हो गया। आसपास के लोगों ने सूचना आरपीएफ व जीआरपी पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे आरपीएफ व जीआरपी के सिपाहियो ने 108 एम्बुलेन्स द्वारा कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

### डीएम ने थाना कादरीगेट के निर्माणाधीन भवन का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा थाना कादरीगेट के निर्माणाधीन भवन व थाना कादरीगेट का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा थाना भवन के निर्माण कार्य मे उपयोग की जा रही निर्माण सामिग्री सरिया, सीमेंट इत्यादि की गुणवत्ता चेक की, जो सही पाई गई। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्य को ससमय पूर्ण किया जाये। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी व संबंधित मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन टिकैत का डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में किसान जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर एकत्रित हुए।

धरना प्रदर्शन जिला अध्यक्ष अजय कटियार के नेतृत्व में किया गया। किसान लगभग तीन घंटे तक धरने पर बैठे। उन्होंने घोषणा की है कि वे जिलाधिकारी से वार्ता होने के बाद ही यहां से हटेंगे। वह भारत और अमेरिका के बीच हुए कृषि व्यापारिक समझौते के खिलाफ भी हैं। किसानों की प्रमुख मांगों में लिंक एक्सप्रेसवे के लिए भूमि अधिग्रहण का मुद्दा शामिल है। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने बताया कि गांव-गांव में जमीन के सर्किल रेट अलग-अलग हैं। जहां अनुपजाऊ जमीन का सर्किल रेट अधिक है, वहीं उपजाऊ जमीन का सर्किल रेट कम है। किसानों की मांग है कि सर्किल रेट बढ़ाकर सभी जमीनों के लिए एक समान दर पर खरीद की जाए। उन्होंने यह भी बताया कि 10 गांवों के बैनामे रोक दिए गए हैं और यूपीडा द्वारा लेआउट में सुधार के बाद ही उनके बैनामे कराए जाएंगे। किसान यूनियन ने मांग की है कि जब तक किसानों की राय नहीं ली जाती, तब तक लिंक एक्सप्रेस-वे के तहत आने वाले शेष 33 गांवों के बैनामे भी रोक दिए जाएं। यदि ऐसा नहीं होता है तो किसान यूनियन अमृतपुर सदर तहसील का घेराव करेगी। अन्य मांगों में जनपद में आलू आधारित उद्योग स्थापित करना, गंगा किनारे तटबंधों का निर्माण, परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा के स्तर में सुधार तथा लोहिया अस्पताल और निजीगंज में स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करना शामिल है। किसानों ने अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन भी प्रस्तुत किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि पूर्व में कई बार ज्ञापन दिए गए थे, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण उन्हें मजबूरन यह धरना प्रदर्शन करना पड़ा है। किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष ने राष्ट्रपति से संबोधित ज्ञापन भी दिया। जिसमें उन्होंने कहां अमेरिका भारत व्यापार समझौता को रद्द किया जाए। अमेरिका भारत व्यापार समझौता किसान विरोधी कदम है। भारत की आत्मा गांव में बसती है, लेकिन जिस तरह से यह व्यापार समझौता सामने आया है उसे सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या किसने की सहमत ली गई है क्या उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। बताया सस्ती विदेशी उपस्थित भारतीय किसान तबाह होंगे। उन्होंने डेयरी सेक्टर पर भी सीधा हमला बोला। बताया व्यापार संतुलन के नाम पर भारत के ऊपर कृषि सब्सिडी कम करने सार्वजनिक खरीद प्रणाली को कमजोर करने का दबाव होने से एमएसपी व्यवस्था सार्वजनिक वितरण प्रणाली और आत्मनिर्भरता पर प्रहार होगा। धरने में गोपी शाक्य, लक्ष्मी शंकर जोशी, अरविंद शाक्य, राजेश गंगवार, अफरोज मंसूरी, अशोक यादव, कृष्ण गोपाल मिश्रा, राजेश यादव, सतीश कठेरिया, अनुज राजपूत, बृजेश गंगवार, दिनेश सिंह, प्रदीप यादव, अभय यादव, सुशील दीक्षित, शिवराम शाक्य, कृष्ण गोपाल मिश्रा, अरविंद गंगवार, अजीत कुमार समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।


धरना प्रदर्शन करते किसान

## सिपाही की पिटाई से घायल पत्नी ने 27 दिन बाद तोड़ा दम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बांदा के मंरका थाने में तैनात रहे फर्रुखाबाद निवासी पीआरवी चालक सिपाही गौरव कुमार यादव के परिवार में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के 27 दिन बाद गंभीर रुप से घायल सिपाही की पत्नी शिवानी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बताते चले कि मंरका थाने में तैनात रहे फर्रुखाबाद के कुइयांबूट थाना मऊदरवाजा निवासी पीआरवी चालक सिपाही गौरव कुमार यादव ने 14 जनवरी को पत्नी पर जानलेवा हमला किया था। इस दौरान बच्ची की मौत हो गयी थी तथा पत्नी गंभीर रुप से घायल हो गयी थी और कोमा में चली गई थी। घटना के 27 दिन शिवानी ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के छह दिन बाद सिपाही गौरव का शव नदी में मिला था। परिजनों ने शिवानी का अंतिम संस्कार कर दिया।

# न.पं. व खंड विकास कार्यालय का एडीएम ने किया निरीक्षण

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत तथा खंड विकास कार्यालय का गुरुवार को अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट, नालों की सफाई और विकास कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की।


निरीक्षण करते अपर जिलाधिकारी

एडीएम ने नगर पंचायत व खंड विकास कार्यालय पहुंचकर अभिलेखों की जांच की और कर्मचारियों की उपस्थिति भी देखी। खंड विकास कार्यालय में मनरेगा से चले कार्य की समीक्षा की तथा ड्यूटी रजिस्टर पर कुछ स्टॉफ कर्मचारियों के हस्ताक्षर ना होने पर खंड विकास अधिकारी अनिल चंद्र से जानकारी की तथा आय और व्यय का ब्यौरा भी देखा और जानकारी की कि यह है पैसा किन-किन मदों में और कैसे-कैसे खर्च किया जाता है। वहीं खंड विकास अधिकारी ने बताया सीसी निर्माण तथा खड़ंजा निर्माण में पैसे को खर्च किया जाता है तथा बचा हुए पैसे से खंड विकास कार्यालय में सोलर लाइट भी लगनी हैं। इसके बाद एडीएम ने साफ-सफाई व्यवस्था में जहां सुधार की जरूरत पाई गई वहां संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से कार्यवाही के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि गांव तथा नगर क्षेत्र में गंदगी और जलभराव की समस्या किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पेयजल आपूर्ति को लेकर भी एडीएम ने जिम्मेदार अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने और शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही अधूरे विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने भी अपनी समस्याएं एडीएम के समक्ष रखीं। जिस पर उन्होंने संबंधित विभागों को समाधान के आदेश दिए। अधिकारियों/कर्मचारियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

# बोलेरो ने दो बैंडकर्मियों को रौंदा, एक की मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

बेकाबू बोलेरो कार ने दो बैंडकर्मियों को रौंद दिया। इस घटना में एक किशोर बैंडकर्मी की मौत हो गयी, जबकि दूसरा कर्मी गम्भीर रुप से घायल हो गया। उसका उपचार जारी है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।


रोते बिलखते मृतक के परिजन

जानकारी के अनुसार कादरीगेट थाना क्षेत्र के खुदागंज मड़ैया निवासी15 वर्षीय गौतम और 16 वर्षीय रंजीत बैंड में ठेली धकेलने का काम करते थे। बुधवार शाम को वे शहर के एक बैंड के साथ बारात चढ़ाने के लिए कमालगंज थाना क्षेत्र के खुदागंज गए थे। रात करीब 11 बजे दोनों किशोर ठेली के पास जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक विकास पटेल ने गौतम को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल रंजीत को लोहिया अस्पताल रेफर किया गया। हालांकि परिजन गौतम को भी लोहिया अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें दोबारा मृत बताया। घायल रंजीत को बाद में हायर सेंटर रेफर किया गया। जिसके बाद परिजन उसे एक निजी नर्सिंग होम ले गए।



# चोरों ने पांच लाख के जेवरात व नकदी उड़ाई, अन्य तीन स्थानों पर प्रयास विफल

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

चोरों ने बीती रात एक घर को निशाना बनाते हुए पांच लाख के जेवरात व नकदी पार कर दी। अन्य तीन स्थानों पर भी चोरों ने चोरी का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हो सके। चोरी की ताबड़तोड़ घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र में बीती रात अज्ञात चोरों ने सुनियोजित तरीके से कई घरों को निशाना बनाते हुए चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया। जिससे पूरे इलाके में भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त हो गया। ग्राम नगला तिपेड़न निवासी ध्रुव शाक्य के घर से चोर नगदी व कीमती जेवरात समेत लगभग 6 लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य संकलन कर जांच शुरू की। चोर घर के पीछे से छत पर चढ़े और ऊपर बने कमरे का ताला तोड़कर भीतर रखे कीमती जेवरात और नकदी समेट ले गए। चोरी गए सामान में दो सोने की अंगूठियां, मंगलसूत्र, सोने की जंजीर, झाले, आधा तोला कमरबंध, 2 पायल, 8 बिछिया, सोने की हाय, सोने की ओम, बच्चों के 2 जोड़ी खड़ुआ, नाती की गुल्लक से करीब 10 हजार रुपये नकद तथा माता राममूर्ति की 800 रुपये की नगदी शामिल है। वारदात के समय पूरा परिवार नीचे के कमरों में गहरी नींद में सो रहा था। सुबह लगभग 6:15 बजे जब ध्रुव शाक्य की बेटी दिव्या छत पर पहुंची तो उसने कमरे का कुंडा टूटा हुआ देखा। शक होने पर परिजनों को सूचना दी गई। तलाश के दौरान घर से लगभग 500 मीटर दूर प्रबल शाक्य के सरसों के खेत में दो खाली बक्से पड़े मिले। जिसकी जानकारी डायल 112 पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची डायल 112 ने चौकी प्रभारी को सूचित किया। सूत्रों के अनुसार चोरों ने उसी रात गांव के अन्य मकानों में भी सेंध लगाने का प्रयास किया। जगन्नाथ के पुत्र विजय के घर चोर छत के रास्ते घुसे, लेकिन परिवार के बाहर रहने के कारण चोरों के हाथ कुछ नहीं लगा। इसके बाद रतिराम के पुत्र सुरजीत के घर में भी घुसपैठ की गई, परंतु सफलता न मिलने पर चोर सामने के दरवाजे से फरार हो गए। इसी क्रम में चौकी क्षेत्र के ग्राम धीरपुर में भी अज्ञात चोरों ने अजेंद्र सिंह के घर को निशाना बनाया। चोरों ने बच्चों व वृद्ध महिला के कमरे को बाहर से बंद कर अन्य कमरों में तलाश शुरू की, तभी बच्चे के जाग जाने से चोर भाग निकले। इस घटना में कोई नुकसान नहीं हुआ। एक ही रात में कई घरों में चोरी के प्रयास और एक बड़ी वारदात से ग्रामीणों में भारी आक्रोश और भय व्याप्त है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया गया है। पुलिस टीमों को लगाया गया है और जल्द ही चोरों का पता लगाकर घटना का खुलासा किया जाएगा।


घटना के बाद जानकारी देता गृहस्वामी

# धार्मिक स्थल पर तोड़फोड़ और आगजनी, एसपी ने की जांच पड़ताल


घटनास्थल पर जांच पड़ताल करतीं एसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मऊदरवाजा थाना क्षेत्र में कर्बला मौला अली नजफ नाम के धार्मिक स्थल पर गुरुवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे अज्ञात लोगों ने दो कब्रों में तोड़फोड़ की, ताजिया और अलम में आग लगा दी, मेहंदी जलकर राख हो गई। पास की पुरानी इमारत में रखे ताजिए भी आग की चपेट में आए। सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक, सीओए एसडीएम, तहसीलदार मौके पर पहुंचे। गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे देखभाल करने वाले साबिर अली ने दरगाह का ताला खोला तो अंदर आग जलती दिखी। पीछे की तरफ जहां ताजिए रखे थे वहां भी आग लगी हुई थी। अज्ञात हमलावरों ने हाफिज और हाजी की कब्रों को क्षतिग्रस्त कर दिया। ताजिया अलम में रखी मेहंदी जल गई। आग की लपटों ने छत की धन्नियों को भी पकड़ लिया। साबिर अली ने तुरंत शरीफ हुसैन रिजवी को फोन किया। सूचना मिलते ही शरीफ हुसैन मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने दमकल की गाड़ियां बुलवायी। तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। शरीफ हुसैन रिजवी ने बताया दरगाह की देखभाल साबिर अली करते हैं। सुबह ताला खोलते ही आग दिखी। करीब पांच-छह महीने पहले भी यहां चोरी हुई थी। तब सीसीटीवी कैमरा, एलसीडी और चांदी के अलम चोरी हो गए थे। मऊदरवाजा थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अब फिर घटना हुई। सूचना पाकर घटनास्थल पर पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, सीओ अमृतपुर संजय वर्मा, सीओ मोहम्मदाबाद अजय वर्मा, एसडीएम रजनीकांत पांडेय, तहसीलदार सनी कनौजिया, थाना प्रभारी अजब सिंह और फॉरेंसिक टीम पहुंची। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने बताया अराजकतत्वों ने मजार में तोड़फोड़ की और आग लगाई है। इस मामले की जांच के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं। जिन लोगों ने यह कृत्य किया है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बाल श्रम मुक्त उन्मूलन हेतु जागरुकता रथ को किया गया रवाना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

कलेक्ट्रेट सभागार में बाल श्रम उन्मूलन हेतु राज्य कार्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनपद को बाल श्रम से अवमुक्त कराने हेतु जिला कार्य योजना को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला में जनपद को वर्ष 2026 में ही बाल श्रम मुक्त कराने की रणनीतियों पर चर्चा की गई। शुभारंभ जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अध्यक्ष व्यापार मंडल, सहायक श्रमायुक्त, राज्य समन्वयक श्रम विभाग उत्तर प्रदेश, स्टेट कोऑर्डिनेटर आदि प्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का शुभारम्भ

**डीएम ने जनपद को बाल श्रम से मुक्त कराने के दिये निर्देश**

किया गया। सहायक श्रम आयुक्त नम्रता सिंह द्वारा सभी प्रतिभागियों एवं मंचासीन अतिथियों का परिचय कराया। डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी ने कहा कि सभी को बाल श्रम के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। चूंकि बालक अबोध होता है, उसकी नैसर्गिक प्रतिभा, क्षमता का विकास होने की पृष्ठभूमि बालक की इसी आयु में होती है। डीएम ने ऐसी माता, सत्रु व पिता वैरी होते है जो अपने बच्चे को शिक्षा के अधिकार से वंचित रखते है, को संस्कृत श्लोक के माध्यम से प्रतिभागियों को अवगत कराया। डीएम ने बाल श्रम उन्मूलन की सभी को



जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाते डीएम

शपथ दिलायी। सभी ने बाल श्रम मुक्त कराने का संकल्प लेते हुए हस्ताक्षर किये। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने कहा कि बाल श्रम हेतु जागरूकता प्रसारित कराना प्रत्येक वयस्क की जिम्मेदारी है और यदि बच्चों को सही समय पर सही मार्गदर्शन मिल जाये तो उनका जीवन बदला जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस यह आश्वस्त करती है कि जिसकी कही सुनवाई न हो उसके लिए हमारी पुलिस हर समय उपलब्ध है। श्रम विभाग के राज्य समन्वयक सैयद रिजवान अली ने बताया कि वर्ष 2027 तक प्रदेश के सभी जनपदों को बाल श्रम मुक्त तथा चयनित आकांक्षी जनपदों व कानपुर मंडल के सभी जनपदों को दिसंबर 2026 तक बाल श्रम मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित है। एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन से कार्यक्रम समन्वयक अमरेंद्र कुमार ने संस्था का परिचय दिया। संचालन प्रोवेशन अधिकारी सचिन सिंह ने किया। इस अवसर पर रोहित गोयल, मुजफ्फर हुसैन रहमानी, आकिल खां, असलम अंसारी, अजमा अजीज, डॉ. जितेन्द्र चतुर्वेदी, डॉ. संजीव गंगवार, सदानन्द शुक्ला, हरिनन्दन ओझा, राम मौर्या, सचिन सिंह, दामोदर प्रसाद अग्रहरि, अजीत प्रताप सिंह, जीशान अंसारी, शिवेन्द्र, फैसल, तौसीफ उपस्थित रहे।

# मानदेय भुगतान को लेकर एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश नेतृत्व के दिशा निर्देशन में मानदेय भुगतान में देरी पर एनएचएम संघ ने जिलाधिकारी तथा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उ0प्र0 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ की स्टेट कमेटी से प्रदेश अध्यक्ष डा. मयंक प्रताप सिंह के नेतृत्व में प्रदेश के सभी जिलों/मण्डलों को निर्देश जारी किए थे कि एनएचएम संविदा कर्मचारियों के मानदेय भुगतान में हो रहे विलंब के समाधान हेतु 11, 12 व 13 फरवरी को जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे जाने के निर्देश दिये गये थे। जिसके क्रम में एनएचएम संघ ने प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी तथा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष अभिषेक बाजपेयी ने अब लगातार हो रही एनएचएम कर्मचारियों के साथ हो रही की अनदेखी को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कर्मचारियों के खातों में समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित न होने की स्थिति में आगे चरणबद्ध वृहद आंदोलन किया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष


एसीएमओ को ज्ञापन सौंपते संविदा कर्मचारी

साबिर खान ने बताया कि एनएचएम कर्मचारी अल्प वेतन भोगी है तथा प्रत्येक महीने सैलरी से उन्हें अपने मकान का किराया/मकान की किस्त, बच्चों की फीस, राशन, दूध इत्यादि को भरना होता है। जिसमें यदि सैलरी थोड़ी भी लेट हो जाए तो इस सबके लिए कर्मचारी आर्थिक रूप से परेशान होने की वजह से मानसिक और शारीरिक रूप से भी बेहद परेशान हो जाता है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अभिषेक बाजपेयी, साबिर खान, दीपकांत शुक्ला, अंकित दीक्षित, कुलजीत सिंह, सरिता, रमन, कांति, रेनू, नीलम, शिखा, रोहित, पारुल सहित बड़ी संख्या में संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।

## शिविर में स्वयं सेवकों ने स्वच्छता पर दिया संदेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सप्त दिवसीय विशेष शिविर का पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुबेरपुर में तीसरे दिन की शुरुआत योग अभ्यास एवं छै के लक्ष्य गीत के साथ किया गया। प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर में सफाई करके स्वच्छता का संदेश दिया। गांव में स्वच्छता रैली निकाली गई। रैली में स्वच्छता से संबंधित नारे, एक दवाई, घर में रखो साफ-सफाई, जन जन का नारा है भारत को स्वच्छ बनाना है, जैसे नारे लगाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर में सड़क सुरक्षा पर नुक्कड़ नाटक करके वाहन नियमों के पालन का संदेश दिया। ग्रामीणों ने नुक्कड़ नाटक के संदेश की बहुत तारीफ की। बौद्धिक सत्र में असिस्टेंट प्रोफेसर ईश्वर चंद्र विद्यासागर अग्निहोत्री ने स्वयंसेवकों को छै ताली, ध्येय और लक्ष्य जीत का प्रेक्टिस कराया। असिस्टेंट प्रोफेसर ईश्वर चंद्र विद्यासागर अग्निहोत्री ने स्वयंसेवकों को एनएसएस प्रतीक चिन्हरू के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि एनएसएस के लिए लोगो उड़ीसा, भारत में स्थित विश्व प्रसिद्ध कोणार्क सूर्य मंदिर (द ब्लैक पैगोडा) के विशाल रथ चक्र पर आधारित है। लोगो में निहित लाल और नीले रंग एनएसएस स्वयंसेवकों को राष्ट्र निर्माण सामाजिक गतिविधियों के लिए सक्रिय और ऊर्जावान होने के लिए प्रेरित करते हैं। पहिया निर्माण, संरक्षण और रिलीज के चक्र को चित्रित करता है और समय और स्थान के पार जीवन में गति को दर्शाता है, इस प्रकार पहिया निरंतरता के साथ-साथ परिवर्तन के लिए खड़ा है और सामाजिक परिवर्तन के लिए एनएसएस के निरंतर प्रयास का तात्पर्य है। कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र मिश्रा ने कहा कि यह विशेष शिविर के माध्यम से स्वयंसेवक को समाज की व्यवहारिक समस्याओं की जानकारी मिलती है तथा उसका कैसे समाधान हो यह भी सीखते हैं। इस अवसर पर शिक्षक देवेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, विपिन सिंह, डॉ0 आरती दुबे, डॉ0 मनीषा सक्सेना, डॉ0 आशीष तिवारी, बृजेश वर्मा, सत्यनारायण सिंह, अरविंद यादव, विवेक अवस्थी आदि मौजूद रहे।


नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते विद्यार्थी

# तटबंध बनाओ जन संघर्ष समिति ने निकाली पदयात्रा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

तटबंध बनाओ जन संघर्ष समिति के द्वारा तटबंध बनवाने के समर्थन में कड़हर से विशाल जन चेतना पदयात्रा के प्रथम दिवस का शुभारंभ हुआ। यात्रा प्रारंभ होते समय जन संघर्ष समिति के अध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कहा कि लगातार शासन प्रशासन को अवगत कराया गया कि पांचाल घाट से लेकर कड़हर तक और ढाई घाट से लेकर अटेना घाट तक तदबंधन बनवाने के लिए शासन और प्रशासन ने नहीं सुनी, तब मजबूर होकर आज हजारों की संख्या में लोगों को सड़कों पर उतरना पड़ रहा है यदि शीघ्र तटबंध बनवाने की घोषणा न हुई तो किसान आंदोलन को और तेज किया जाएगा, जनता के लिए किसी भी संघर्ष से पीछे नहीं हटेंगे, चाहे इसके लिए कोई भी कुर्बानी क्यों ना देनी पड़े। समाजसेवी मोहन अग्रवाल ने कहा कि जनहित का इससे बड़ा मुद्दा कोई नहीं हो सकता है, लाखों लोगों के भविष्य की चिंता करना और उनको चिंता से निकलना बहुत बड़ा काम है। समाजसेवी केशव भान साध ने कहा कि बहुत आवश्यक है तटबंध बने, हर वर्ष आने वाली बाढ़ से क्षेत्र बच्चे, लोगों के घर मकान, खेत, खलियान बचे, शासन को बहुत जल्द से जल्द तटबंध बनवाने के लिए प्रक्रिया शुरू कर देनी चाहिए। कोमल पांडे ने कहा कि जनपद के


पदयात्रा में शामिल ग्रामीण

साथ में सौतेला व्यवहार यहां के जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जा रहा है, जो की सही नहीं है। इस मौके पर अखिलेश तिवारी, राजीव प्रताप सिंह टिल्लू, उपेन्द्र सिंह यादव, रामवीर शुक्ला, कमलेश पाठक, अखिलेश तोमर, विपिन तिवारी, अनूप मिश्रा, शरद अग्निहोत्री, राजा मिश्रा, ओमनीवर्स पाठक, पंकज राठौर, निश्चित दुबे, विष्णु मिश्रा, अंकित तिवारी, सावन मिश्रा, अनिल कश्यप, रामनिवास सिंह, जागेश्वर सिंह, अनूप प्रधान, अमरीश महाराज, दिनेश राजपूत, सतीश दीक्षित, स्वदेश त्रिवेदी, गोविंद त्रिवेदी, स्वामी बृजेश अग्निहोत्री, दीपू तिवारी, अनुपम रस्तोगी, राम बिहारी वाजपेई, राजपाल प्रिंस शुक्ला, हनी तिवारी, आदिल खान, शान खान, सोनी शुक्ला, डॉ0 नावेद अंसारी, सीता भदोरिया, नेहा शुक्ला, राम अग्निहोत्री, प्रदीप शुक्ला, सुनील शुक्ला, संजीव अग्निहोत्री, हरिहर सिंह, रजत प्रधान, अरुण सिंह सोमवंशी, मोनू सिंह, उदय प्रताप मौजूद रहे।

# विदाई समारोह में मिस कनोडिया बनी तनु अग्निहोत्री


विदाई समारोह में मौजूद छात्रायें व शिक्षिकायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज में कक्षा 12 की छात्राओं को विदाई दी गई। छात्राओं ने विदाई समारोह में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर धमाल मचाया। प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए छात्राओं को जीवन में परिश्रम कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। शिक्षिका दर्शना शुक्ला व पारुल जैन, मंजू, अंजली, दर्शना आर्या ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम सम्पन्न कराया। छात्राओं ने एक दूसरे के गले लगकर भावुक होकर विदाई दी। कई छात्रायें विदाई समारोह के दौरान भावुक हो उठी। इस मौके पर शिक्षिका विजय लक्ष्मी, अंजना दीक्षित ने सहयोग किया। छात्रा तनु अग्निहोत्री मिस कनोडिया, अदिती दीक्षित रनरअप रही। छात्रा अनुज्ञा द्वितीय रनरअप रही। छात्राओं को किट वितरित की गई।

## राजकीय महाविद्यालय में निकाली गई सड़क सुरक्षा जागरुकता रैली



रैली में भाग लेते विद्यार्थी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में सड़क सुरक्षा जागरूकता माह (फरवरी) के अंतर्गत 12 फरवरी को महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु रैली प्रभारी सड़क सुरक्षा डॉ. वीरेन्द्र कुमार के निर्देशन में निकाली गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 कल्पना सिंह ने की। रैली में छात्र-छात्राओं ने स्लोगन लिखे नारे लगाये और ग्रामीणों को जागरुक करते हुए यातायात के नियम बताये। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओ के साथ महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बाल श्रम, बाल विवाह, बाल यौन शोषण के प्रति किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में विकासखण्ड राजेपुर में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत गठित ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन खण्ड विकास अधिकारी सुनील जायसवाल की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में ब्लॉक स्तर पर बच्चों के संरक्षण और भागीदारी के अधिकार एवं आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु एजेंडे में निर्धारित बिंदुओं यथा बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन शोषण, बाल ट्रैफिकिंग आदि की रोकथाम पर चर्चा की गई। खण्ड विकास अधिकारी सुनील जायसवाल ने बच्चों के सशक्तिकरण हेतु संचालित योजनाओ जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) आदि के संबंध में लाभान्वित कराए जाने एवं ग्राम स्तर पर गठित ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की नियमित बैठक कराकर गांव समुदाय में कठिन परिस्थितियों में रह रहे बच्चों को चिन्हित करने हेतु कहा गया। जिससे उनको कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर समाज की मुख्य धारा में जोड़ा जा सके। साथ ही टोल फ्री नम्बर 1098, 112, 102 की जानकारी दी गई। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी राजीव श्रीवास्तव, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी उप निरीक्षक श्याम बाबू, सहायक विकास आधिकारी पंचायत अजीत कुमार पाठक, सुपरवाइजर लक्ष्मी राजपूत, आंकड़ा विश्लेषक सुनील वर्मा आदि उपस्थित रहे।


बैठक में मौजूद अधिकारी व अन्य

# डीएन कालेज की खेलकूद प्रतियोगिता में लकी व बीना यादव बनीं चैम्पियन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

गुरुवार को डी.एन.पी.जी. कॉलेज फतेहगढ़ में चल रहे द्वि-दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता (उड़ान 2.0) का पुरुस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। मुख्य अतिथि एनएकेपी डिग्री कालेज की प्राचार्या डॉ. शशिकिरण सिंह, विशिष्ट अतिथि स्टेट बैंक के प्रबंधक उमेश चन्द्रा, जिला सेवायोजन अधिकारी अमित कुमार तिवारी व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामनरेश सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां वाणी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं वन्दना के साथ हुआ। आये हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ. राम नरेश सिंह ने हुए अतिथियों का परिचय कराया। संचालन वाणिज्य प्रवक्ता विनय कुमार बाथम ने किया। द्वि-दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के


ऊंची कूद में भाग लेती छात्रा

क्रीड़ा अध्यक्ष डॉ. पंचम कुमार ने आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत कर उनका आभार व्यक्त किया।

प्राध्यापक डॉ. विनीता वर्मा, डॉ. आलोक कुमार सिंह, डॉ. अजहर जुनैद आलम, डॉ. अशोक कुमार शर्मा, सरस पाठक, अनामिका मिश्रा एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी रामभान सिंह सेंगर, योगेन्द्र कुमार सिंह, रणबीर सिंह, शिवम अवस्थी, हर्षित दीक्षित, कुलदीपक यादव, प्रशान्त कुमार, ओमप्रकाश सिंह, श्याम सुन्दर, देवेन्द्र शर्मा, विकास गौतम, श्रुति शरण, योगेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे और विजेताओं को पुरुस्कार वितरित किये गये। 10 हजार मीटर दौड़ में बृजेश प्रथम, रुद्रप्रताप द्वितीय, अंशू राठौर तृतीय रहे। ट्रिपल जंप में सत्यम सिंह प्रथम, आकाश अग्निहोत्री द्वितीय व रंजीत कुमार तृतीय रहे। ट्रिपल जंप में आरती प्रथम, ज्योति पाल द्वितीय, गीता भदौरिया तृतीय रही। 1500 मीटर दौड़ में अंकुल कुमार प्रथम, दिव्यांशु शाक्य द्वितीय, पंकज पाल तृतीय रहे। 1500 मीटर दौड़ में मुस्कान सिंह सोमवंशी प्रथम, आकांक्षा शाक्य द्वितीय, अंजली पाल तृतीय रही। लम्बी कूद में सत्यम सिंह प्रथम, रंजीत कुमार द्वितीय, रुद्रप्रताप तृतीय रहे।

लम्बी कूद में गौरी परिहार प्रथम, आरती द्वितीय रही। 800 मीटर दौड़ में लकी सिंह प्रथम, अंकुल कुमार द्वितीय, विवेक सिंह तृतीय रहे। 800 मीटर दौड़ में बीना यादव प्रथम, मुस्कान सिंह सोमवंशी द्वितीय, ज्योति पाल तृतीय रही। इस वर्ष छात्र चैम्पियन लकी सिंह रहे। इन्होंने पांच प्रतियोगिताओं में भाग लेकर 16 अंक प्राप्त किये।

वहीं छात्रा बीना यादव चैम्पियन बनी, पांच प्रतियोगिताओं में 20 अंक प्राप्त किये। आभार प्राचार्य आरएन सिंह ने व्यक्त किया।

## बार एसो. ने अधिवक्ता के हत्यारों पर कार्यवाही की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रामपुर की जिला पंचायत कार्यालय में अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या कर देने के मामले में जनपद के अधिवक्ताओं ने रोष जताते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर दोषियों की गिरफ्तार व कार्यवाही की मांग की है। बार एसोसिएशन रामपुर के अधिवक्ता फारूख अहमद खाँ की जिला पंचायत कार्यालय रामपुर में गोली मारकर हत्या कर दी गयी। अधिवक्ता की हत्या पर बार एसोसिएशन फतेहगढ़ में अधिवक्ताओं की बैठक बार एसोसिएशन फतेहगढ़ में अध्यक्ष शशीभूषण दीक्षित एडवोकेट की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में घटना की घोर निन्दा की गयी एवं बार एसोसिएशन फतेहगढ़ के जरिए मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट में डीएम को सौंपा तथा अधिवक्ता के हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी हो एवं अधिवक्ता की पत्नी को मुआवजा दिया जाए तथा अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट उ.प्र. में शीघ्र लागू किये जाने की मांग की। वर्तमान समय में अधिक्ताओं के ऊपर हो रहे हमलों में दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही भी की जाए। इस अवसर पर जिला महासचिव कुंवर सिंह यादव, देवेन्द्र यादव, पुष्पेन्द्र यादव, सुभाष शाक्य, शिशुपाल यादव आदि मौजूद रहे।


अतिरिक्त एसडीएम ज्ञापन सौंपते अधिवक्तागण

# मुकदमा वापसी के लिए व्यापरियों ने एसपी को दिया ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना मऊदरवाजा द्वारा व्यापारियों पर लगे मुकदमे को समाप्त करने व चौकी इंचार्ज को हटाने की कार्यवाही को लेकर व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक को गुरुवार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की कि थाना मऊरवाजा में अपराध संख्या 0046 (26 धारा 191 (2) 191 (3) 190/ 223/287 पुलिस द्वारा व्यापारियों के विरुद्ध दर्ज किया गया है, जबकि व्यापार मंडल मिश्रा गुट के व्यापार मंडल के पदाधिकारी पुलिस अधीक्षक को थाना मऊदरवाजा की बजरिया चौकी इंचार्ज व एक सिपाही के विरुद्ध भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए एक ज्ञापन सौंपा था। एक सप्ताह बीत जाने के बाद कोई कार्यवाही नहीं हुई तो धरना प्रदर्शन की बात कही गयी थी। जिसको लेकर व्यापारियों ने शांतिपूर्ण ढंग से मशाल जुलूस निकाला था। पुलिस ने अपनी बदनामी के भय से तथा भविष्य में कोई पुलिस के भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज न उठा पाए इस कारण जल्दबाजी में फर्जी मुकदमा दर्ज कर दिया, जिसमें 15 नाम दर्ज 5 से 7 अज्ञात व्यापारियों के नाम है। अगर मुकदमा वापस न हुआ तो उद्योग व्यापार मंडल के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में लड़ी जाएगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सदानंद शुक्ला, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार कनौजिया लालू, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू गौतम, हाजी मो0 इखलाक खान, राकेश सक्सेना, महिला जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला, रामजी पाठक, सरदार जगदीप सिंह छाबड़ा, ठाकुर सर्वेंद्र सिंह, मनोज कुमार, अरुण अग्निहोत्री, डॉ0 महेंद्र कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।


ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते व्यापारी

# बीवीडीसी के वार्षिक क्रीड़ा समारोह में विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम

**विजेताओं को निरीक्षक मोहम्म कामिल ने किया सम्मानित**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

बदी विशाल महाविद्ययालय में 61वें वार्षिक क्रीडा समारोह का आयोजन उत्साह, अनुशासन व खेल भावना के साथ हुआ। दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि निरीक्षक मोहम्मद कामिल ने किया। मोहम्मद कामिल ने विद्यार्थियों को खेल भावना, अनुशासन, परिश्रम तथा जीवन में खेलों के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक


सम्मानित होते विजेता मौजूद शिक्षक

सुद्धता, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का भी विकास करते हैं। संयोजक डॉ. सुरेंद्र कुमार द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। प्राचार्या प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। उपप्राचार्य प्रो. डॉ. जयश्री मिश्रा ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ 5000 मीटर दौड़ से किया गया। 5000 मीटर दौड बालक वर्ग में सोमधीर ने प्रथम स्थान, गौरव राजपूत ने द्वितीय स्थान तथा उदय प्रताप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 5000 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में शोभी ने प्रथम स्थान, आभा दीक्षित ने द्वितीय स्थान तथा काजल दिवाकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड बालक वर्ग में अमित यादव ने प्रथम स्थान, सुधांशु माथुर ने द्वितीय स्थान तथा शहबाज हुसैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड बालिका वर्ग में नेहा ने प्रथम स्थान, आंशी ने द्वितीय स्थान तथा गौरी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, साथ ही अन्य प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। प्राधार्या प्रो0 डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने क्रीडा समारोह के सफल आयोजन हेतु प्रबंधक विनोद कुमार दुबे को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रोफेसर जय श्री मिश्रा, असिस्टेंट प्रोफेसर राहुल, डॉ. शशिकांत तिवारी, डॉ. रजनी रानी, डॉ. अमरनाथ तिवारी, डॉ. अर्चना पांडे, डॉ. प्राची, डॉ. मनीष कुमार साहू, डॉ.जाकिर अहमद, डॉ. राजू सिंह, प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार, डॉ. शाहिद मलिक, डॉ. संतोष कुमार द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# छोटे-छोटे नोट्स बनाकर विद्यार्थी करें अध्यन


ऐस्तर रोज दयाल, प्रधानाचार्या

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सिटी गर्ल्स इंटर कालेज की प्रधानाचार्या ऐस्तर रोज दयाल ने बताया कि विद्यार्थी हाईस्कूल व इंटर की बोर्ड परीक्षा की तैयारी में सबसे पहले एनसीईआरटी की किताबें पूरी ध्यान से पढ़े। ज्यादातर प्रश्न यहीं से आते है। इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र और अर्थशास्त्र के अलग-अलग छोटे नोट्स बनाये। मैप वर्क की नियमित प्रैक्टिस करें, इसमें पूरे अंक आसानी से मिलते है। इतिहास में तिथियां, घटनायें और कारण परिणाम अच्छे से याद करें।


कृष्ण वीर सिंह, प्रवक्ता

पुरुषोत्तम सिंह इंटर कालेज मोहम्मदाबाद कालेज के प्रवक्ता कृष्ण वीर सिंह ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में पश्न पत्र को हल करते समय छात्र विशेष ध्यान प्रश्न के उत्तर पर हो, जिन प्रश्नों के उत्तर ज्ञात हो, उन प्रश्नों को पहले लिखें। समय का सद्प्रयोग करें। विषयों में खण्ड काव्य व दीर्घ उत्तरी प्रश्नों को ध्यान से पढ़े। सुलेख पर भी ध्यान रखें। तैयारी करने के लिए हर प्रश्न के उत्तर घर पर लिख लिखकर याद करें।


संदीप कुमार यादव, शिक्षक

डीपीएस मूसाखिरिया विद्यालय जहानगंज के समाजिक विज्ञान शिक्षक संदीप कुमार यादव ने बताया कि समाजिक विज्ञान के पेपर में बेहतर अंक पाने के लिए उत्तरों को बुलेट पांइटस में लिखे। महत्वपूर्ण तिथियों, नामों को रेखांकित करें, और पैराग्राफ की जगह डायग्राम या फ्लोचार्ट का उपयोग करें, उत्तर सीधे और सटीक होने चाहिए। दो अंक के प्रश्न के लिए 30-40 शब्द और बढ़ाकर लिखे।


सुरजीत कुमार, छात्र

मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कालेज कक्षा 12 के छात्र सुरजीत कुमार ने बताया कि सामाजिक विज्ञान विषय में हमारे विद्यालय के अध्यापकों द्वारा बहुत अच्छी तैयारी कराई गई है, इतिहास से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियां को कंठस्थ कराया गया है तथा मानचित्र भरने की भली भांति जानकारी भी दी गई है। विद्यालय में जो भी पढ़ाई जाता है मैं उसको घर जाकर अच्छे ढंग से रिवीजन करके याद करता हूं।

# ट्राई साइकिल पाकर दिव्यांगों के खिल उठे चेहरे


ट्राई साइकिल वितरित करते राकेश साध आदि

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

एसएन साध ट्रस्ट द्वारा डॉ. रजनी सरीन के संयोजन में आयोजित दिव्यांग शिविर निकट एनऐकेपी डिग्री कॉलेज के सामने सेवा केन्द्र पर शिविर में जयपुर फुट नामक संस्था भगवान महावीर दिव्यांग सहायता समिति के विशेषज्ञ मनीष, गनेश, विनोद, दिनेश, अवधेश, सीएस मालखानी, लोकेश, रमाकांत, होल्डर, राजन, ईएनटी के स्पेशलिस्ट डॉ. शिखर सक्सेना तथा उनकी टीम परीक्षण कर मरीजों को ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क दवायें तथा कान की मशीन दी। प्रमुख ट्रस्टी राकेश साध, चमकेश साध मौजूद रहे। मधु साध, प्रिया साध, रीतेश साध, राहुल साध, अमर साध, उदयपाल, विजय कुमार, आकाश सिंह कश्यप, रोहित गर्ग, राहुल कश्यप, नितिन कश्यप, रजत कश्यप, सुजीत श्रीवास्तव, अमन, नरेश, जगदीश, रोविन, शेखर साध, बाशु ने अपनी सेंवायें दी। शिविर में टोटल 220 रजिस्ट्रेशन हुये जिसमें व्हीलचेयर 16, बैशाखी 28, कैलीपर 27, वॉकर 14, वाकिंग सिटक 33, कृत्रिम पैर 14, कृत्रिम हाथ 4, कॉन की मशीन 80, जूते 26 जोड़ी उपकरण बांटे गये।

## डीएम ने ग्राम पंचायत याकूतगंज का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने ग्राम पंचायत याकूतगंज वि.ख. बढ़पुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने ग्राम पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत में चल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। फार्मर रजिस्ट्री, एस.आई.आर. की प्रगति की जानकारी ली। पंचायत भवन में वृक्षारोपण करने के निर्देश दिये। जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना व उनके निराकरण के लिये संबंधित को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारी व सबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


बैठक लेते डीएम

## सूचना

मैंने अपने पुत्र रोहित के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। रामरतन पुत्र जयराम निवासी नगला मन्न, थाना नवाबगंज, जनपद-फर्रुखाबाद।

## आईजी किरण एस संग गोला शिव मंदिर कॉरिडोर का निरीक्षण, नीलकंठ मैदान में वॉलिंटियर्स को किया संबोधित

# 'सुरक्षा, विश्वास और व्यवहार तीनों संभालना जरूरी' : कमिश्नर विजय विश्वास पंत

**महाशिवरात्रि से पहले प्रशासन अलर्ट**



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** आगामी महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। इसी क्रम में मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) किरण एस के साथ गोला स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर कॉरिडोर का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन तथा श्रद्धालुओं की मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, पुलिस अधीक्षक ख्याति गर्ग, मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार, उपजिलाधिकारी (एसडीएम) गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी (सीओ) गोला रमेश तिवारी, प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने निर्देश दिए कि महाशिवरात्रि पर संभावित भारी भीड़ को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने दर्शन व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने, मंदिर परिसर व मार्गों पर स्वच्छता बनाए रखने तथा स्वास्थ्य व आपातकालीन सेवाओं को सक्रिय मोड में रखने पर विशेष बल दिया। निरीक्षण उपरांत नीलकंठ मैदान में आयोजित कार्यक्रम में वॉलिंटियर्स एवं ड्यूटी में तैनात कर्मियों को संबोधित करते हुए कमिश्नर ने सेवा भाव को सबसे महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि त्यौहार ड्यूटी केवल ट्रैफिक प्रबंधन तक सीमित नहीं होती, बल्कि इसमें मानवीय व्यवहार की भी बड़ी भूमिका होती है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा : 'हमें सिर्फ ट्रैफिक संभालना ही नहीं, बल्कि सुरक्षा के साथ श्रद्धालुओं का विश्वास बनाए रखना और व्यवहार को भी सकारात्मक रखना है। किसी भी विपरीत परिस्थिति में भी एक दिन के लिए, अपने व्यवहार को श्रेष्ठ रखें। आईजी किरण एस ने सुरक्षा प्रबंधों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों की सतत निगरानी तथा कंट्रोल रूम को पूर्ण रूप से सक्रिय रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। गत वर्ष महाशिवरात्रि एवं सावन माह के दौरान अत्यधिक भीड़ के चलते कुछ स्थानों पर अस्थायी अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई थी तथा बैरिकेडिंग क्षतिग्रस्त होने की घटनाएं भी सामने आई थीं। इसी अनुभव को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष प्रशासन ने पूर्व तैयारी को प्राथमिकता दी है। मजबूत बैरिकेडिंग, चरणबद्ध प्रवेश व्यवस्था तथा अतिरिक्त सुरक्षा बल की तैनाती सुनिश्चित की जा रही है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्य द्वार, दर्शन मार्ग, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग स्थलों एवं वैकल्पिक यातायात मार्गों का भी जायजा लिया।

## नाम बदलकर युवती से कथित शादी, शोषण और धर्म परिवर्तन के दबाव का आरोप, मुकदमा दर्ज

**समृद्धि न्यूज़, पलिया कलां खीरी।** पलिया क्षेत्र में नाम बदलकर युवती से कथित शादी करने, शारीरिक व मानसिक शोषण करने और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पीड़िता ने कोतवाली पलिया में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि करीब एक वर्ष पहले सोशल मीडिया के जरिए उसकी पहचान खुद को शिवम शर्मा बताने वाले युवक से हुई थी। उस समय पीड़िता नाबालिग बताई जा रही है। आरोप है कि कुछ ही दिनों में युवक ने विश्वास में लेकर उससे कथित रूप से शादी कर ली। पीड़िता के अनुसार शादी के कुछ समय बाद वह गर्भवती हो गई। आरोप है कि बाद में उसे डरा-धमकाकर जबरन दवाइयां देकर गर्भपात भी करा दिया गया। इसके बाद करीब एक वर्ष तक उसके साथ मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न किया गया। पीड़िता ने शिकायत में यह भी आरोप लगाया कि बाद में युवक काम के बहाने बाहर चला गया और फोन पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाने लगा। जांच के दौरान उसे पता चला कि युवक का असली नाम रसद पठान पुत्र इसरार है जो पलिया के मोहल्ला माहिगिरान का निवासी बताया गया है। पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई, जिससे वह काफी भयभीत हो गई थी। इसके बावजूद उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मामले में पुलिस अधिकारियों के अनुसार शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## खबरें एक नजर में

### विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता ने मैलानी के लिए रोडवेज बस स्टैंड की मांग उठाई



**समृद्धि न्यूज़, मैलानी-खीरी।** मैलानी नगर पंचायत के लिए एक ऐतिहासिक पहल करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता ने बृहस्पतिवार को मैलानी में रोडवेज बस स्टैंड स्थापित किए जाने की मांग को प्रमुखता से उठाया। उनकी इस पहल का नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी सहित क्षेत्र की समस्त जनता ने जोरदार स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी ने इस संबंध में एक औपचारिक पत्र अनूप गुप्ता को सौंपा था। पत्र प्राप्त होते ही उन्होंने तत्परता दिखाते हुए जनहित से जुड़ी इस महत्वपूर्ण मांग को संज्ञान में लिया और सदन में प्रभावी ढंग से उठाया। इसे मैलानी क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस मांग को लेकर मैलानी नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर में लंबे समय से रोडवेज बस स्टैंड बंद होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कई बार मांग उठी, लेकिन मामला सदन तक प्रभावी रूप से नहीं पहुंच सका। नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी के कार्यभार संभालने के बाद से नगर व क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। अब बस स्टैंड की मांग उठने से लोगों की उम्मीदें और बढ़ गई हैं। पहले पलिया या अन्य स्थानों से आने वाले यात्रियों को मैलानी तिराहे पर उतरना पड़ता था, जहां से उन्हें अतिरिक्त किराया देकर रिक्शा या अन्य साधनों से नगर तक आना पड़ता था। यदि यह मांग स्वीकृत होकर बस स्टैंड का संचालन शुरू होता है, तो मैलानी एवं आसपास की जनता को बड़ी राहत मिलेगी। फिलहाल इस पहल से क्षेत्रवासियों में खुशी और उम्मीद का माहौल बना हुआ है।

### कुत्ता से टकराकर बाइक सवार दो युवक घायल एक युवक ट्रामा सेंटर रेफर

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग पूरवा औसान सिंह प्राथमिक विद्यालय के सामने गुरुवार की सुबह बाइक सवार कुत्ता से टकराकर दो युवक घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस सेवा वाहन के कर्मियों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जहां पर चिकित्सक द्वारा एक युवक के दाहिने पैर में गंभीर चोट को देखकर ट्रामा सेंटर मिर्ज़ापुर के लिए रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव निवासी 35 वर्षीय महेश दुबे बाइक से अपने साथी पुरवा औसान सिंह गांव निवासी 38 वर्षीय सतीश के साथ ड्रमण्डगंज की तरफ जा रहे थे की जैसे ही हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग के पुरवा औसान सिंह गांव के प्राथमिक विद्यालय के सामने पहुंचे की बाइक के सामने अचानक कुत्ता आ जाने के कारण बाइक सवार कुत्ते से टकराकर बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 पर सूचना दिया। मौके पर पहुंचे एम्बुलेंस सेवा वाहन के ईएमटी राजकुमार व पायलट दिलीप यादव ने दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सतीश के दाहिने पैर में गंभीर चोट को देखते हुए ट्रामा सेंटर मिर्ज़ापुर के लिए रेफर कर दिया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की बाइक सवार दो युवक कुत्ता से टकराकर उपचार के लिए एम्बुलेंस से आये थे। एक युवक के पैर में गंभीर चोट को देखते हुए ट्रामा सेंटर मिर्ज़ापुर के लिए रेफर कर दिया गया है।

### अपना दल एस की मासिक बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर



**हलिया (मिर्जापुर)।** अपना दल एस पार्टी के छानबे विधानसभा की मासिक समीक्षा बैठक हलिया स्थित शशिकांत सिंह पटेल के आवास पर सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव शशिकांत सिंह रहे। इस दौरान डॉ भीम राव अम्बेडकर व अपना दल एस के संस्थापक स्व0 डॉ सोनीलाल पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने व आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने, जनसंपर्क अभियान चलाने तथा क्षेत्रीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

## ग्यारह अनाथ कन्याओं का विवाह कराने का संकल्प, क्षेत्र में चर्चा का विषय बने रमाशंकर

**निघासन खीरी।** क्षेत्र के कामतानगर निवासी रमाशंकर इन दिनों अपनी मानवीय पहल को लेकर चर्चा का विषय बने हुए हैं। उन्होंने 11 अनाथ एवं बेसहारा कन्याओं के विवाह का संपूर्ण खर्च स्वयं वहन करने का संकल्प लिया है। उनकी इस घोषणा के बाद क्षेत्र में सराहना का माहौल है। रमाशंकर ने बताया कि वह लखनऊ में ठेकेदारी के साथ पुट्टी-पेंट आदि का व्यवसाय करते हैं। उनका कहना है कि वह स्वयं एक साधारण मजदूर परिवार से आगे बढ़े हैं। ईश्वर की कृपा से मिली सफलता के बाद उनके मन में समाज के लिए कुछ करने का विचार आया। इसी सोच के साथ उन्होंने अनाथ कन्याओं के विवाह का जिम्मा उठाने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि आगामी 21 अप्रैल तक 11 जरूरतमंद एवं अनाथ कन्याओं के विवाह संपन्न कराए जाएंगे। प्रत्येक जोड़े पर करीब दो लाख इक्कावन हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। कन्याओं को मोटरसाइकिल, बेड, गद्दा, फ्रिज, वॉशिंग मशीन सहित अन्य घरेलू उपयोग की वस्तुएं दी जाएंगी, ताकि वे नए जीवन की शुरुआत सम्मान और आत्मनिर्भरता के साथ कर सकें। रमाशंकर ने कहा कि भले ही वह इन कन्याओं के माता-पिता का स्थान नहीं ले सकते, लेकिन प्रयास रहेगा कि उन्हें किसी कमी का अहसास न हो। इसके लिए उन्होंने ऐसे जरूरतमंद जोड़ों की तलाश शुरू कर दी है, जिनके माता-पिता नहीं हैं और जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। अचानक सुर्खियों में आए रमाशंकर की इस पहल को लोग मानवता की मिसाल बता रहे हैं।

## आत्महत्या के लिए उकसाने के चर्चित प्रकरण में पुलिस की कार्रवाई तेज

- पांच दिन बाद एक नामजद आरोपी गिरफ्तार
- नौ के खिलाफ दर्ज था मुकदमा, वायरल वीडियो व बैंक लेन-देन समेत अन्य साक्ष्यों पर गहन विवेचना जारी




**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**

लखीमपुर खीरी के मैलानी थाना क्षेत्र के भीरा कस्बे में युवक सुमित गुप्ता को कथित रूप से बंधक बनाकर उत्पीड़न करने और ज़हर खाने के लिए मजबूर करने के चर्चित प्रकरण में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। घटना के पांच दिन बाद नामजद नौ आरोपियों में से एक को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

पुलिस के अनुसार, भीरा निवासी सुमित गुप्ता की पत्नी प्रियंका गुप्ता की तहरीर पर दर्ज मुकदमे में नगर पंचायत अध्यक्ष पति संजय शुक्ला, एक बैंक शाखा प्रबंधक सहित कुल नौ लोगों को नामजद किया गया था। आरोप है कि लोन सेटलमेंट और पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद के दौरान सुमित गुप्ता को बंधक बनाकर शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना दी गई, जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था। बाद में युवक द्वारा ज़हर खा लेने से उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी।

इसी प्रकरण में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी सतेन्द्र यादव उर्फ ललतू पुत्र स्व. शारदा प्रसाद निवासी वार्ड नंबर 9, गुरुनानक नगर, कस्बा व थाना भीरा को खुटार मार्ग स्थित गाड़ीघाट पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से आगे की विधिक कार्रवाई की गई।

थाना मैलानी प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मौर्य ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। वायरल वीडियो, बैंक लेन-देन, कॉल डिटेल व अन्य साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण की गहन विवेचना जारी है। मृतक के परिजन सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई की जा रही है और प्रकरण में दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## गौरीफंटा बॉर्डर पर एसएसबी की बड़ी कार्रवाई जिंदा कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, गौरीफंटा खीरी।**



इंडो-नेपाल सीमा स्थित गौरीफंटा चेक पोस्ट पर सशस्त्र सीमा बल को चेकिंग के दौरान बड़ी सफलता मिली है। नेपाल से भारत आने-जाने वाले यात्रियों की सघन जांच के दौरान एक व्यक्ति के पास से पिस्टल के जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 10 फरवरी 2026 को शाम करीब 7:15 बजे एसएसबी टीम एक्स-रे बैगेज मशीन के माध्यम से यात्रियों के सामान की जांच कर रही थी। इसी दौरान नेपाल की ओर से आ रहे एक संदिग्ध व्यक्ति के बैग की जांच करने पर पिस्टल के 10 जिंदा कारतूस बरामद हुए।

पकड़े गए व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम नरेश कुमार पुत्र महावीर सिंह निवासी गल्ला पट्टी किठाना थाना राजौन जनपद कैथल (हरियाणा) उम्र करीब 39 वर्ष बताया। आरोपी ने बताया कि बरामद कारतूस उसके 32 बोर पिस्टल के हैं। हालांकि प्रारंभिक जांच में यह पाया गया कि लाइसेंस होने के बावजूद नेपाल से भारत कारतूस लाना-ले जाना नियमों के विरुद्ध है जिसे अवैध माना गया है। एसएसबी टीम ने आरोपी व्यक्ति और बरामद चम्र 7.65 के 10 जिंदा कारतूस को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए थाना गौरीफंटा पुलिस को सौंप दिया है।

सीमा क्षेत्र में लगातार बढ़ाई जा रही सुरक्षा सख्ती के बीच यह कार्रवाई सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता और मुस्तैदी को दर्शाती है।

## खेतों में घूम रहा तेंदुआ पिंजरे में हुआ कैद, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**निघासन खीरी।** उत्तर निघासन वन रेंज क्षेत्र के नौरंगाबाद गांव के पास पिछले कई दिनों से खेतों में घूम रहा तेंदुआ गुरुवार सुबह वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में कैद हो गया। तेंदुए के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों और किसानों ने राहत की सांस ली है। नौरंगाबाद फार्म के आसपास बीते कुछ दिनों से तेंदुए की मौजूदगी लगातार देखी जा रही थी। सुबह-शाम खेतों की ओर जाने वाले किसानों में दहशत का माहौल था। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना देकर तेंदुए को पकड़ने की मांग की थी।



सूचना पर सक्रिय हुए वन विभाग ने क्षेत्र में दो स्थानों पर पिंजरे लगाए थे और लगातार निगरानी की जा रही थी। गुरुवार सुबह तेंदुआ एक पिंजरे में फंस गया। इसकी जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षा के मद्देनजर क्षेत्र को घेर लिया।

रेंजर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार तेंदुए का स्वास्थ्य परीक्षण कर उसे सुरक्षित जंगल क्षेत्र में छोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि एहतियातन आसपास के गांवों में निगरानी बढ़ा दी गई है और ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

तेंदुए के पकड़े जाने के बाद गांव में खुशी का माहौल है। किसानों का कहना है कि अब वे बिना भय के खेतों में जा सकेंगे।

वन विभाग की तत्परता से संभावित हादसे को टाल दिया गया।

## देशव्यापी हड़ताल का असर : श्रम कानूनों में बदलाव के विरोध में बैंक कर्मचारियों का प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**

केंद्रीय श्रमिक संगठनों के आह्वान पर गुरुवार को देशभर में व्यापक हड़ताल का असर देखने को मिला। भारत के 10 केंद्रीय श्रम संगठनों से जुड़े लगभग 25 से 30 करोड़ कर्मचारी हड़ताल पर रहे, जिससे करीब 100 करोड़ रुपये के लेनदेन के प्रभावित होने का अनुमान है।

इसी क्रम में लखीमपुर खीरी में बैंक कर्मचारियों ने भी हड़ताल में सक्रिय भागीदारी की। कर्मचारियों ने इंडियन बैंक के मंडलीय कार्यालय के समक्ष एकत्रित होकर सरकार द्वारा श्रम कानूनों में किए गए बदलावों के विरोध में जोरदार



प्रदर्शन किया और नारेबाजी कर अपनी नाराजगी जताई।

सभा को संबोधित करते हुए यूपी बैंक इंप्लाइज यूनियन लखीमपुर इकाई के अध्यक्ष अनुराग पांडे और सचिव अतुल मेहरोत्रा ने कहा कि श्रम कानूनों में किए जा रहे परिवर्तन कर्मचारियों के हितों के प्रतिकूल हैं, जिन्हें किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने कर्मचारी विरोधी नीतियों को वापस नहीं लिया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

इस अवसर पर शैलेंद्र कश्यप, लायक गिरि, अनिल वर्मा, रोहित वर्मा, राज गांधी, राहुल सहित कई कर्मचारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में आनंदी, साधना, मोनिका, अनिल शर्मा, सुशील यादव सहित बड़ी संख्या में महिला कर्मचारियों की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही।

हड़ताल के चलते बैंकिंग कार्य आंशिक रूप से प्रभावित रहा और आमजन को लेनदेन संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## प्राथमिक विद्यालय रोशनहर के बच्चों का किया गया नि:शुल्क स्वास्थ परीक्षण

**अहरौरा (मिर्जापुर)।** प्राथमिक विद्यालय रोशनहर के बच्चों का गुरुवार



को जमालपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से आई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने निः शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया। और स्वस्थ रहने के टिप्स भी दिए। प्राथमिक विद्यालय रोशनहर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चों का वजन , लम्बाई के साथ ही दांत, कान, नाक आंख का परीक्षण किया सभी बच्चे स्वस्थ पाए गए। इसके साथ डा सतेन्द्र सिंह ने बच्चों को साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने, बाल छोटे रखने, नाखून नियमित काटने, के टिप्स भी दिए और कहा की संतुलित भोजन लेने और साफ सफाई करने से हम स्वस्थ रहते है।

स्वास्थ विभाग की टीम में डा सतेन्द्र सिंह, डा मनोज चतुर्वेदी, डा रेवती, नेत्र सहायक राधिका, प्रीति, स्टाफ नर्स रुचि रही। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविन्द कुमार त्रिपाठी, सहायक राजन अवस्थी, गीता विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य परीक्षण में टीम का सहयोग किया।

## धर्मगुरुओं व पीस कमेटी की बैठक कर त्यौहारों को आपसी भाई-चारे के साथ मनाने की अपील

- किसी अप्रिय घटना की आशंका होने पर जिला प्रशासन को करायें अवगत: जिलाधिकारी
- अराजकता फैलाने, सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने, वर्चुअली या प्रत्यक्ष रूप से गड़बड़ी करने वालों पर रखी जाएगी दृष्टि: पुलिस अधीक्षक



**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा संयुक्त रूप से पुलिस लाइन सभागार कक्ष में आगामी त्योहारों शिवरात्रि, रमजान सहित अन्य त्यौहारों को सकुशल एवं निर्बाध रूप से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जनपदीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारीगण तथा विभिन्न धर्मगुरूओं/पीस कमेटी के पदाधिकारीगण के साथ बैठक की गई। इस दौरान आगामी त्योहारों को आपसी भाई-चारा के साथ शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु अपील की गयी तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने सभी से अपील करते हुए कहा कि किसी भी नई परम्परा की शुरूआत न करे। उन्होंने कहा कि यदि कोई आवंछनीय वस्तु, व्यक्ति जो माहौल को बिगाड़ने का प्रयास कर रहा है तो उसकी सूचना जिला प्रशासन व पुलिस अधिकारियो को दे उन पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी अप्रिया घटना की आशंका होने पर जिला प्रशासन को अवगत कराये। उन्होने कहा कि कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में नही लेगा। उन्होंने कहा कि जिन-जिन स्थानों पर होलिका दहन होता है उन्हे सभी क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी भ्रमण कर निरीक्षण कर ले सभी आवश्यक पहले दुरूस्त कर लें। पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक ने कहा कि सभी लोग शान्तिपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाये।

## टोल प्लाजा पर ड्राइवरों ने काटा बवाल, आड़े-तिरछे वाहन खड़ा कर किया राष्ट्रीय राजमार्ग जाम

- टोल कर्मियों और ट्रक ड्राइवरों के बीच हुई हाथापाई
- इंस्पेक्टर लालगंज ने मौके पर पहुंचकर सुलझाया मामला

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्ज़ापुर)।**



लालगंज थाना क्षेत्र के नेशनल हाई-वे राष्ट्रीय राजमार्ग रीवा मिर्ज़ापुर पर अतरैलाराजा स्थित टोल प्लाजा पर गुरुवार की सुबह नौ बजे के करीब ट्रक ड्राइवरों ने जमकर बबाल काटा। इस दौरान ट्रक ड्राइवरों ने सड़क पर आड़े तिरछे वाहन खड़ा कर आवागमन अवरुद्ध कर दिया। कहासुनी के दौरान टोल कर्मियों और ट्रक ड्राइवरों से हाथापाई शुरू हो गई। जिसमें ट्रक ड्राइवर श्माम बिहारी राजपूत 30 निवासी तोमड़िया थाना आवला जिला बरेली घायल हो गया। टोल प्लाजा पर नेशनल हाई-वे जाम की सूचना पर बरौंधा चौकी इंचार्ज संजय कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर शांति व्यवस्था कायम करने में जुट गए। उल्लेखनीय है कि जाम के चलते टोल प्लाजा के दोनों तरफ किलोमीटरों तक वाहनों की कतार लग गई। मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे लालगंज इंस्पेक्टर अभय कुमार सिंह ने जाम लगाए ड्राइवरों को समझा बुझाकर जाम खोलवाया। तब जाकर आवागमन सामान्य हुआ। ट्रक चालक श्याम बिहारी की तहरीर पर थाना प्रभारी ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। टोल मैनेजर रिषी कुमार शुक्ल ने बताया कि एक ही कंपनी की चार गाड़ियां आगे पीछे लगी थी। एक वाहन के ओवरलोडिंग होने का टोल कर्मियों द्वारा शुल्क मांगे जाने पर ड्राइवरों ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया। और टोल के आगे पीछे वाहन खड़ा कर आवागमन को अवरूद्ध कर दिया। घंटों जद्दोजहद के बाद लालगंज इंस्पेक्टर अभय कुमार सिंह के समझाने बुझाने पर मामला शांत हुआ। मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभारी निरीक्षक ने चौकी इंचार्ज बरौंधा को निर्देशित किया। इस दौरान टोल कर्मियों को चेतावनी दी कि अगर इस तरह की दुबार पुनरावृत्ति हुई तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।